करत वंदना जव प्रभु काजैं, ऊंचे आगुल[2] चवलौ[3] राजैं ॥२८६॥
वहुरि समै संध्यारज वरषैं, गृहण सु उलकापातहि परषैं।
चमकत वीज मेघ वहु गरजें, तवहूं वाचत नहि मुनिवर जे ॥२८७॥
विनहीं काल सुद्ध हू भाषैं, तेहू फल आछे नहि चाषैं।
अध्यातम सिधांत आचार[1], गृंथ प्रायश्चित किरियासार ॥२८८॥
विनि विधि वाचन तजौ प्रसंगा[1], फुनि ह्वै कोय विसंघी संघा[2]।
तिन हूं कै संगि वाचत नांही, यह गुर नीकैं सीष वतांही ॥२८९॥
करत प्रायश्चित जे मुनि चोषा, सास्त्र मांझि देखि वह दोषा।
'माफिक गृंथ प्रायश्चित देणां'[1], घटि वढि देय[2] दोष क्यौ लेणां ॥२९०॥
गणधरांनि की तौ गुर-भक्ति, करि अति नमसकार कैं जुक्ति।
मुनि नवींन दीक्षत ह्वै ताहि, वंदन प्रति वंदनां कराहि ॥२९१॥

मुनि सास्त्र-करता नांम-वर्नन

अरिल[1] : भद्रवाहु श्रीचंद वहुरि जिनचंद है,
तिनकी मुनिवर-गन मैं वुधि अमंद है।

---

२८३ : १ वस्तकांनि।
२८४ : १ दूषण।
२८६ : १ उतकृष्ट। २ आंगुल। ३ चउलौ।
२८८ : १ आचार
२८९ : १ प्रसंग। २ संग।
२९० : १ 'माफिक दोष प्रायश्चित देणा'। २ देइ।
२९२ : १ छंद अरिल।

गृधपछि[२] फुनि लोहाचारिज नाम हैं,
ऐलाचारिज पूजिपाद अभिरांम है ॥२६२॥
वड़े कवीस्वर[१] वीरसेनि[२] जिनसैंनि[३] है,
इक दस ऐं गुणनंदि भले त्तिनु वैंन हैं।
सुभतिभद्र श्रीकुंभ अवर सिवकोटि ऐ,
कहे सिवायन विस्वसेन जग वोटिऐ ॥२६३॥
गुणभद्राचारिज गुण अधिक विराज हीं,
है अकलंक रु सोमदेव छवि छाजही।
प्रभाचंद अरु[१] नेमचंद[२] मुनिराज है,
ऐ ईकईस[३] भऐ गुर धर्म-जिहाज है ॥२६४॥
इत्यादिक जे मूलसंघ-धारक मुनी,
जिनके रचे सासत्रिनि नांचत है दुनी।
तिनके वचननि वांचि मांनिवो जोग्य है,
जे मांनिहि ते जगमैं महानजोग्य है ॥२६५॥

दोहा : रचे जु संघाभास मुनि, गृंथ भले भी कोय।
तिनहि वाचिवो मांनिवो, जोग्य नही भवि लोय ॥२६६॥
कारण याकौ यह लषौ, वै कहि मीठी वात।
फुनि लुभाय वह काय कैं, निज मत मैं ले जात ॥२६७॥

अरिल[१] : पूर्वाचारिज वचन कहै सो मांनिऐ,
वीतराग के वचनतुल्य वे[२] जांनिऐं।
जांनन वाले भविया पंचम काल मैं,
वंदनीक ह्वै है गुर परम दयाल मैं ॥२६८॥
पहिलैं दर्व्य लंग कौ धारत है गुनी,
पीछैं ह्वै है भाव-लिंगधारी मुनी।
विन दर्वी वह व्रत हू करतौ होय जो,
वंदनीक नहि होय जगत मै सोय जो ॥२६९॥

---

२६२ : २ गृद्धपछि।
२६३ : १ कवीसुर। २ वीरसेन। ३ जिनसैंन।
२६४ : १ अरु। २ नेमिचंद। ३ इकईस।
२६५ : १ सासत्रनि।
२६८ : १ अरिल छंद। २ वैं।
२६९ : १ लिंग।

कवित्त : दर्व्य-लिंग कौ स्वरूप[१] यह जांनिऐं अनूप,
बिना वस्त्र होय ते दिगंवर[२] कहात है।
सिर डाढी मूछनि के केसनि की लौंच करै,
कांषादिक वाल वधे नजरि जे आत है॥
आभरण नांहि कमडल पीछी हाथ मांहि,
धरै यह रूप सव ग्रंथनि मै गात है।
दर्व्य है सुभाव ही कौ कारण प्रतक्ष[३] दीसै,
भाव है सु अध्यातम गोचर वतात हैं॥३००॥

सोरठा : मुद्रा जग मैं मांनि, विनि मुद्रा नहि मानि[१] ह्वै।
नृप मुद्रा करि जांनि, लघु नरकौं मांनैं वड़ो[२]॥३०१॥

छंद : यह भेद कहूं प्रतिमां के, लषि काछ आदि कछु ताकै।
वह स्वेतांवरी जु होई, काष्टासंघी ह्वै कोई॥३०२॥
ताकौ वंदन नहिं कीजे, परतिष्टा सुद्ध नही जे।
यातै वंदन वरजी जे, मुनि की विधि ऐ सुनि लीजे॥३०३॥
ह्वै रूप कुलंगी वाको, वंदन न करौ भवि ताकौ।
उपदेस तवै विपरीता, तातैं वरज्यौ यह मींता॥३०४॥

दोहा : जिह जिह कारिज तैं धर्म,[१] वधै सु करै सही सु।
माननीक ह्वै ते जती, निंदन जोग्य नही स[२]॥३०५॥

छंद चाल : मुनि पैं मुनि कोई आवै, आदर करि तिह वैठावै।
प्राघुनिकी विधि कर वांहीं, वढि चालै वरजै नांही॥३०६॥
पाटा पोथी पींछी वैं, विन मांगें नांही छीवै।
जव लौं वह संगि रहावै, भिष्या कौं भ्रमण करावै॥३०७॥
यह धर्म निरंतर भाष्यौ, मुनि राजनि सो अभिलाष्यौ।
फुनि निज गुर के आंवन की, विधि कंहूं तोहि[१] पांवन की॥३०८॥

---

३०० : १ सरूप। २ दिग्गंबर। ३ प्रतक्षा।
३०१ : १ मान्य। २ वडे।
३०५ : १ धरम। २ सु।
३०६ : १ छंद।
३०८ : १ होन।

गुर आत दूरि तैं देषै[1], वढि[2] निकटि जाय पद पेषै।
अनकूल[3] होय मुनि आगैं, करि नमसकार अनुरागैं ॥३०९॥
सेवा तिन की वहु करई, करि सुद्धभाव[1] अघ हरई।
नहि को या धर्म-समांनौं, यह सकल-सिरोमनि जांनौं ॥३१०॥

दोहा : दया करै गुर सिष्य पैं, पुस्तकादि जो देय।
भावसहित दुहूँ हाथि[1] लै, सिषि वंदना करेय ॥३११॥

चौपई : जौ लौं मरण करै जग मांहि, वचन दीनतां भाषै नांहि।
आजीवका निमत्ति जे मुनी, धर्म-ध्यांन छाड़ै नहि[1] गुनी ॥३१२॥

दोहा : षुध्या करि ह्वै दूवले, मैलौ होय सरीर।
ऐ भूषण हैं मुनिनु के, लाज मरै नहि धीर ॥३१३॥
मन करिकैं मुनि सुद्ध ह्वै सोही सुद्ध कहाय।
मन विनि तन सुध होत नहि, कोटि सनांन कराय ॥३१४॥

छप्पै : कार्य अकार्य विचार जांणते ह्वै सव भाषा।
सर्व सास्त्र कौ अर्थकरण[1] की है अभिलाषा॥
धर्म तणौं उपदेस दैंनवांरे[2] मुनिराई।
ह्वै गुणवांन जु कोय ताहि मांनौं सव भाई॥
फुनि होय सुद्ध मुनि निगुण हूं, मुद्रा लषि कैं मानिऐं।
श्रावग सु अवग्या साध[3] की मन वच तन नहि ठांनिऐं ॥३१५॥

सोरठा : धर्म तणौं व्यौहार, उपदेसी कै आसिरं।
है यातैं यह सार, जोग्य वात तुमकौं कही ॥३१६॥

छंद गीता : भक्त विसंघी कौ श्रावक जो भक्ति जुक्ति करि भोजन देय।
भोजन[1] भांड़[2] सुद्धता करि कैं तहां मुनीस अहार करेय॥

---

३०९ : १ देष्वै। २ उठि। ३ अनकूल।
३१० : १ भाव सुद्ध।
३११ : १ हाथ।
३१२ : १ नहीं।
३१५ : १ अरथकरण। २ वाले। ३ साधु की।
३१७ : १ भाजन। २ भंड।

भंड कहे मांटी के वासरण भाजन कांसी पीतल मांनि ।
तहां अहार ले न नहि वर ज्यौ दे सो ही वह उत्तिम[3] दांनि ॥३१७॥
श्रावक जो कदाचि अंसो ह्वै भाजन भंड तास घरि सुद्ध ।
ह्वै पाषंड़ी निंदनीक अति मुनिजन तै ते[1] धरहि विरूद्ध ॥
ता घरि भोजन करै नही मुनि जे धरमातम हैं गुन-षांनि ।
महापाप तै भरचौ अंन्न लषि करि निदांन वह छोड़त जानि ॥३१८॥

सोरठा : नहि भीटत सुमरंत, चित्र काठहू की तिया ।
तौ सांची तिय संत, छुप क्यौ लहै न आपदा ॥३१९॥

चौपई : चित्रहू[1] की तिय भींटी होय, तिंह दिन भोजन करै न कोय ।
जीमि वुवयो ह्वै जो मुनि संत, तौ वेलौ करि दोष हरंत ॥३२०॥
सपरस जिह्वा दीन्हौं दंड़, तिंह करि जग ठांनै पाषंड़ ।
तातैं व्रह्मचर्य कौं धरै, जती मनुष्य[1] ह[1] गुरण आचरै ॥३२१॥
मुनि श्रावक जो संघ मझारि, करै विघन तिंह देहु निकारि ।
सर्प डसं जो निज आंगुली, दूरि किऐं सु वचै विधि भली ॥३२२॥
सम्पक्र दसर्ण[1] करिहू सुद्ध, थोड़ो ही तप करत सुवुद्ध ।
ताही तपतैं कटिहै कर्म, तातैं पालहु समकित धर्म ॥३२३॥
समकित ग्यान चरित को मूल, या विनि मुक्ति न ह्वै अनकूल ।
मोषि तरणौं निज साधन ऐहु, और नही है भवि लष[1] लेहु ॥३२४॥
प्रतिकमरणौं[1] फुनि लौंच करंत, चौदसि आठैं आय पड़ंत ।
तौ तिथि है सराहिवा जोग्य, इनमैं कारिज होय मनोग्य ॥३२५॥
जिंह जिंह[1] वातां मैं गुरण घरणौ, ह्वै ताकौं वलवांन सु गिरणौं ।
या तैं सबही तिथि मैं जांनि, चौदसि आठै है अति मांनि ॥३२६॥

---

३१७ : ३ उत्तम ।
३१८ : १ जे ।
३२० : १ चित्रहु ।
३२१ : १ मुष्य । २ यह ।
३२३ : १ दर्शन ।
३२४ : १ लषि ।
३२५ : १ प्रतिक्रमरणौं ।
३२६ : १ जिहि ।

जिन जनमादिक तिथि फुनि क्रिया, वहुरि महींना सो मुषि लिया ।
जोग करण अर वार नषित्र, ऐ प्रधांन मति गिणहु विचित्र ॥३२७॥
चववा द्वै घटिका निसि रहई, तव पूर्वान[1] वंदना चहई ।
दोय घड़ी मध्यांन करांही, प्रभु-वंदन करि मन हरषांही ॥३२८॥
च्यारि घड़ी कौ है अपरांन[1], करि वंदना यहै परमांन ।
नमैं[2] आवैं नजरि नषित्र, तव समायक तजहु विचित्र ॥३२९॥
धर्म-काजि तिथि अधिकी[1] होय, सो ही कांम तणी गिणि लेहु ।
आदि अंत मध्य कौ भेद, करि सक्कति तैं तजो विनि षेद ॥३३०॥
जिहि तिथि विषै जु किरिया कीजे, वह किरिया ही मांनि कहीजे ।
क्रिया करण कौ ह्वै नहि काल, ग्रामादिक[1] कौं ह्वै जो चाल ॥३३१॥
तौ घटिका द्वै पहली क्रिया, करि लीजे दूषन नहि भिया ।
जो प्रमाद करि भूलि गएहु, तौ घटि द्वै पाछैं करि लेहु ॥३३२॥

दोहा : दिनि[1] घटिका छह चढि चुकै, तव स्वाध्याय सु आदि ।
किरिया सारो कीजियौ, पहलैं करहु न वादि ॥३३३॥

चौपई : भाषत ईंद्रनंदि मुनिराय, पूर्वाचार्यनु कौ मत पाय ।
थोड़ौ सो मारग यह कह्यौ, जो विस्तार लध्यौ तुम चहौ ॥३३४॥
तौ वनके[1] जो कीन्हे ग्रंथ, तिन मै देषि लेहु सुभ पंथ ।
तीर्थंकर-मत कौ अभिप्राय, सर्व कौंन करि जांन्यौ[2] जाय ॥३३५॥
ता तै वन की[1] आग्या संत, मांनै ते सुष लहै अनंत ।
या भव पर-भव-फल सुभ पाय, कर्मि-कर्मि सिव पहुचै जाय ॥३३६॥
अैसें सौभा करि वह मुनी, इँद्रनंदि आचारिज गुनी ।
जग मांहि जयवंतौ रहै, फुनि कैंसौ है सौ कवि कहै ॥३३७॥

कवित्त : परमत-वादी गजघटा दूरि करिवे कौं,
वांनी जाकी जगत मैं सिंघ कै समांन है ।

---

३२८ : १ पूर्वाह्न ।
३२९ : १ अपरांह्न । २ नभ ।
३३० : १ अधकी ।
३३१ : १ ग्रामांतर ।
३३३ : १ दिन ।
३३५ : १ उनके । २ A जोन्यौ ।
३३६ : १ उनकी ।

फुनि वहु जानत पदारथनि के सरूप,
देवनि कै मांनि धारैं निमत सुग्यान हैं॥
कुंदकुंदाचारिज गुरू के पद-सेवन तैं,
आगम आचार ग्रंथ मांझि सावधांन हैं।
वै ही इंद्रनंदि रच्यौ संसक्रत नीतिसार,
भाषा वषतेस करी ताही कै प्रमांन है॥३३८॥

अथ विसंघ उतपति-वर्नन

दोहा : यां ही मत्त[1] मैं नीसरे, संघ जिते जो और।
तिनहूं की उतपति वहुरि, सुनहु ठिकांनौं ठौर॥३३९॥
आभा यन मै पाइयतु[1], कछुक यक[2] जैन प्रकास।
ता तैं इनकौं मुनिनु मिलि, भाषे जैनांभास॥३४०॥

अथ संघ-नांम-वर्नन

दोहा : इक स्वेतांवर संघ फुनि, दूजौ द्रावड़ जांनि।
ज्यायनीय अरु कासटा, निपछ्य पंचमौं मांनि॥३४१॥
तिन मै तैं जे नीकसे, मत कितेक हठ ठांनि।
तिनहूं की आगें कछू, कहिहौं कथा वषांनि॥३४२॥
निकसे स्वेतांवर पथम, जे जे ठानी रीति।
कहौं ग्रंथ अनुसार तैं, सुनिऐ भवि करि प्रीति॥३४३॥

अथ भद्रवाहु चरित्रे न उक्तं

दोहा : भद्रवाहु के चरित मैं, जे भाषी मुनिराय।
सौ सव वाही ग्रंथ की, भाषा धरी वनाय॥३४४॥
गोवरधन मुनि कै भये, भद्रवाहु सिषि सार।
पाठी ग्यारह अंग के, चवदस[1] पूरव धार॥३४५॥
तिनकै संगि सदा रहैं, मुनि चौवीस हजार।
नगर अवंती कै निकटि, मालव देस मझार॥३४६॥

---

३३९ : १ मत।
३४० : १ पायइतु। २ यक।
३४५ : १ चउदस।

या नगरी उजेरिण कौ, चंद्रगुप्ति[1] नृप नांम।
धर्म-ध्यांन मैं निपुन निज, वहुरि देस पुर ग्रांम ॥३४७॥
एकैं निसि सोलह स्वपन[1], लषे जवैं महाराजि।
ग्राय सवैं मुनि कौं कहे, फल पूजन[2] कै काजि ॥३४८॥
भद्रवाहु भाषी नृपति, फल सुनिऐ चित लाय।
ग्रावत इँह ग्रव[1] काल मैं, ग्रैसैं ह्वै है राय ॥३४९॥

सोलह स्वपन[1]-वर्नन[2]

छंद गीता : स्वर-वृक्ष की साषा षिरत देषी स्वपन मैं भूप,
फल यह सुनौं ग्रागैं नृपति दीक्ष्या धरैं न ग्रनूप।
सूरिज लष्यौ जव ग्रस्त होत सु काल पंचम मांहि,
मुनिराज ग्यारह ग्रंग चौदह पूर्व धर ह्वै नांहि ॥३५०॥

दोहा : चन्द्र जु देष्यो छिद्रजुत, ताकौ फल यह जानि।
जिन-मत मांझि ग्रनेक मत, फटि हैं लीजे मांनि ॥३५१॥

छंद गीता : तुम सर्प[1] वारह फरण तणौं, देष्यो ग्रहो भूपाल।
फल लषहु वारह वरष कौ, पड़ि है वहुर भषि-काल ॥
उलटौ विमांन जु लष्यौ, जात सु रहै पंचम काल।
ता में विद्याधर स्वर[2]मुनी, चारण न ग्रावहि हाल ॥३५२॥
ऊग्यौ लष्यौ रौड़ीकमल सो, वैस्य जिनकौ धर्म।
पालि है फुनि छत्री[1] सु, व्रांह्मण तजैं जिन ग्रासर्म ॥
नांचते देखे भूत सो नर से यहैं स्वर[2] नीच।
ग्राग्या तणौं देष्यो उद्योत सु जिन धरम कै वीच ॥३५३॥
उपदेस जिन-भाषित करन वारे कहुं कहु होय।
मिथ्यत जैं है फैलि सो यामैं न संसय कोय ॥
देष्यो सरोवर वीच मैं सूको सु पांणी ग्रंत।
फल सुनहु जन्म कल्यांन ग्रादि सुषेत्र जांनि महंत ॥३५४॥

---

३४७ : १ चंद्रगुपति।
३४८ : १ सुपन। २ बूझन।
३४९ : १ ग्रब इंह।
३५० : १ स्वप्न। २ फल बनंन।
३५१ : १ सरप। २ सुर
३५३ : १ षित्री। २ सुर।

सो ही जु तीरथ जांनि फुनि जैंनी न ह्वै तँह कोय।
जिन-धर्म दक्षिण दिसि रहैगौ जाय हे भवि लोय॥
कूकर कनक के थाल मैं षातौ लष्यौ तैं षीर।
फल जांनि छोटी जाति लषिमी[1] वांन ह्वै हैं वीर॥३५५॥
गज परि[1] लष्यो मरकट चढयो फल यहै कुल जें हीन।
ह्वै भूप तिनके दास उत्तिम कुल तणें ह्वै दीन॥
मरजाद तजत लष्यो उदधि सो अव जु ह्वै भूपाल।
अन्याय करि लछिमी सवनि की हौं हि घूटनवाल[2]॥३५६॥
वहु वोझ कौ रथ वाछडे षंचते देषे सुद्ध।
फल तरुण वर्क्षादिक[1] करैं नहि करैं जे ह्वै वृद्ध॥
सुत लष्यो नृप कौ चढयों ऊट[2] सु फल जिके नृप लोय।
निज धर्म तजि हिंसादि-कर्म सु करहिं लज्जा षोय॥३५७॥
देषी ढकी[1] नृप धूलि तें रतनां तणी जो रासि।
फल मुनी आपस मांहि करि हैं ईरषा परकासि॥
फुनि जुद्ध-काले गजनि कौ देष्यो सु फल ये मेघ।
नहि वृष्टि मनवंछित करैं रहिवो करैं उद्वेग[2]॥३५८॥

दोहा : फल यम सोलह सुपिन कौ, सुनि नृप भये उदास।
चित वैराग विचारि कैं, दीक्ष्या[1] ले मुनि पासि॥३५९॥
रहन लगे सव संग ही, करत[1] तपस्या घोर।
फुनि जु भई सो हू सवै, सुनहु कथांनक और॥३६०॥
ऐकैं दिवसि अहार कौं, श्रावग कैं घरि जाय।
तहां ऐक अचिरज[1] लष्यो, भद्रबाहु मुनिराय॥३६१॥
लरिका देष्यो पालनैं, वोलन की विनि सक्ति।
जाह जाह असैं कही, ह्वै मुनि अचिरज-जुक्ति[1]॥३६२॥

---

३५५ : १ लषमी।
३५६ : १ पर। २ लूटनवाल।
३५७ : १ वरतादिक। २ ऊंट।
३५८ : १ लषी। २ उदवेग।
३५९ : १ दीक्षा।
३६० : १ कर।
३६१ : १ अचिरिज।
३६२ : १ जुक्त।

बूझी लरिका तैं मुनि, याकी अवधि वताय।
लरिकै फुनि[1] मुख तैं दये, वारह वरष जताय[2] ॥३६३॥
अंतराय करि कैं फिरे, उलटे ही मुनिराय।
आये वन मैं संघ-मधि, करत विचार सुभाय ॥३६४॥

चौपई : ताही समये निमत विचारी, भद्रवाहु वोले तिह वारी।
सव ही मुनि सुनिये गुनपाल, परिहै वारह वरष दुकाल ॥३६५॥
ता तैं दक्षिण दिसि कौं चलैं, वा दिसी धर्म सधैगो[1] भले।
तव वनमैं[2] तैं आधे मुनी, सांची मांनी जो गुर-भनी ॥३६६॥
तिन मैं भद्रवाहु अनगार, दूजे चन्द्रगुप्ति[1] ह्वै लार।
ऐ तौ द्वै उद्यांन[2] वन गये, लषि इक गुफा तास ढिगि रहे ॥३६७॥

दोहा : भद्रवाहु तौ अवधि लषि, लियो सकल संन्यास।
तप करि काल षियांवहीं, करि करि कैं उपवास ॥३६८॥

चौपई : तहां करत दोऊ उपवास, काल षिपावत धारि हुलास।
फुनि मुनि भद्रवाहु यह कही, जो पुर ग्रांम[1] नगर ह्वै नही ॥३६९॥
तौ अहार कौं वनि मुनि जाय, जोग मिलै तौ तहां कराय।
अैसैं कही जिनागम मांहि, सो हू करिये दूषन नांहि ॥३७०॥

सोरठा : यह सुनी गुर के वैंन, चंद्रगुपति वन जात निति।
तव अहार कौं दैंन, वन देवी इक आय करि ॥३७१॥
कवहू भोजन ठांनि, अंतरीछि वह ह्वै गई।
कवहु अकेंली आंनि, वैठी भोजन दैंन कौं ॥३७२॥
इँह विधि लषि मुनिराय, अंतराय करि करि फिरे।
तप किय मन वच काय, काहू भांति चिगे नही ॥३७३॥
गाढ परीक्षा मांहि, लषि देवी नगरी रची।
तहां अहार करांहि, मायामय श्रावगनि कै ॥३७४॥

---

३६३ : १ फिरि। २ बताय।
३६६ : १ सधैगौ। २ उनमैं।
३६७ : १ चंद्रगुपति। २ उद्यांन।
३६९ : १ ग्राम।

फुनि कछु काल षिपाय, भद्रवाहु सुरगनि गये।
गुर-पादि[1] कराय, चंद्रगुप्ति[2] पूज्यो करैं ॥३७५॥
कवहु अहारहि जात, कव हू वपवास हि करैं।
तप करि कर्म षियात, इम वीते वारह वरष ॥३७६॥

चौपई : और विसाषाचारिज आदि, सिषि हजार वारह कछु वादि।
सव ही दक्षण दिसि कौं जाय, पाल्यो धर्म सु मन वच काय ॥३७७॥
वीतैं अवधि विसाषाचारिज, संघ जुत जहां पादिका-वारिज।
आय पूजि पादिका जुपति[1] सौं, चंद्रगुपति मुनि मिले भगति सौं ॥३७८॥
बूझी तुम अहार किह रीति, वन मैं लेत कहौ करि प्रीति।
चंद्रगुपति कही नगर वसंत, वन मैं तहां अहार करंत ॥३७९॥
फुनि जे आये मुनि विनि वास, तिनु तिह दिन कीन्हौ वपवास[1]।
दिवसि पारणे कै अनगार, किते गये पुरि लैन अहार ॥३८०॥
तिन मैं यक[1] पीछी धरि तरु पैं, लेय अहार गयो वन गुर पैं।
यादि आ गई पीछी जव ही, उलटौ लैन चल्यो वह तव ही ॥३८१॥
तरु परि पीछी लषी महांन, लष्यो न पुर कौ आही ठांन।
तव यह वात सवै गुर पासि, आय[1] कही जिम भई प्रकासि ॥३८२॥
वोले गुर तुम विना विचार, लीन्हौं मायामई अहार।
पैं तुम चंद्रगुपति धनि मुनी, गाढे रहे धर्म मैं गुनी ॥३८३॥
तुम्हरौ लषि कैं गाढ अपार, देवि जुक्ति सौं दयो अहार।
पैं याकौं यह प्राछित भयो, सो तुम मुनि-पद धारो[1] नयो ॥३८४॥
करि छेदोपसथापन नवैं[1], दीक्षा लीजे फिरि तुम अवैं।
तव ऐ गुर के उर धरि वैंन, दीक्ष्या[2] चंद्रगुप्ति लई अंन ॥३८५॥

---

३७५ : १ पादिका। २ चंद्रगुपति।
३७८ : १ जुगति।
३८० : १ उपवास।
३८१ : १ इक।
३८२ : १ आई।
३८४ : १ धारौ।
३८५ : १ जवें। २ दीक्षा।

अौर मुनी जे लारै गये, तिनहूं सवनैं प्राछित लये।
जथाजोग्य गुर-अाग्या पाय, तप कीन्हौं तिनु मन वच काय ॥३८६॥

दोहा : नही गये दक्षिण दिसा, रहे यहां मुनि संत।
थूलभद्र फुनि रायमल, इन दै अादि महंत ॥३८७॥

चौपई : रहे मुनी जे विना विचार, यही मालवा देस मझार।
दुरभष्य पड्यौ सु संसय नांहि, अति भयभीत भये मन मांहि ॥३८८॥
नगरी मैं अहार कौं जाय, भूषे मनिष लगैं तहां अाय।
करि अहार यक मुनी निसंक, अावत लषि दौरे वहु रंक ॥३८९॥
सव मिलि वाकौ पेट विदारि, षायो काढि जु लयो अहार।
तव श्रावकनि सुनी यह वात, कंपन लगे जांनि उतपात ॥३९०॥
जाय मुनिनु सौं विनती करी, अहो सुनहु हम यह चितधरी।
लाठी पात्रा राषो हाथि, ले अहार जावो मिलि साथि ॥३९१॥
वन मैं भोजन करिये भलैं, तौ ऐ रंक टलैं तौ टलैं।
अैसैं हूं कितेक दिन कीन्ह, तौ हू रंकनि अति दुष दीन्ह ॥३९२॥
तव फिरि पचन मिलि यम कही, निसि भोजन ले जावो सही।
प्रातः अहार करो मुनिराज, सीत उक्ष्म[1] की करहुं[2] न लाज ॥३९३॥
अैसें करत ऐक निसि मुनी, अाऐ इक श्रावग कै गुनी।
डरि इक तिय राक्षस-सम हेरि, गर्भ गिरचो ता को तिह वेरि ॥३९४॥
यह फुनि सुनि पंचनि मिलि अाय, करि मुनिनु तैं अरज सुभाय।
हे महाराज्य सुनौ अव ऐहु, अाधो अाधो कंम्मल लेहु ॥३९५॥
सिर परि धारो वेठो ताहि, तौ हमरो यह दुष मिटि जाहि।
तव अैसें ही वनु मिलि करी, मरजादा सव ही परहरी ॥३९६॥
सव मिलि करी न काहू चैहरचौ, तव तैं अर्धफालक-मत ठेंहरचो।
या विधि सौं अहार ले जांही, वन मैं सीलौ[1] भोजन षांही ॥३९७॥
तौहू रंक वहां[1] चलि जाय, दुष दे षोसि अहारहि षाय।
तव श्रावकनि यहू विधि सुनी, विनयें तुम दुष पावत मुनी ॥३९८॥
गये नगर मैं तिनहि लिवाय, ठौहर सवको दई वताय।
पांच सात मिलि इकठां रहैं, भोजन विहरि ल्यात जो चहैं ॥३९९॥

---

३९३ : १ उष्ण। २ करो।
३९७ : १ सीलो।
३९८ : उहां।

जुड़ि किवाड़ सब मिलि जीमंत, सो विधि चली जात अवसंत ।
बारह बरष विताये येम, फुनि आये मुनि धारी नेम ॥४००॥
दषिण तैं जु विसाषाचारिज, मुनि दै आदि करत सुभ कारिज ।
तिन पैं थूलभद्र फुनि सब मिलि, सिक्षि एक कौं कही जाहु चलि ॥४०१॥
देषहु चलन धर्म सब वनकौ[1], ज्यौं संसय भाजैं सब मन कौ ।
वह सिषि गयो मुनिनु कै यांही, करी वंदना मन हरषांही ॥४०२॥
वनु[1] प्रति वंदन कीन्ही नांही, वह वलटौ आयो वन[2] यांही ।
सबै हकीकति वनकी[3] कही, थूलभद्र बोले तब यही ॥४०३॥
प्राछित ल्यौ गुरभाषित सबै, करि छेदोपसथापन अबै[1] ।
सब ही मिलि कैं दीक्ष्या[2] लेहु, यहां रहे सो विनि संदेहु ॥४०४॥
तब सब कही अवैं मुनि-ईस, सहि न सकैं प्रीसह बाईस ।
तिनके नाम बहुरि विधि सुनौ, कैसैं सहैं सु तुम हीं भनौ ॥४०५॥

सोरठा : षुध्या त्रषा[1] अरु सीत, उक्ष्म दंस मंसक बहुरि ।
नगनपनौ अति भीत, ऐ षट कैसें सहि सकैं ॥४०६॥
अरति परीसह जांनि, घर सूने मधि ध्यान दे ।
जीवदया जिय ठांनि, पिछले भोग न चिंतवै ॥४०७॥
स्त्री-परीसह ऐह, सहस अठारा वाड़िजुत ।
सील धरै निज देह, तिय निरषन बोलन तजै ॥४०८॥
चर्या यह तू जांनि, चलैं पयादे मग निरषि ।
कंटक भागैं आंनि, तौहू रहैं उवांहने ॥४०९॥
निषद्या है यह ठीक, चले जात रवि अस्त ह्वै ।
तिह ठांही तैह तीक, बैठी जांहि निसि धीर मुनि ॥४१०॥
सज्या-परीसह जोय, ह्वै धरती कंकर तणी ।
ऊंची नीची होय, तापैं सोवैं निसक मुनि ॥४११॥
यहै जांनि आक्रोस, मरमछेदि निंदा करै ।
नाहक दे को दोस, क्रोध न करै सबै सहै ॥४१२॥

---

४०२ : १ उनकौ ।
४०३ : १ उनु । २ उन । ३ उनकी ।
४०४ : १ सबै । २ दीक्षा ।
४०६ : १ त्रिषा ।

वध जु सस्त्र की घात, करै कोय सो सव सहै ।
यह जाचनां विख्यात, काहू पैं मांगै नहीं ॥४१३॥
यह अलाभतू जांनि, भोजन जवै मिलै नहीं ।
तव मन मैं दुष आंनि, कोप विलाप करै न मुनि ॥४१४॥
रोग-परीसह ऐह, महारोग करि ग्रस्त ह्वै ।
जो अपनौं निज देह, तौ करिवो न कहै जतन ॥४१५॥
त्रिण सपरस सुणि मित त्रिणां वहुरि कंटक अधिक ।
लगैं देह कै संत, टालैं नांहीं दुष सहैं ॥४१६॥
मल-प्रीसह सुनि जांन, लागै मैल सरीर कै ।
तऊ न करै सनांन, वाकौं भूषन-सम गिनैं ॥४१७॥
पुरसकार सतकार, ऐक जांनि को काज मैं ।
विनय न करै लगार, तौ अपमांन सहै मुनी ॥४१८॥
प्राया[1] सुनहु सुजांन, आप पढ्यो ह्वै वहुत जो ।
तौ न करै अभिमांन, सांत-भाव राषै सदा ॥४१९॥
यहै कहैं अग्यांन, जो निज होय प्रवीन अति ।
क्रोध न करै प्रमांन, जो कोऊ मूरिष कहै ॥४२०॥
यहै अदरसण ठीक, ग्यांनवांन निज तप करत ।
रिधि नहि होय नजीक, तौ न विचारै वात यह ॥४२१॥
मैं अैसो तप कीन, तौ हू रिद्धि[1] न उपजी[2] ।
यह न विचारै दीन, तप दीक्ष्यादिक झूठ है ॥४२२॥

दोहा : अहो हमारे नाथ तुम, थूलभद्र मुनिराय ।
हम तैं ऐ प्रीसह अवैं, सही कौंन विधि जाय ॥४२३॥

चौपई : तव वन कही ये पेट तौ भारी[1] हौं, अगिलै जनम नरकि ही परिहौं ।
यह सुनि सव मिलि वात न मांनी, वा सौं वुरी करी मन मांनी ॥४२४॥
वह मरि प्रेत भयौ सव जांन्यौं, सवकौं दुष दीन्हौं मन मान्यौं ।
तब वा सौं मिलि विनती कीन्ही, तुम दुष देत सु सव हम चीन्ही ॥४२५॥

---

४१९ : १ प्रग्या ।
४२२ : १ रिधि । २ ऊपजी ।
४२४ : १ मरि ।

अब हम ऊपरि किरपा कीजे, जिह विधि चलैं सु चलिवा दीजे।
तौ हम पाय पूजि निति तुम्हरे, जीमैं हौ तुम सतिगुर हमरे ॥४२६॥

दोहा : जव तै पूजत प्रथम ऐ, धरि पाटी परि पाय।
कोऊ अस्ति वतांवहीं, पूजत मन वच काय ॥४२७॥

चौपई : अर्धफालक सव देसनि मांहि, फैल्यो मत यम संसय नांहि।
अैसैं काल वितीतौं घणौ, वरष सैंकड़ा फुनि तुम सुणौ ॥४२८॥
भए उजेणी विक्रम भूप, माता पद्मावती[1] अनूप।
गंध्रवसेन पिता तसु जांनि, हौ विद्याधर वह गुनषांनि ॥४२९॥
विक्रम प्राकर्मी चहु घनी, धर्मवांन दांनी वहु गुनी।
तिनु वुलाय पंडित रिष सवै, नमि विनती म[1] कीन्ही जवै ॥४३०॥
संवत्त नयौ चलावन तनौं, मेरै भाव उपज्यौ घनौं।
वै वोले झगरौ पाछिलो, मेरैं[1] संवत चलि है भलौ ॥४३१॥

दोहा : लैंन दैंन वोरन कौं, धन दै कलहि[1] मिटाय[2]।
तिह विक्रम भूपति नयौ, संवत दयो चलाय ॥४३२॥

चौपई : फुनि विक्रम तौ सुरपुरि गऐ, केते वरष वहुरि वीतऐ।
वरष ऐकसौ भऐ छतीस, तवैं वजेणीं[1] भऐ महीस ॥४३३॥
चंद्रकीर्ति हौ ताकौ नांम, चंद्रसिरी भई ताकी वांम।
तिनकै सुंदर पुत्री भई, नांम चंद्ररेषा गुनमई ॥४३४॥

दोहा : ताहि पढाई भूप वन, अर्धफालकनि पासि।
सांतिकीर्ति कौ सिष्य हुतौ, जिणचंद नाम प्रकासि ॥४३५॥
सौ तौ कनवज देस कौं, गऐ सु ताहि पढाय।
फुनि कन्यां जोवनसहित, देषी जव ही राय ॥४३६॥
सुन्दर सोरठ देस मैं, वलभा नगरी जांनि।
प्रजापाल नृप कै तिया, प्रजावती गुनषांनि ॥४३७॥

---

४२९ : १ पदमावती।
४३० : १ इम।
४३१ : १ मेटैं।
४३२ : १ कलह। २ मिटाइ।
४३३ : १ उजेणीं।

लोकपाल ताकौ नतय, ताहि दई परणाय।
ससिरेषा कन्या वहै, हय गय दै वहु चाय ॥४३८॥
प्रजापाल सुरगनि गयौ, लोकपाल हुव राज।
काहू दिनि अति प्रस्न[1] लषि, तिय वोली तजि लाज ॥४३९॥
अहौं भूप मेरो[1] जु गुर[2], है कनवज कै देस।
ताहि वुलाय यहां अवैं, कीजे[3] भक्ति विसेस ॥४४०॥
नृप मन्त्री नु षिनाय करि, लीनें तिन्ह[1] वुलाय।
साम्हें चाले भूप हू, ल्यावन कौ चित चाय ॥४४१॥
लषि वन कौ वह रूप जव, नही वस्त्र कछु[1] पासि[2]।
नही दिगांवर[3] रूप यह, नृप तव भऐ उदास ॥४४२॥
विचि ही तैं आऐ सु उठि, वन पैं गऐ न राय।
तव नृप कौ राणी सवै, जांनि लयौ[1] अभप्राय[2] ॥४४३॥
मंत्रिनु कौं षिनवाय करि, राणि वन कै पासि।
स्वेत वस्त्र लाऐ तिन्है, वहु विधि करि अरदासि ॥४४४॥
तव नृप सांम्हे जाय फुनि, ल्याऐ नगरी मांहि।
भक्ति करी जिणचंद की, भाव-सहित अधिकांहि ॥४४५॥
तव तैं मत ठहरचौ यहै, स्वेतावर[1] सु कहात।
भद्रवाहु के चरित मैं, भाषी है यह वात ॥४४६॥
फुनि चौदह उपकरण ऐ, नऐ नऐ ठहराय।
यनके[1] मत के जतिनु कौं, राषन दऐ वताय ॥४४७॥

उपकर्ण-नांम

दोहा : राषौ तीन पछेवड़ी, वहुरि धोवत्ती तीन।
तीन पातरा काठ के, लाठी ऐक नवीन ॥४४८॥
वोघा दोय जु ऊंन के, ऐक मौंहपती जोरि।
पात्रा कै मुषि वांधणी, ऐक तर्पणी डोरि ॥४४९॥

---

४३९ : १ प्रश्न।
४४० : १ मेरे। २ जगुरु। ३ कोज्ये।
४४१ : १ तिनहि।
४४२ : १ कछू। २ पास। ३ दिगंबर।
४४३ : १ लियौ। २ अभिप्राय।
४४६ : १ स्वेतांबर।
४४७ : १ इनके।

ऐ सव चौदह उपकरण, राषण मैं नहि दोष।
अैसें कहि सवकौं कियौ, मत स्वेतावर पोष ॥४५०॥
नऐ वनाऐ गृंथ वहु, आगम[1] वहुरि सिधांत।
तिनमैं भाषे सो कछुक, सुनिऐ भवि विरतांत[2] ॥४५१॥

चौपई : जनम कल्यांनक पूजा करें, आंगी रचि जग कौ मन हरें।
देहुरांनि कौ चलन मिटाय, उघासिरा दीन्हे ठहराय ॥४५२॥
प्रतिमां प्रभु की थापें जहां, जुड़ि किंवाड़ भोजन ले तहां।
फुनि गृंथनि मैं जो विपरीति, भाषी सो सुनिऐं करि प्रीति ॥४५३॥

सोरठा : ऐ चौंरासी वोल, नऐ सथापे वहसि करि।
तिनकी कथा कलोल. कछु यक यह वर्नन[1] करूं[2] ॥४५४॥

अथ चौरासी बोल परि हेम कृत छंद छपै[1]।

कवित्त : केवली अहार करै मानैं तिन्है लागत है,
दूषन अठारै परमाद महा मोहिऐ।
मोह के विनासकारी वीरज अनंत धारी,
जिन्हैं भूष लागै अैसें कहत न सोहिऐ॥
भुंजत अनंत सुष भोजन तैं कौंन काज,
आदित कै उदै कहौ कहा दीप वोहिऐ।
काहू परकार इनकै न कवँला अहार,
जे कहै है तिनके जग्यौ है ग्यांन को हिऐ ॥४५५॥
मोहनी करम नासै वेदनी कौ वल नासै,
विसकै[1] विनासैं ज्यौ भुजंगम की हींनता।
इंद्रीनि के ग्यांन सौं न सुष दुष वेदै जहां,
वेदनी कौ स्वाद वेदै इंद्रीनि की षीनता॥
आतमीक अंतर अनंत सुष वेंदै जहां,
वाहरि निरंतर है साता की अछीनता।

४५१ : १ आगम। २ विविरतांत।
४५४ : १ वरनन। २ करौं।
४५५ : १ missing।
४५६ : १ बिसकौं।

तहां भूष आदिक असाता कहां वल करै,
विष करिण कान करै सागर मलीनता ॥४५६॥
देव मांनसी कही अहार तैं त्रपति[1] होय,
नारकीक जीवनि कौ कर्म कौ अहार है।
नर तिर जंच कै प्रगट कवला अहार,
ऐक इंद्री धारक कै लेप कौ अधार[2] है॥
अड़े की विरिधि ह्वै उजाआहार[3] सेवन तैं,
पंषी उर[4] ऊंषमां तै ताकी वढ वार है।
नौ कर्म वर्गनां कौ केवली कै है अहार,
देह अविकार कहै जो न सविकार है॥४५७॥

दोहा : और जीव कै लगत नहि, तन पोषक सुषदाय।
समय समय जगदीस कै, लगै वर्ग नां आय॥४५८॥

छप्पै : षुध्या त्रषा[1] भय दोष रोग जर मरण जनम मद।
मोह षेद पर स्वेद नींद विसमय चिंतागद॥
रति विषाद ऐ दोष नांहि अष्टादस जाकैं।
केवल ग्यांन[2] अनंत दरस सुष वीरज ताकैं॥
नहि सप्त धात सव मल रहित परमो दारिक तन सहित।
अंतर अनंत सुष रस सरस सो जिनेस मुनिपति महित॥४५९॥

दोहा : कलप[1] विकलपी कहत हैं, और दोष विकराल।
निरमल केवल नाथ कै, है निहार मल जाल[2]॥४६०॥
जाहि अहार वनैं नही, तँह क्यौं होय निहार।
परगट दूषन देषिऐ, इसमैं कौन विचार॥४६१॥

चौपई : जे मुनि तपति रिद्धि के धारी, गहत अहार हियैं न निहारी।
कहि क्यौं सकल जगत कौ स्वांमी, करै निहार अमल पद गांमी॥४६२॥

---

४५७ : १ त्रिपति। २ प्रकार। ३ उजाहार। ४ बर।
४५९ : १ त्रिषा। २ ज्ञांन।
४६० : १ कलपि। २ लाज।

दोहा : जाकौं देषि मिटै विकट, घोर उपद्रव वरर्ग[1] ।
दोष दोय ताकै कहै, रोग और उपसर्ग ॥४६३॥

कवित्त : कहै कोऊ क्रोधसाला[1] हुवौ है गोसाला मुनि,
तिन तें ज्वाला-माला छूटी परजलती ।
वीर के समोसरन दहि मुनि दोय तिन,
ताकी झल स्वामी हूं कौ पहुंची उछलती ॥
तहां भयौ उपसर्ग ताही ऊषमां तें फिरि,
उदर की व्याधि भई आंम लोहू चलती ।
परगट दोष जानि तजै अैसो सरधांन,
ग्यानवांन जिनकैं सु जोति जगी बलती ॥४६४॥

दोहा : जनमत ही मति श्रुति अवधि, तीन ग्यांन घट जास ।
कहैं पढयौ चट साल स्यौं, वर्द्धमान गुनवास ॥४६५॥
कहैं और सितवास मत, जव जिन होय विराग ।
एक वरस लौं दान दे, अंत करै घर त्याग ॥४६६॥
जिन वैराग्य दसा धरत, त्यागे सव परभाव ।
कहा जानि अपनौं करैं, पाछैं दान वताव ॥४६७॥
धरी दिगंवर जिन दसा, पाछैं अंवर आनि ।
इंद्र धरै जिन कंध पर[1], यह संसय मति मांनि ॥४६८॥

चौपई छंद गणधर विनां वीर की वांनी, निफल षिरी नही[2] काहू मांनी ।
त्रेसरि[1] : समकित वृत का भया न धारी, कोऊ तहां कहै सविकारी ॥४६९॥

दोहा : वांनी षिरयन[1] षिर यतौ, होय सफल तैहकीक[2] ।
षिरै फल विनां जे कहैं, तिनकी वात अलीक ॥४७०॥

अरिल : लोकनाथ सौ जिनवर जाकौ पूत है,
तिस माता कौ कहैं और परसूत है ।

---

४६३ : १ वर्ग ।
४६४ : १ क्रोधसला ।
४६८ : १ परि ।
४६९ : १ Missing । २ नहि ।
४७० : १ षिरैन । २ तहकोक ।

आदिनाथ कौं प्रगट कहत हैं जुगलिया,
तिनकौं ही फिरि कहैं भये ते पति तिया ॥४७१॥

चौपई : कहै जुगलिया कोऊ मूवो, ताकी तिय हि रड़ापो हूवो।
सोही रिषभदेव धरि आनी, भई सुनंदा दूजी रांनी ॥४७२॥

सोरठा : कराहिन[1] निदंक[2] काजु, जो सांमीनि[3] के होय जन।
क्यौंकरि श्री जिनराज, करैं अकारिज विधि करम ॥४७३॥

छप्पै : कोऊ कोऊ कहै रिषभ थौ विप्र तास तिय।
देवा नंदा तासु गर्भ जिनवीर अवतरिय ॥
दिन अस्सी अरु तीन लयो प्रभू वास तहां हीं।
तवैं ईद्र यह वात विचारी है मन मांही ॥
हीन जाति द्विज कुल विषै, महा पुरष अवतार।
जोग्य नहीं तातैं करौं, और गर्भ संचार ॥४७४॥

सोरठा : दियो[1] ईंद्र आदेस, हिरन गवेषी देव कौं।
करवायो परवेस प्रभु, त्रिसला के गर्भ मैं ॥४७५॥

चौपई : पहिलैं गर्भ क्यौ न हरि लीनौं, गऐं तियासी दिन क्यौं कीनौं।
पहिलैं का जानत हो नांहीं, कहौ विचारि धारि मन मांही ॥४७६॥

अरिल : दुज घरिवा सिद्धारथ घरि प्रभु संचरचौ,
गर्भ कल्यांनक कहौ कहां जिन कौ करचौ।
जो द्विज घरि भौ होय हीनता ईस की,
सिद्धारथ घरि न वनैं क्रिया जगीस की ॥४७७॥
द्वै दोन्यो घरि तौ कल्यान कछह गनौं,
जो दोन्यौं कै न हितौ च्यारचौं ही भनौं।
सील भंग तौ होय जिनेश्वर मात का,
यातैं वीरज नांहि सिधारथ तात का ॥४७८॥

---

४७३ : १ करहि़न। २ निंदिक। ३ सामानि।
४७५ : १ दयो।

चौपई : जहां वात का नांहि नवेरा, तिह[1] कलपित करि कहैं अछेरा।
ऐसी वांनी मूढ वषानैं, दरसन मोह लीन सरधांनैं ॥४७९॥

दोहा : पंच कुमार जिनेस हैं, सत्यारथ मत मांहि।
मल्लि नेमि एई कुमर, कहैं द्वै अवर नांहि ॥४८०॥
तीर्थंकर जिन कौ नमैं, सांमांनिक जिनिराय।
कहैं बाहुवलि केवली, नमो वृषभ[1] के पाय ॥४८१॥

कवित्त[1] : अरिहंत पद वंद्य[2] वंदक सरूप मेरो,
ऐसे भाव परमाद गुनतांई वहै हैं।
सातमी धरातैं आगैं आतमी[3] करस जागैं,
तहां वंद्य वंदक विभाव नाहि रहै हैं॥
साधक दसा मै जहां वाधक है ऐसा भाव,
तहां जिन जिन वंदै मंद वुधी[3] कहै हैं।
परवा सरूप धारी वीतराग अविकारी,
वंदनीक एकै मानी ग्यांनीसर दहै हैं ॥४८२॥

सवैया[1] : केवल ग्यांन विषै ज्यन वीर कहैं अनजांनें अचांनक छीक्यौ।
सो न वनै जव छींक उठै जव वात कफा मय व्यापत जी कौं॥
धातु विर्वाजित निर्मल ईस सरीर विषै नही रोग रती को।
छींक कलंक अटंकित अंकित शुद्ध दसा तहां दोष नहीं को ॥४८३॥

अरिल : तिरदंडी तापसी कुलिंगी भेष सौं,
आवत सुनि जिन वीरनाथ उपदेस सौं।
गोतम स्वांमी गणधर वृतधर जैंन कौ,
ताकैं सनमुषि[1] गयो भगति सौं लेन कौं ॥४८४॥

दोहा : धारक संम्यक दरसनी, करै न कुमती मांन।
क्यौं करि गणधर पूज्य पद, करै सुभक्ति विधांन ॥४८५॥

---

४७९ : १ तंह।
४८१ : १ रिषभ।
४८२ : १ सवैया। २ आतमीं। ३ बुद्धी।
४८३ : १ सवैया २३ सा।
४८४ : १ सनमुष।

जाकी सोलह स्वर्ग तैं, आगैं नांहीं गंम्य।
तिस नारी कौं यौं कहैं, रमै मोष्य पद रंम्य ॥४८६॥

कवित : जाके सब मलद्वार धारैं है निगोदि भार,
कवहू न अविकार हिंसा तैं रहत हैं।
सिथल सुभाव लियें परपंच संच कियें,
लाज कौ समाज धरैं अंवर चहत हैं॥
छठे गुण थांन मांहि थिरता न ध्यांन मांहि,
मांस मांस रितु ताहि संकता लहतु[1] हैं।
जगत विलविनी कौं हीन दसालंविनी कौं,
यातैं ही नितंविनी कौ मोषि न चहुत हैं ॥४८७॥

दोहा : मुक्ति कांमिनी कौं रमैं, एकै पुरिष विसेष।
रमैं न कांमिनि कांमिनी, यह परगट ही देष ॥४८८॥

अरिल दोहा[1] : समय विरोधी देषिऐ, परगट वितथ विचार[2]।
मल्लिनाथ जिनकौ कहैं, मली कुमारी नारि ॥४८९॥

अरिल : सुरग भूंमि पाताल लोक मैं देषिये,
नारी नाथ सुनी कवहू न विसेषिये।
जगत वंद्य अरहंत[1] देव पद क्यौं धरै,
नर अधीन जो हीन निंदि पद आचरै ॥४९०॥

चौपई : जो नारी कौं नर पद मांनौ, तो ताकी प्रतिमा किन ठांनौं।
पुरिष अकार एक ही वंदौ, नारी रूप क्यौं न अभिनंदो ॥४९१॥
जो नितंविनी विंव न सोहै, कुच रूयादिक मंडित होहै।
तौ लज्जा करि कामनि रूपी, क्यौं करि जिनवर होय अरूपी ॥४९२॥

दोहा : जाके दरसण[1] परस तैं, रागादिक मिटि जाय।
तिस नर रूपी ईस कौं, वंदौ सीस नवाय ॥४९३॥

---

४८७ : १ लहत।
४८९ : १ missing। २ बिचारि।
४९० : १ अरिहंत।
४९३ : १ दरसन।

चोपई : कहै जुगल हरिषेत्र निवासी, काहू देव हरयौ सविलासी।
पूरव वैर दषि दुष दीनौं, अवगांहन करि छोटो[1] कीनौं ॥४९४॥
सोही[1] भरथषंड फिरि आंन्यो, मुथरा नगरी राज दिवांन्यो।
पापी करि तिन मांस षवायो, नरक नगर कै पंथ चलायो ॥४९५॥
तिसकै कुल हरिवंस वषांनै, सत्यारथ उपदेस न मांनैं।
जुगल सर्व ही स्वरगति[1] गांमी, नरक न सेवहि रिजु परणांमी ॥४९६॥
तीन कोस की तिनकी काया, स्वर क्यौं करि लघु रूप वनाया।
जो तुम इसहि अछेरा मांनौं, तौ भी नांहि वनैं मनि आंनौ ॥४९७॥
काल अनंतानंत भये तैं, एक एक ही जुगल गये तैं।
सव हरिषेत्र भूमि का षाली, ह्वै कौं[1] मिटै जुगल परनाली ॥४९८॥

दोहा : सव गिणती के जुगल है, घटै वढै नहि कोय।
मरण काल ही जुगल कै, आय जुगलिया होय ॥४९९॥
राषतु[1] चौंदह उपकरण, मुनि कौं नांहि नु दोष।
परिग्रह त्याग दसा विषै, करै परिग्रह पोष ॥५००॥
जहां प्रमांणूं सम नही, परिग्रह ग्रह कौं रंच।
तहां कहौं क्यौं करि वनैं, वस्त्रादिक परपंच ॥५०१॥

कवित्त : काल पाय मैले होय आसा होय धोवन की,
धोयें नसै संजम आरंभ विसतारै[1] है।
नास भये मांगन कौ त्रास होय नासन के,
डरतै सु ध्यान विषौ[2] थिरता विडारै[3] है॥
देहु द्रुति मंडन है व्रह्मचर्य छुंडन है,
जिन लिंग षंडन है तातै पट डारै है।
संवर धरनहार अंवर सौं अविकार,
होय कै निरंवर दिगंवरहि धारै है ॥५०२॥

---

४९४ : १ छोटौ।
४९५ : १ सोई।
४९६ : १ स्वर्गति।
४९८ : १ कैं।
५०० : १ राषत।
५०२ : १ बिस्तारै। २ विशैं। ३ बिसारै।

दोहा : समयादिक परजाप कौं, काल दर वस मुझांहि।
काल अणू जाणै नही, जै असंष्य जग मांहि ॥५०३॥

छपै : काल अणू जो नांहि समय तौ होय कहां तैं।
सुथिर वस्तु विन नांहि नास उतपति तहां तैं॥
असत्त जनम जै होय होय षर श्रंग जगत मैं।
वुद्धि होय परमांन और षिनभंगुर मत मैं॥
नहि सधै वस्तु सीमां विमल जनम नास थिर भाव विन।
थिरत[1] निमत्त समयादिकी काल अणूं जगि कहहि जिन ॥५०४॥

कवित : मांनै मनसू वृत कै गणधर घोरो भयो,
काहू काज कै निमत मांस मुनि गहै हैं।
घरि २ विहरि २ अंन्न मांगि ल्यावैं,
कहैं मुनि थांन आंनि भोजन कौं लहै हैं॥
निज मत निंदक कौ ठौर मारैं पाप नांही,
निर्दय सुभाव धरि काहू की न सहै हैं।
सांची बात झूठी कहै भेद वस्त्र कौ न लहैं,
हठ रीति गहिर हैं मिथ्या वात कहै हैं ॥५०५॥
भरथ नैं ब्रांह्मी वहन[1] कहै नारी कीनी,
महासती दोष लाइ भववास चहै हैं।
ग्रहवास वसत ही केवली भरथ भयो,
आरसी के मंदिर मैं मांनि निरवहै हैं॥
द्रोपदी सती कौं कहैं भई पंच भरतारी[2],
अघ वंध भारी करि संकट मैं फहै हैं।
सांची वात झूठी कहैं वस्त्र[3] कौ न भेद लहैं,
हठ रीति गहि रहैं मिथ्या वात कहै हैं ॥५०६॥
कोऊ मुनि कंध परि पंथ मैं गुरू कौं लियें,
चल्यौ जात केवली भयो है सरदहै हैं।

---

५०४ : १ थिरता।
५०५ : १ missing।
५०६ : १ वहैं। २ भई not in A। ३ बस्तु।

कहैं है जवाई वीर नाथ कौ जमाली नामां,
वीर है कुमारो मुनि लरनैं कौं षहै हैं॥
ध्रुवकि-ध्रुवकि[1] करि केवली कपिल नांच्यो,
मूरिष रिझांवन कौं अैसी मांनि रहै है।
सांची वात झूठी कहैं वस्तु कौ न भेद लहैं,
हठरीति गहि रहौं[2] मिथ्या वात कहै हैं॥५०७॥

छप्पै : कहहि वहुत्तरि सहस भई वसुदेव-वधूगन।
धनुष[1] पंच सै उच्च वाहुवलि कहैं धरचौ तन॥
सूद्र-जाति-घरि असन करत मुनि दोष न पावैं।
देव मनुषिणी भोग-भोग वहि सुरत वढावै॥
इक गर्भ मांहि सुलसा धरे, सुत वत्रीस जनैं भनहि।
पहिले त्रपष्टि[2] हरिदेव[3] की, नांनां तैं उतपति गनहि[4]॥५०८॥
मांनहि वीर विहार अनारिज देस भूमि पर।
कहहि मलेछ चतुर्थ काल सारै हूऐ भर॥
देव-कोस सै च्यारि-कोस कौ तन अव धारय।
प्रांणघात वृत-भंग करत नहि पाप विचारय॥
उपवास मांहि वोषदि[1] भषत, वृती न धारहि दोष मल।
चौसठि-हजार नारी गिनैं, चक्रवत्ति धरि तनु नवल॥५०९॥
समोसरन जिन नगन नांहि दीसैं परवांनहि।
अविक्रत तन मैं वस्त्र राग-कारण सरधानहि॥
लाठी राषैं जती कहै अस कर्म[1] वधांवहि।
गज ऊपरि ही मुंक्ति[2] गई मरुदेवि वतांवहि॥
नारी अगम्य[3] दुरघर कठनि पंच महाव्रत-पद धरहि।
नहि लहहि दोष वलहीन मुनि वार वार भोजन करहि॥५१०॥

छंद *गीता* : दरवित क्रिया विन भावलिंग गृहस्थ किवल[1]-पद धरैं।
चिंडाल-आदिक जाति निंदित मुक्ति तदभव वसि करैं॥

---

५०७ : १ ध्रुवक-ध्रुवक। २ रहैं।
५०८ : १ धनष। २ त्रिपिष्ट। ३ हरदेव। ४ मनहि।
५०९ : १ वोषधि।
५१० : १ कर्ण। २ मुकति। ३ A अगाम्य।
५११ : १ केवल।

आभर्ण[२] सहित जिनेस-प्रतिमां राग-कारण मांनते ।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५११॥
साभर्ण[१] सव सनमुक्ति[२] जै हैं मोनि परिगृह हठ गहैं ।
रवि-चंद-मंडल-मूल आया वीर वंदन कौ कहैं ॥
सासुती गति मरजाद मेटहि सूर-ससि की जानते ।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१२॥
दूषन अठारह मांहि वदलै कहहि और सवारिकैं ।
चौतीस अतिसय वदलि केई गहहि और विचारिकैं ॥
जिनमत-निवासी सौं लरहि मुनि दोष रचनां ठांनते ।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१३॥
सौधर्म स्वरपति जीतिवे कौं चमर वितरपति[१] गयो ।
तसु वज्रदंड विलास-षंडित कहहि[२] वीर-सरनि भयो ॥
कर पूरवत मरि गऐं न षिरै जुगल-तनु-परवांनते ।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१४॥
निर्वान[१] होत जिनेस-काया षिरै दामिनिवत नही ।
वर नारि दे थिर करै श्रावक देषि कांमी मुनि कही ॥
केवली तनतैं जीववध ह्वै कहैं मत मद-पांनते ।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१५॥
सुरगि लै जिनदाढ पूजहि ईद्र जिन जव सिव गमैं ।
जिन वीर मेर-अचल लायो जनम कल्यांनक समैं ॥
जिन-जनम-सूचक स्वपन[१] चौदह और नहि मन आंनते ।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१६॥

दोहा : गंगादेवी सौं कहै, पचमन वरष हजार ।
चक्रवर्त्ति भरतेस नैं, कियो भोग-विवहार ॥५१७॥

---

५११ : २ आभरण ।
५१२ : १ साभरण । २ मुकति ।
५१४ : १ व्यंतरपति । २ कहँहि ।
५१५ : १ निरवांन ।
५१६ : १ सुपन ।

अरिल : भोग भूमि छयांनवै नगनहि उछेदि कैं,
चर्म नीर नै दोस न लावहि वेदिकैं।
घृत करि साधित बासी भोजन लेत[1] हैं,
सारे फल कौं भुंजत दोष न देत[2] है ॥५१८॥

कवित : रिषभ विरागत निमति नीलंजसा नृति[1],
मांनै नांहि देव देवि कीनी[2] जो विधांन की।
मात-पिता जीवते विराग ताकौं नांहि धरैं,
वीर वर्द्धमान जिन गर्भवास आंन की ॥
वाहुवलि कौं कहैं कि युगल[3]स्वरूपधारी,
हाड पूजैं कौडे थापि कहै परठांन की।
नाभि मरुदेवी कौं जुगलधर्म मानतु हैं,
तिन ही तैं जिन-उतपति सरधांन की ॥५१९॥

चौपई : हौंहि जुगलिया सव मलधारी, कहै सिलाका-पुरिष निहारी।
चौसठि इंद्र न अधिके जांनैं, वारह देवलोक ही मांनैं ॥५२०॥
जे जादौं जिन मारिग पक्षी, तिनकौं कहैं मांस के भक्षी।
मनुज मांनषोतर कै आगैं, जेहैं कहै न दूषन लागैं ॥५२१॥

छंद रोडक : नांही है नांही है काम चौवीस ॥
अरु नव-नवोत्तरे लघु समुद्र मांनत नांही।
अैरावति भरत तजि षेत्र ऐकसौ साठि माही ॥
चौरासी लष जौंनि हैं, ऐ चौरासी वोल।
जे मांनै ते मांनि हैं, भवसागर-कल्लोल ॥५२२॥

दोहा[1] : तिनहूं तैं लौंका ढूंढिया, निकसि जुदे मत कौं थापिया।
प्रतिमां तिनु पूजन तजि दई, दोष कहे यामैं अधिकई ॥५२३॥
तिनमैं लौंका सुचि तौ रहैं, ढूढया महा असुचि[1] कौं गहैं।
नहि आचार विचार न कोय, जातैं धर्म[2] सधै सुभ होय ॥५२४॥

---

५१८ : १ लेतु। २ देतु।
५१९ : १ नृत्य। २ कीनौं। ३ मुगल।
५२३ : १ चौपई।
५२४ : १ अशुचि। २ धरम।

इनकौ चलन जगत सव जानैं, ग्रंथ माझि अव कहा वषांनैं।
परगट दीसत छांनौं नांहीं, तातैं वरनन कहा करांहीं ॥५२५॥

दोहा : मत स्वेतांवर[1] मैं वहुरि, लषियत[2] अत्रैं प्रतछ्छ[3]।
फाटे मन मद ठांनि सो, हैं चौरासी गछ्छ[4] ॥

कवि वचन

दोषभाव धरि नहि कियो, कियो न निज-मत-पोष।
सत्यारथ उपदेस यह, करै सुजन संतोष ॥५२६॥
सत्यारथ वांनी प्रगट, घट-घट करै उदोत।
संसय-तिमर मिटै पटल, वढै ग्यान सुष होत ॥५२७॥

॥ इति वोल संपूर्ण ॥

अथ द्रावड़-संघ-उतपति-वर्नन

दोहा : द्रावड़संघ उत्तपति[1] भई, जिम भाषी मुनि ईस।
संवत वीतैं पांच सै, ऊपरि और छतीस ॥५२८॥

चौपई : मुनि श्रीपूज्यपाद गुनषांनि, वज्रनंदि तसु चेला जांनि।
पाहुडोनि[1] वेता तन षीरण[2], सर्वसास्त्र मैं महाप्रवीरण ॥५२९॥
इक दिनि[1] चेलै क्रोध उपाय, दक्षिण मथुरा कै मधि आय।
द्रावडसंघ नयो ठैंहराय[2], नये नये सिद्धांत वरणाय ॥५३०॥

चौपई[1] : भाषी वीज मद्धि नाहि[2] जीव, हैं प्रासुक नहि दोष सदीव।
षेती विरणज आदि वहु कर्म, करि जीवो यामैं न अधर्म ॥५३१॥
सीतल जल के करैं सनांन, तिन कै अघ अति होत[1] सुजांन।
इन्हैं आदि विपरीति जु वात, करि द्रविड[2]-संघ कियो[3] विष्यात ॥५३२॥

---

५२६ : १ स्वेतांवर। २ लषिमत। ३ प्रतछ। ४ गछ।
५२८ : १ उतपति।
५२९ : १ पाहुडांनि। २ षीन।
५३० : १ दिन। २ ठहराय।
५३१ : १ A missing। २ नहि।
५३२ : १ होय। २ द्रावड। ३ कीयौ।

अथ ज्यापनीय-संघ-उतपति[1]†-वर्नन

दोहा : साल सात सै पांच कै, संघ चल्यौ अघ-धांम।
पुर कल्यांनवर कै विषै, ज्यापनीय यह नांम ॥५३३॥
तहां ऐक श्रीकलस मुनि, तिनहूं नये सिधंत।
करि वातैं जु धरि सु अव, कछुयक सुनौं व्रतंत ॥५३४॥
कलपसूत्र स्वेतांवरनु, नयो वणायो ताहि।
मांनौं[1] फुनि पूजा करो, रतन-त्रय की चाहि ॥५३५॥

सोरठा : मांने दुहुंके वैन, दिग्गंवर फुनि स्वेतपट।
लहैं कौंन विधि चैंन, जमीकौ न असमांन कौ ॥५३६॥
फुनि यह कही असार, स्त्री जाय पहुचै मुकति।
ले केवली अहार, मोषि लहै सर गृंथहू ॥५३७॥
वातैं धरि विपरीत, और कितेक सिधांत मैं।
संघ त्यागि निज रीति, ज्यापनीय परगट कियो ॥५३८॥

अथ काष्टा-संघ-उतपति वर्नन

दोहा : संघ कासटा की भई, उतपति मनो उपंग।
साल सात-सै-त्र्याणवै, कौ निकस्यो यह संघ ॥५३९॥

चौपई : ग्रांम नंदियड़ इक अति वसै, विनयसेनि यक मुनि तैं लसै।
ताकै चेलो कुमारसैंन, भयो मुनी धारक मत्त जैन ॥५४०॥
तिंय यक समये धरचो सन्यास, ज्यावत जीव सु ठांनि हुलास।
वैठौ एक ठौर मुनिराय, सर्व वस्त कौ त्याग कराय ॥५४१॥
दिन कितेक मैं उपजी ताकौं, षुध्यादिक वाधा अति वाकौं।
तव वन[1] नहि निज धर्म विचारचो, करि अहार सन्यास विगारचो ॥५४२॥

---

५३३ : १ उत्पत्ति।
५३५ : १ मानहु।
५४२ : १ उन।

---

†The less popular sect of the Jains, besides the well known Digambara and Svetambara Sanghas. Little research has so far been made on the Yapaniya literature. Dearth of material coupled with its close affinity with the Digambara sect. makes it still more difficult to differentiate between the two. However, Kanarese Jain works would come to our aid, when they have been discovered and a proper assessment of the same has been made.

फुनि वह वड़े मुनिनु पैं गयो, सव विरतांत आपनौं कह्यो।
मुनिनु कही फिरि दीक्ष्या लेहु, करि छेदोपसथापन ऐहु ॥५४३॥
वानैं विद्या कौ मद ठांनि, दीक्ष्या फिरि नहि लीनी जांनि।
नए सास्त्र तिन लये वनाय, प्रतिमां काठ-तणी वणवाय ॥५४४॥
भाषी पूजौ सव मिलि याहि, वहु मिलि पूजन लागे ताहि।
सुरही गाय पूंछ के वाल, तिनकी पीछी रची विसाल ॥५४५॥
पूजा पाठ नए वणवाये, आगैं पीछैं दर्व्य चढाए।
मुनि-तिय कौं दीक्ष्या दे भाषी, देसवृत करिकैं अभिलाषी ॥५४६॥
चर्या वीर करो[1] सहु कोय, अैसें वैहकाये वहु लोय।
प्राछ्रत[2] कहे और के और, इन दै आदि कुवुधि कैं जोर ॥५४७॥
करि कितेक वातैं विपरीति, मूरिष मत आंने करि प्रीति।
अैसें नंदिसंघ मैं चाहो, काष्ट संघ उपज्यौ विधि याही ॥५४८॥
जब वाकौ गुर हौ मुनि महा, आय कही यह कीन्हौं कहा[1]।
तव वन[2] कितियक मेटी चाल, कितियक चली जात हैं हाल ॥५४९॥

दोहा : तवही तैं कहने लगे, मूलसंघ तौ वाहि।
कहै नवीन प्रवीन जन, संघ कासटा[1] याहि ॥५५०॥

अथ निपिछ्छ-संघ-उतपति-वर्नन

दोहा : संवत नौसै त्र्यांणवैं, संघ निपिछ्छ उठांन।
मुथरा नगरी मैं हुवो, सो विधि सुनहु सुजांन ॥५५१॥

चौपई : मुनि यक रांमसेन वरनयो, समकित प्रक्रति मिथ्याती भयो।
गुरु अर प्रतिमां जिन-वर तणी, तिन मैं विंगि निकासी घणी ॥५५२॥
यह प्रतिमां मेरी है भाई[1], सो हो पूजौंगो मन लाई।
यह गुर मेरो ताही मांनौं, और मुनिनु कौं नांहि पिछांनौ ॥५५३॥

---

५४७ : १ करहु। २ प्राछित।
५४९ : १ A missing। २ उन।
५५० : १ काष्टा।
५५३ : १ भई।

सोरठा : अैसैं वात कितेक, कहि कहि मांथुर श्रावकनि ।
पकराई अति टेक, संघ निपछ परगट कियो ॥५५४॥

॥ इती संघ उतपति 'संपूर्ण'[1] ॥

सोरठा : कुंदकुंद मुनिराज, श्रीमंदिर[2] जिनके वचन ।
सुनि हुव धर्म-जिहाज, अधिक समोधे मुनिनु कौं ॥५५५॥
चलते वहुत कुमार्ग, जो ए मुनि न समोधते ।
तव ही तैं सुभ मार्ग, गहि केते लागे चलन ॥५५६॥

अथ कुंदकुंदाचार्य-वर्नन

दोहा : संवत गुणचासा तणैं, कुंदकुंद मुनिराय ।
भये भटारक अवनि पैं, तिनकी है अमनाय ॥५५७॥
इनके कारण पाय कैं, नाम भये जिम पांच ।
सुने सु अव विधिवत कहे, भविजन मांनौ[1] सांच ॥५५८॥
पदमनंदि मुनिवर हुतौ, पैहलैं[1] तौ निज नांम ।
मुनिस्वर[2] के परसंग तैं, लहे नांम अभिराम ॥५५९॥
देव मिल्यौ यक आयकैं, करी वीनती येहु ।
कहि ऐसो अवहूं करूं, आग्या मोकौं देहु ॥५६०॥
तव[1] मुनिवर अैसैं कही, विदिह षेत्र ले जाय ।
श्रीमंदिर[2] स्वांमी तणौं, दरसण मोहि कराय ॥५६१॥
तव स्वरधारि विमांन मुनि, चालयो मद्धि अकास ।
राह मांहि पीछी गिरी, ठीक पड़्यो नहि तास ॥५६२॥
मुनि वोले पींछी विनां, हम नहि मग चालंत ।
देव विचारी सो करूं, जिहि विधि चालैं संत ॥५६३॥
गृधिपछिछ[1] के परन[2] की, पींछी दई वनाय ।
गृधपछाचारिज यहै, तव तैं नांम कहाय ॥५६४॥

---

५५५ : १ 'संपूर्ण' not in A । २ सीमंधर ।
५५८ : १ मानें ।
५५९ : १ पहलें । २ फुनि सुर ।
५६१ : १ जब । २ सीमंधर ।
५६४ : १ गृद्ध । २ परनि ।

स्वरमुनि गये विदेह मैं, दरसण किय जिनराय।
ऊंची सव ही की लषी, धनुष पांच सै काय ॥५६५॥
चक्रवर्त्ति आयो तहां, दरस करण जगदीस।
लषि वन मुनि कौ हाथ मै, लऐ उठाय महीस ॥५६६॥
भाषी यह को जीव है, कमड़ल पीछी धार।
जिन भाषी मुनि है यहै, भरथषंड कौ सार ॥५६७॥
तव चक्रीयन कौ धरचौ, एलाचारिज नांम।
फुनि आये निज षेत्र मैं, करि मनवंछित कांम ॥५६८॥

सोरठा : कवहू विनां प्रभात, सामायक लागे करन।
समयै हुतौं न भ्रात, तातैं वांकी[1] ग्रींव हुव ॥५६९॥
तव तै नांम कहात, वक्रग्रींव आचार्य यह।
फुनि सुनिऐं यह वात, कुंदकुंद मुनि जिम भये ॥५७०॥

अरिल : कवहू वाद करत हे आंन[1]-मतीन तैं,
कमडल भरचौं लष्यौ जल वुष्ण[2] नवीन तैं।
वादी जलकौं मंत्रनि तैं मदिरा करी,
पूछी या कमडल मैं मद तुम क्यौं भरी ॥५७१॥
तव मुनिवर चक्रेस्वरि[1] कौ सुमरन कियो,
देवि कुंद पुसपनि तैं कमडल भरि दियो।
तव तैं लागे कहन मुनी कुंदकुंद है,
महिमां तिनकी जग मैं अधिक अमंद है ॥५७२॥
आंमनाय इनकी मत मैं अैसैं भई,
सुनी वात कहियतु है मति जांनहु नई।
काहू समये संघ चल्यौ गिरनारि कौं,
कुंदकुंदमुनि वहुरि स्वेतपट लारकौं ॥५७३॥
साथि दुहूं मत के ही पंच भये घनैं,
पहुचे गिर तरि जाय सवैं अैसैं भनैं।

---

५६९ : १ A वोकी।
५७१ : १ अन्य। २ उष्ण।
५७२ : १ चक्रेश्वरी।

पहलैं दरसन करन तनौं झगरो परचौ,
आपस मांझि दुहुंन ही कैं अति रिस भरचौ ॥५७४॥
वैंतौ कहै हमारो ही मत आदि है,
दूजे कहै अनादी हम वैं[1] वादि हैं।
तव अकास तें भई देववांनी यही,
झगरत काहे आदि दिगंबर है सही ॥५७५॥
पहिलैं[1] वंदन करी नेम जिनचंद की,
जवतैं आंमनाय ठैहरी मुनि कुंद की।
तवतैं रचे कितेक ग्रंथ भवि तारनैं,
विसंघीन कौ मत षंडन कैं कारनैं ॥५७६

दोहा : इनहीं की अमनाय मैं, भये और मुनिराय।
नांमी तिनकी अलप-सी, कीरति कहौ वनाय ॥५७७

छंद मोतीदांम : धरा ध्रमचद[1] वड़ौ विड़दाल।
थप्पौ पट वारह-सै-अठताल ॥
तिके रणथंभ प्रतिष्टहि काजि।
बुलाय लये मुनि धर्म-जिहाज ॥५७८॥
हुते गुर दक्षिण देस विसाल।
पुन्या धरमैं सुष सौ गुनपाल ॥
दयो तिनु कागद आवन काज।
सिताव पधारहु हे मुनिराज ॥५७९॥
महूरत वांचि दियो यह जाव।
गिणैं मति ढील चलैं'व सिताव ॥
हुवो रवि अस्त भई जव राति।
गये रणथंभ मुनी परभाति ॥५८०॥
मिले तँह राव हमीर निरिंद[1]।
मही धनि धनि हुवो सु मुनिंद ॥

---

५७५ : १ वह।
५७६ : १ पहलैं।
५७८ : १ A ध्रमचद।
५८१ : १ नरिंद।

भये वड्डे पम जे जति राव।
भयो सु भलो जस पुंन्य प्रभाव ॥५८१॥

पुनः अन्योक्त[1] कुंदकुंद अमनांय मैं, भट्टारक जिणचंद।
दोहा : कछुयक तिनहू कौ सुजस, सुनिऐ भवि गुण वृंद ॥५८२॥

चौपई : यनपं[1] सवै महाजन आय, गढ चीतोड[2] सु गये लिवाय।
जहां धर्म धर फुनि वुधिवंत, सांगो रांणौं राज करंत ॥५८३॥
तहां चौधरी हौ जिणदास, सांगो तेजो द्वै सुत जास।
साह गोत फुनि वौह[1] धनवांन, तिन कौ राषत हे सव मांन ॥५८४॥
सांगें इक दिन विनती करी, करहुँ प्रतिष्ठा मुनि गुन-भरी।
मुनि आग्या माफिक धन लाय, सव सामिग्री[1] दई मगाय ॥५८५॥
तव अति हरष मांनि मुनिराज, करने लगे प्रतिष्ठा काज।
दिवस कितेक करत जव भये, मुनि तौ तन तजि स्वर्गनि गये ॥५८६॥
तिनकै सिष्य पाट कैं जोग्य, हुतो न कोई महा मनोग्य।
आयो हुतो प्रतिष्ठा जांनि, इक सुरजन पांड्यो[1] गुनषांनि ॥५८७॥
ताकं संगि तिया हू हुती, गुन लांवन्य[1] करि अति सोभती।
तिनतैं सवै महाजन आय, विनती करी होहु मुनिराय ॥५८८॥

दोहा : इँह स्वरजन श्रावक तनैं, हुतौ देवि कौ इष्ट।
तातैं याकौं मांनते, पंडितजन हूं सिष्ट ॥५८९॥

चौपई : सव मिलि ताहि भटारक करचौ, प्रभाचंद्र नाम यह धरचौ।
अघ-तम-हरन उयो मनु सूर, वढ्यौ प्रताप सवै भरपूर ॥५९०॥
तिया हुती तिह अजिकाकरी, 'करी प्रतिष्ठा तिनु गुन भरी[1]'।
प्रभाचंद्र मुनि कहीं प्रकार, काहू दिसि कौं कियो विहार ॥५९१॥

छंद पद्धरी : दिल्ली के पति पेरोजसाहि,
चांदा गूजर परधांन ताहि।

---

५८२ : १ अन्योक्ति।
५८३ : १ इनपैं। २ चीतौड।
५८४ : १ बहु।
५८५ : १ सामग्री।
५८७ : १ सुरजन पांडे।
५८८ : १ A लांवनि।
५९१ : १ 'सोभित धर्म ध्यांन गुन भरी।'

दोऊ भइया पापड़ीवाल,
तिनकैं चित इक उपजी रसाल ॥५९२॥
कीजे इक[1] सुभ कारिज जु कोय,
दैं आदि प्रतिष्ठा सुजस होय।
यह करि विचार[2] इक नर बुलाय,
मुहुरत[3] इक सुद्ध भलौ कढाय ॥५९३॥
भट्टारक श्रीमत प्रभाचंद्र,
पठयो वसीठ तिन पैं अमंद।
मुनि पासि जाय विनती करीस,
चलि करहु प्रतिष्ठा हे मुनीस ॥५९४॥
दिनकौ वताय दीन्हौं प्रमांण,
सवही सुनि लीनी मुनि सुजांण।
दिन वीते वहु फुनि रह्यौ एक,
मुनि तैं नर विनति करी प्रतेक ॥५९५॥
मुनिराज अवैं मुहि सीष देहु,
दिन रह्यौ ऐक नांही संदेहु।
कव चलि पहुचैं वह ठांम हांन,
तातैं दीजे मुहि सीष दांन ॥५९६॥
मुनि कही अहो नर रहहु सोय,
देषहु परभाति सु कहां होय।
सोवत नर जव वह वढ्यौ प्रात,
लषि दिल्ली अचिरज भयो गात ॥५९७॥
मुनि कही जाहु दिल्ली मझार,
सांम्हैं प्रधांन ल्यावे अवार।
नर आयहुं हूं भायन निकट्ट,
सव कही भयो अचिरज प्रगट्ट ॥५९८॥
गज हय रथ[1] फुनि[2] सुषपाल साजि,
सव आये सांम्हैं लैंन काजि।

---

५९३ : १ यक। २ उपाय। ३ महुरत।
५९९ : १ फुनि। २ रथ।

वाजे बजाय नौवति निसांन,
विधि भली मिले मुनि सौं सुजांन ॥५९९॥
मुनि नगन पयादे चलन लाग,
सव करी अरज मिलि हे सभाग।
चढि लेहु[1] पालिकी मुनि महांन,
यामैं हमरो अति वढै मांन ॥६००॥
कहि मुनि हठतैं चढि अहो साहु,
या विधि कौ तुम कीज्यो निवाहु।
चढि चले पालिकी[1] साथि सर्व,
जैंनी फुनि[2] पुरजन त्यागि गर्व ॥६०१॥
आवत पुर मैं मनिधरि विषाद,
राघो चेतन अति किय ववाद।
पालिकी वंद करि दी लवार,
दीन्ही चलाय मुनि विन कहार ॥६०२॥
इन आदि वाद कीन्हें अनेक,
मुनि जीति सर्व राषी सु टेक।
इक दिनि राघो चेतन सु चाहि,
नर पठ्यो वूझन मुनिनु पाहि ॥६०३॥
मावस दिनि मुनि तिंह ठान देषि,
सिष्यनु तैं बूझी तिथि विसेषि।
सिष्यनु मिलि पूरन्नया कहीस,
यह अरज दिलीपति पैं दईस ॥६०४॥
है आजु अमावस अहो साहि,
वुनु पून्यौं झूठी कही काहि।
पतिसाहि षिनाई† वूझि तिथ्थि[1],
मुनि भाषी पून्यौं आजि सत्ति ॥६०५॥

---

६०० : १ A चढ़ि वेहु।
६०१ : १ पालकी। २ फिरि।
६०५ : १ तितिथ।

---

†A popular Jharasahi word—To call for—e.g. "वीवणी ने पीर खिनाई"।

देवी पद्मावति[1] कौं अराधि,
विनती करि संध्या समै साधि।
दीन्हौं उगाय नभ मांझि चंद,
प्रगट्यौ पुर मैं जस अति अमंद ॥६०६॥
वा दिनु मिलि भाषी अहो साहि,
द्वादस कोसनि परकास याहि।
तव सांड[1]† दौड़ाये[2] अनेक,
सुनि मुनि दिय वांधि सु जाल ऐक ॥६०७॥
वे दौड़े कोस वहौत राति,
वारह ही मैं ऊग्यौ प्रभाति।
या विधि लषि साहि मुनिदं पासि,
आये नमि कीन्ही अरज दासि ॥६०८॥
यह कारण अव कहिये मुनीस,
मुनि कही वाद जांनहु महीस।
ताहू समये वादीनु आय,
मंत्रनि तैं कमडल मद भराय ॥६०९॥
दै कही अहो पतिसाहि ऐहु,
कमडल मद भरचौ विना संदेहु।
मुनि लषि वामैं किय पुष्प आंनि,
दीन्हौ उघाड़ि कमडल महांनि ॥६१०॥
अति प्रस्न[1] भयो पेरोजसाहि,
मुषतैं मुनि धनि-धनि कही चाहि।
यह कथा सुनी सव राजलोक,
कीन्हौं निदांन सव ही सु थोक ॥६११॥
दरसन विनि भोजन हम करैं न,
या विधि भाषे वेगमनु वैंन।

---

६०६ : १ पदमावति।
६०७ : १ सांडे।

---

†Messenger on the Camel's back.

तव साहि वुलाये वै प्रधांन,
भाषी ले आहु मुनी महांन ॥६१२॥
दरसन वेगम जव करैं आप,
तव ही वुनकौ मिटिहै[1] अताप।
मिलि भाषी मुनि त्तै सवनि साह,
तुम दरस वेगमनि कै सु चाह ॥६१३॥
तातैं हमरी विनती सु ऐहु,
करि कै लँगोट दरसन सु देहु।
मुनि कही सुनौ तुम सकल साह,
चलिजै यह जग मांझि राह ॥६१४॥
साहन मिलि सव सौगँद करीस,
जुत वस्त्र मानिहैं हम मुनीस।
तव तैं यह राह चली विसेस,
कछु वल वीरज प्राक्रम घटेस ॥६१५॥

छप्पै : दिल्ली के पतिसाहि भये, पेरोजसाहि जव।
चांदौसाह[1] प्रधांन भटारक प्रभाचंद्र तव॥
आए दिल्ली मांझि वाद जीते विद्यावर[2]।
साहि रीझि कैं कही करै दरसन अंतहपुर॥
तिह समै लँगोट लिवाय फुनि चांदै विनती उच्चरी।
मांनि हैं जती जुत वस्त्र हम सव श्रावग सौगंद करी ॥६१६॥

अरिल : याही गछमैं भट्टारक जव वहु भये,
वरष कितेक वितीतैं गछ निकसे नये।
तिनमैं चलन वचन कौ भेद न जानियौं,
निकसन की विधि लषी लिषी सो मांनियौं ॥६१७॥
संवत तेरह सै पिचिहतरचौ जांनिवै,
भये भटारक प्रभाचंद्र गुनषांनि वै।

६१३ : १ मिटहैं।
६१६ : १ चांदोसाह। २ A विद्याबर।

तिनकौ आचारिज इँक हौ गुजरात मैं,
तहां सवै पंचनि मिलि ठांनी वात मैं ॥६१८॥
कीजे ऐक प्रतिष्ठा तौ सुभ काज ह्वै,
करन लगे विधिवत सव ताकौ साज वै ।
भट्टारक वुलवाये सो पहुचे नहीं,
तवैं सवै पंचनि मिलि यह ठांनी सही ॥६१९॥
सूरि मंत्र वाही आचारिज कौं दियो,
पदमनंदि भट्टारक नांम सु यह[1] कियौ ।
ताकैं पाटि सकलकीरति मुनिवर भये,
तिन समोधि गुजरात देस अपनें किये ॥६२०॥

चौपई : ग्यांनभूषण ताकौ सिषि[1] ऐक, दूजौ ग्यांनकीर्त्ति सु विवेक ।
दोऊ मिलि कैं आधौं आधि, गछ मैं लिये महाजन साधि ॥६२१॥
सव गुजरात वहुरि मालवै, फुनि मेवाड़ मांहि तिनुनवै ।
दिगंवरी इनकी अमनाय, सो विधि अवलौं चाली जाय ॥६२२॥

दोहा : पंद्रह सै इकहैतरे, निकस्यौ गछ ग्वालेर ।
सिष्यि मुनी जिणचंद कौ, सिंघकीर्त्ति गुरमेर ॥६२३॥

अथ मंडलाचार्य उतपति वर्नन

पंद्रहसैं सु वहैतरे, गछ थाप्यौ नागोर ।
रत्नकीर्त्ति यह नांम भनि, निज वलवुधि कै जोर ॥६२४॥
भट्टारक न कहावई, मंडलाचार्य कहाय ।
तिनकी वा दिसि मांहि वहु, फैलि गई अमनाय ॥६२५॥
फुनि सतरासै सत्तरे, थप्पौ पाट अजमेर[1] ।
मंडलाचारिज दूसरो, तामैं नांही फेर ॥६२६॥
इनहीं गछ मैं नीकस्यौ, नूतन तेरह पंथ ।
सोलह-सै-तीयासिये, सो सव जग जानंत ॥६२७॥

---

६२० : १ यहै ।
६२१ : १ सिष्य ।
६२६ : १ अजमेरि ।

ऐती विधि इनहूं तजी, गुर नमिवो जग सार।
केसरि जिन-पद चरचिवो, पुष्प चढांवन चारु ॥६२८॥
भोजन तनक चढात नहि, सषरो[†] कहि त्यागंत।
दीपग की ठौहर सवै, रंगि कैं गिरी धरंत ॥६२९॥
न्हांवन करत न विंव कौ, इन है आदि कितेक।
भली तजी षोटी गही, तेको कहै प्रतेक ॥६३०॥
तिनकै गुर नाहीं कहूं, जती न पंडित कोय।
वही प्रतिष्टा आदि की, प्रतिमां पूजत लोय ॥६३१॥
वैही प्रतिमां ग्रंथ वै, तिन मैं वचन फिराय।
ठांनि और की और ही, दीनौं पंथ चलाय ॥६३२॥
फिरि[१] यक निकस्यौ पंथ अव, है सिरौंज की वोर।
तारण पंडित नै कियो, आप अकलि कै जोर ॥६३३॥
देस मालवा मद्धि तिन[१], नयो देहुरो ठांनि।
प्रतिमां पधरावत नंही, पुस्तग पूजत जांनि ॥६३४॥
असैं निकसे मत वहुत, मन-मद धरि विपरीति।
यह पंचम कलि काल की, फैलि गई जग रीति ॥६३५॥
परि जे अव संसार मैं, जपत मंत्र नौंकार।
तिनतैं वहसि न ठांनि हैं, रे भवि सो मतसार ॥६३६॥

अथ परिपाटी भट्टारकांनि की वर्नन

दोहा[१] : अव परिपाटी हू कछुक, सुनि जु भये जगचंद।
महावीर प्रभु आदि मुनि, भट्टारक गुणवृंद ॥६३७॥

चौपई : श्री प्रभु वर्धमांन जिनराय, ते तौ मुक्ति पहुंचे जाय।
तिनकै पीछैं केवल-ग्यांन, वासठि वरष रह्यौ परमांन ॥६३८॥
तामैं गोतम गणधर भये, वहुरि धरमांचारिज ठये।
तीजे जंवू वणिक-कुमार, ऐ तदभव पहुचे सिव द्वार ॥६३९॥

---

६३३ : १ फुनि।
६३४ : १ तिनु।
६३७ : A missing।

[†]सखार or saltish food as different from पक्वान्न।

वर्ष[1] ऐक-सौ ग्यारह अंग, चौदह पूरव जुत सु अभंग।
तिनमैं विष्णु मुनी नंदि मित्र, अपराजित मुनि भये पवित्र ॥६४०॥
गोवरधन अर भद्र सुवाहु, ऐही पांच भये मुनिनाहु।
वर्ष ऐक-सौ असी[1] जांनि, ताकै ऊपरि तीन वषांनि ॥६४१॥
ग्यारह अंग दस पूरवधारी, भये मुनी ग्यारह अविकारी।
प्रथम विसाषाचारिज जानौं, वहुरि पोष्टिलाचारिज मांनौं ॥६४२॥
भये षित्रियाचारिज मुनी, जय फुनि नागसेनि मुनि गुनी।
सिद्धारथ ध्रितषेनि मुनिंद, विजय वुद्धि मांन गुनवृंद ॥६४३॥
गंगधर्म-सेनि मुनिराय, ऐ सब ग्यारह भये सुभाय।
वर्ष दोयसै ऊपरि वीस, ग्यारह अंग धरैं मुनि ईस ॥६४४॥
नक्षित्राचारिज जयपाल, पांडु वहुरि ध्रुवसेन विसाल।
कंसाचारिज हैं गुनषांनि, ए पांचौ ही जग सुषदांनि ॥६४५॥
वर्ष एक सौ वहुरि अठारा, एक अंग इनहूं नै धारा।
सुभद्र यसोभद्र मुनिराज, भद्रवाहु जग के सिरताज ॥६४६॥
लोहाचारिज लौ अंग जानैं, छसै-तियासी वर्ष वषानैं।
वहुरि अंग जव विछुति जांनी, तव उपजे मुनिवर श्रुत-ग्यानी ॥६४७॥

अथ पट्टावली वर्नन

दोहा : दिग्गंवर पट्टावली, अव सव सुनि हित ठांनि।
भद्रवाहु यक अंगधर, तिनंही तैं लै जांनि ॥६४८॥

चौपई : श्री गुरु भद्रवाहु मुनि भयो, संवत च्यारि तणैं पट लयो।
तिनकै पट्टि भये गुनषांनि, संवत छव्वीसा कै आंनि ॥६४९॥
गुप्तगुप्त आचारिज एक, नांम तीन तिन लहे प्रतेक।
दुतिय नांम अर्हंदवलि लह्यौ, त्रतिय विसाषाचारिज कह्यौ ॥६५०॥
तिनकै पटि[1] भटारक भये, जहां-जहां जे-जे निरमये।
माघनंदि छव्वीसं[2] साल, भये वहुरि जिणचंद विसाल ॥६५१॥

---

६४० : १ वरष।
६४१ : १ अस्सी।
६५१ : १ पाटि। २ छत्रीसं।

कवित्त : गुणचासैं भये कुंदकुंद फुनि उमा-स्वामि,
लोहाचार्य जसकीर्त्ति यसोनंदि[1] जये हैं।
देवनंदि पूज्यपाद गुणनंदि वज्रनंदि,
है कुमारनंदि लोकचंद जग छ्ये हैं॥
प्रभाचंद्र नेमिचंद्र भांनुनंदि हरिनंदि,
वसुनंदि वीरनंदि तिन्हैं हम नये हैं।
रतनकीरति मांणिनंदि मेघचंद्र फुनि,
सांतिकीर्त्ति मेरकीर्त्ति[2] ए छवीस भये हैं॥६५२॥

दोहा : भदिलापुर दक्षिण दिसा, पट्ट भये छव्वीस।
वहुरि सुनहु[1] जे जे भये, जिहठां मुनि-गन ईस॥६५३॥
छसै-तियासी साल त्तैं, पट वैठे मुनिराज।
भट्टारक-पद पाय करि, भये सुधर्म जिहाज॥६५४॥

कवित्त : महीकीर्त्ति विष्णुनंदि भूषण औ सिरीचंद,
नंदिकीर्त्ति फुनि देस भूषण से मांनिऐ।
अनंतकीरति धर्मनंदि वीरचंद भये,
रांमचंद्र रांमकीर्त्ति अभैचंद जानिऐं॥
नरचंद्र नागचंद्र वहुरि नयणनंदि,
हरिचंद्र महीचंद्र माघचंद्र दांनिऐ।
ए अठारा पट[1] भये नगरी उजेनि मांहि,
नमत वषतरांम तिन्हैं उर आंनिऐ॥६५५॥

चौपई : संवत इक सहश्र तेईस, लक्ष्मी ससि गुणनंदि मुनीस।
गुणचंद लोकचंद मुनि[1] वऐ, ऐ पट च्यारि चंदेरी भये॥६५६॥
संवत ऐक हजार गुण्यासी, कैं श्रुतकीरति हैं गुणरासी।
भावचंद्र महिचंद्र वषांनौ, ऐ पट तीन भेलसैं जांनौ॥६५७॥

---

६५२ : १ यसोनंद। २ मेरुकीर्त्ति।
६५३ : १ सुनौं।
६५५ : १ पाट।
६५६ : १ मुनु।

दोहा : ग्यारह सै चालीस कै, साल[1] भये अभिराम।
कुंडलपुर मैं ऐक पट, माघचंद्र तसु नांम ॥६५८॥
ग्यारह सै चालीस परि, च्यारि साल लै जांनि।
तव तें भये मुनीस जे, तिनकौं सुनि दै कांनि ॥६५६॥

कवित्त : वृषभनंदि सिवनंदि विश्वचंद्र सिंहनंदि,
भावनंदि देवनंदि महा मुनिराज है।
विद्याचंद्र सूरचंद्र माघनंदि ग्यांनकीर्त्ति
गंगकीर्त्ति सिंघकीर्त्ति धर्म [के] जिहाज हैं॥
हाडोती के देस मांहि वार नगरी है तामैं,
वारापट भये ये सकल सिरताज है।
कर जोरि तिनकौं नमत है वषतरांम,
गुरनि कौ मेरी भव-भव तनी लाज है ॥६६०॥
ग्यारहसै नव-निवै तणै सालि हेमकीर्त्ति,
सुन्दरकीरति नेमिचंद्र अभिरांम है।
नाभिकीर्त्ति वहुरि नरिंद्रकीर्त्ति सिरीचंद,
पद्मनंदि वर्द्धमांन भले गुन धांम हैं॥
अकलंकचंद्र औ ललितकीर्त्ति केसोचंद्र,
चारु अभै वसंतकीरति तीनौं नांम हैं।
दुरग चीतोड[1] मांहि पट भए चौदह ऐ,
तिनकौं वषतरांम करत प्रनांम है ॥६६१॥

छंद : वारह सै-छ्यासठे साल पट प्रख्याति कीरति पायो।
सांतिकीर्त्ति फुनि धर्मचंद्र मुनि रत्नकीर्त्ति जस छायो॥
प्रभाचंद्र लौं भये पांच पट ए अजमेरि वताये।
पद्मनंदि सुभचंद दोय मुनि दिल्ली मैं पट पाये ॥६६२॥

दोहा : पट्ट एक ग्वालेर मैं, भऐ मुनी जिणचंद।
पंद्रह-सै-सतवोत्तरै, मनहु उये निसि चंद ॥६६३॥

---

६५८ : १ सालि।
६६१ : १ चीतौड।

पंद्रह-सै-इकहैतरे, प्रभाचंद्र यह नांम।
वहुरि भये चीतोड[1] मैं, सकल गुननि के धांम ॥६६४॥

अरिल : पंद्रह-सै-इकअस्सी धर्म सु चंद है,
ललितकीर्त्ति फुनि चंद्रकीर्त्ति सु अमंद है।
भट्टारक देवेंद्रकीर्त्ति मुनि च्यारि ऐे,
भऐ चाटसू मैं भविजन उर धारिऐे ॥६६५॥

सोरठा : नरेंद्रकीरति नांम, पट इक सांगानेरि मैं।
भये महागुन-धांम, सोलह सै इक्याणवें ॥६६६॥

अरिल : सत्रह-सै-वाईस तणैं जो साल है,
सुरेंद्रकीरति भये सु तिन कै पटि लहै[1]।
जगतकीर्त्ति देवेंद्रकीर्त्ति गुनलीन है,
अंवावति मैं भये भटारक तीन है ॥६६७॥

दोहा : इक पट दिल्ली फुनि हुवो, महेंद्रकीरति नांम।
सत्रह-सै परि-वांणवै, लह्यौ पाट गुनधांम(अभिराम[1])॥६६८॥

चौपई : पट्ट दोय पाये मुनिराय, नगर सवाइ जैपुर आय।
इक खेमेंद्रकीर्त्ति गुनपाल, अठारह-सैं-पंद्रह[1] कै साल ॥६६९॥
तिनकै पटि राजै वुधिवांन, सुरेंद्रकीरति तम हर भांन।
साल अठारह-सै-तेईस, भये भटारक महा मुनीस ॥६७०॥

दोहा : भद्रवाहु मुनि आदि है[1], भट्टारक गुन षांनि।
सुरेंद्रकीरति लौं भये, पट अठ्याणवैं जांनि ॥६७१॥
अैसें यह पट्टावली, ग्रंथनि कै अनुसारि।
कछु पोथिनु कौं देषि करि[1], वरनन कियो विचारि ॥६७२॥

---

६६४ : १ चीतोड।
६६७ : १ पटि हा लहैं।
६६८ : १ अभिराम missing।
६६९ : १ ठारह-सैं-पंद्रह।
६७१ : १ दै।
६७२ : १ कैं।

गादि श्री महावीर की, वैठत आये संत।
तिनकौं वन[1] सम मांनिकैं, पूजहू सकल महंत ॥६७३॥

इति पट्टावली पूर्ण ॥ अथ आगम कथन वर्नन[1] ॥

अरिल : फुनि यह आगम कथ्यौं सु भवि सुनियौं सवै,
संवत अठ्ठारहसै वीतेंगे जवैं[2]।
तापैं वरष कितेक गये इम भास ही,
दक्षिण दिसि मैं वंध्याचल मैं[3] गिर पास ही ॥६७४॥

दोहा : पुस्कल नगर विषैंसु ह्वै, वीरचंद मुनिनाथ।
गच्छ पडिकमणूं अर क्रिया, न्यारी करिहै गाथ ॥६७५॥
भील संघ उतपति करैं, नये ठांनि वहु वाक्य।
ग्याना[1]वरनी कर्म कौ, लहि करि कैं परिपाक[2] ॥६७६॥
वहु विधि करि जिन मत जु है, अव तिह तणौं[1] निपात।
करिसी फुनि मुनि कोन ह्वै, जो मेटै मिथ्यात ॥६७७॥
कहु जिन मग विधि और ही, चल्यौं जाय इम धर्म।
ज्यौं त्यौं सुख दुष भुंजि कौ, करि करि कैं वहु कर्म ॥६७८॥
आवै पंचम काल कौ, अंत जवैं इक कोय।
मूल गुणनि कौं धारि कैं, वीरांगज मुनि होय ॥६७९॥
अलप पढ्यौ है सासतर, तौहू जैनि प्रकास।
करिहै वहुरि मिथ्यात कौ, करिसी वहै विनास ॥६८०॥
भद्रवाहु कौ चरित लषि, वरन्यौ है या मांहि।
भविजन लषि मोकौं कछू, दोस दीजियो नांहि ॥६८१॥

अथ श्रावक की उतपति वर्नन[1]

दोहा : अव उतपति श्रावकनु के, षांप गोत की जेम।
भई सु पोथिनु देषि करि, वरनत है कवि तेम ॥६८२॥

---

६७३ : १ उन।
६७४ : १ from इति to वर्नन not in A। २ सबें। ३ not in A।
६७६ : १ ज्ञाना। २ परपाक।
६७७ : १ तणूं।
६८२ : १ अथ उतपति श्रावग की बर्नन।

आगें तौ श्रावक सवै, ऐकमेक ही होत।
लगे चलन विपरीति तव, थरपे षांप रु गोत ॥६८३॥
थपी वहैतरि षांप ऐ, गांम नगर कै नांम।
जैसें पोथिनु मैं लषी, सो वरनी अभिरांम ॥६८४॥

षांप वर्नन

चौपई : गोला पूरव गोला राड़ा, कहैं लवेचू गोल सिघाड़ा।
षंडेलवाल महाजन सोहै, जैसवाल जग मैं अव जोहै ॥६८५॥
वघेरवाल सु अग्गरवाला, सहिलवाल जिन धर्म सम्हाला।
सात षांप पुरवार कहायें, तिनके तुमकौ नांम सुनावें ॥६८६॥
अठसख्या फुनि है चौसख्या, सैंहसरड़ा फुनि हे दोसख्या।
सोरठिया अर गांगड़ जांनौं, पद्मावत्या[1] सप्तमां मांनौ ॥६८७॥
फुनि ढूसर अरु वरहासेणी, षंथड़वाल गहोई लेणी।
इकईसवा जु जांणि सचाणा, वहुरि अजोध्यापुरी वषाणां ॥६८८॥
गोरावाड़ वहुरि कठनेरा, वीडलसानी मसरा हेरा।
धकड़ा गूजरवाली वाल, माणडा[2] सव मांहि विसाल ॥६८९॥
वेरवड़ा फुनि पल्लीवाल, गंगरिक ए वत्तीस सम्हाल।
तीन षांप के हैं द्वै नांम, तेहू तू सुनि लै अभिरांम ॥६९०॥
सेहरिया निगमां गुजराती, मेवाड़ा रा-सूयचा-भाती[1]।
षरवा षंडावता हू वाजैं, ऐ तीनौं षटनांम विराजै ॥६९१॥
नागद्रहा अर नरस्पयं घोड़ा, वयानआ फुनि है चीतोडा।
है हरवरा और सीदरा, कुलया श्रावक अरहूं नरा ॥६९२॥
दहवड़ राय कड़ावण घोरा, चतुरथ श्रावक है अति भोरा।
पंचम श्रावक है सुभकारी, ऐ अठतालीसौं अविकारी ॥६९३॥
चंचल वल गोरा गुणवांन, करमणोत श्रीमाल सुजांन।
फुनि ऐ श्रावक पांच कहावें, है चिडुकरा विवोरा भावैं ॥६९४॥
मद वेवावली गुरा जांनौं, कमटी आगें श्रावक आंनौं।
नुतपा श्रावक सव मन भाये, तुला सिरी श्रीमाल कहाऐ ॥६९५॥

---

६८७ : १ पदमावत्या।
६९१ : १ मेवाडा रा या सूचा भाती।

इक कचगार दुतिय हय गार, त्रतिय व्रांह्मण फुनि लौ गार।
द्रावड़ नल या पन सिषवाल, काकलवाड़ जैंन सगवाल ॥६९६॥
श्रवण पगाहुं मड़षित्रिया, वोसवाल अर वुढ़्ढोलिया[1]।
ऐ सव षांप वहैतरि भई, वारह और सुनौ यन मई ॥६९७॥
कंधड़ जनड़ा कोरड़वाल, षडहूता अरु मेड़तवाल[1]।
है अहिछत्र वहुरि दोहला, हरसूरा सुड़ीड़हा भला ॥६९८॥
गोतवंसी वल री गुल कहे, पौहकरवाल सु वारा भये।
षांप वहैतरि तौ वै कही, ऐ मिलि सव चौरासी भई ॥६९९॥
पोथी पांच सात कौं देष[1], करि विचार यह कीनौं लेष[2]।
यामैं भूल्यौ चूकचौ होय, ताहि सुधारि लेहु भवि लोय ॥७००॥
इनंही मैं जो षंडेलवाल, तिनमैं निकसे गोत रसाल।
चौरासी है तिनके नांम, सो विधिवत कहियत सुषधांम ॥७०१॥

अथ षंडेलवाल उतपति वर्नन

चौपई : श्री प्रभु महावीर जिनराय, तिनहि नमौं भवि मन वच काय।
पीछैं भये कितेक मुनिंद, तिनमैं यसोभद्र गुणवृंद ॥७०२॥
एक अंग धारक यह मुनी, यनकहुं वातैं अैसैं सुनी।
नगर षंडेला यक अभिरांम, भूपति तसु षंडेल गिर नांम ॥७०३॥
वंस सोम कुल है चौहांन, सोभित तासु त्तेज जिम[1] भांन।
तहां मुनीस्वर गये कित्तेक, विप्रनु तैं किय वाद अनेक ॥७०४॥
जीते वाद रहे मुनि जहां, विप्रनु कोप कियो तव तहां।
पुरमैं मलवाई कौ रोग, उपज्यौ काहू पाप संजोग ॥७०५॥
छीजन लगे वहुत नर नारि, प्रोहित विप्रनु तवैं विचारि।
जग्य सथाप्पौ जव नरमेद, तामैं होमें मुनि पढि वेद ॥७०६॥
तवतैं विथा अधिक ऊपनी, मरन लगी पिरजा पुर तनी।
फुनि सव देस मांहि विन नीति, प्रगटचौ रोग महा विपरीत ॥७०७॥

---

६९७ : १ वुद्देलिया।
६९८ : १ मेरुतवाल।
७०० : १ देषि। २ लेषि।
७०४ : १ जिमि।

तवैं उपद्रव लषि पुर मांहि, नर नारी सवही निकसांहि।
नगरि नजीक गुढे करवाय, वसे तहां सव पुर के आय ॥७०८॥
असैं होमें सुनि मुनिराय, यसोभद्र तव कियो उपाय।
सिष्य[1] जिनसेनि हुतौ मुनि साहु, ताकौं कही षंडेलै जाहु ॥७०९॥
थापो श्री जिन-धर्म प्रवीन, जैसै चलि आयो प्राचीन।
काहू भाति संक मति करो, प्रभु कौ नांम हिये मधि[1] धरौ ॥७१०॥
तव जिनसेन[1] षंडेलै आय, श्रावक श्रेष्ठी लये वुलाय।
तिनकौ जुदौ वसायो गुढौ, सव कौं कही नांम जिन पढौ ॥७११॥
देव्य अराधी चक्रेस्वरी, ताकौं मुनि यह आग्या करी।
सव जैंनिनु की रक्षा[1] करो, रोग व्याधि इनकौ सव हरो ॥७१२॥
देवी मुनि की आग्या पाय, जैंनिनु कौ दुष दयो मिटाय।
तवैं सुषी सव श्रावक भये, समाचार नृपहू पैं गये ॥७१३॥
सुनि आयो षंडेल-गिर भूप, वंदे मुनि के चरन अनूप।
विनती करी अहो मुनिराज, तुम हौ नर भव जलधि जिहाज ॥७१४॥
कौंन पाप पिरजा छीजंत, सो मोकौं कहिए विरत्तंत।
छीजत भये वरष दस दोय, काहू भांति सांति नहि होय ॥७१५॥
तव मुनि भाषी अहो महीस, जिनमत धारी महा मुनीस।
तप करते या नगर ढिगारि, विप्रनु होमे जग्य मझारि ॥७१६॥
घोर पाप उपज्यौ पुर मांहि, तातैं सव नर नारि छिजांहि।
यह विरतांत सुण्यो नृप सवै, दुषी भयो मन मैं अति तवैं[1] ॥७१७॥
विप्रनु तै भूपति अनषांहि, क्रोध करन लागे मन मांहि।
तव मुनि कही अहो नर ईस, सोच फिकर मति करहु नरीस ॥७१८॥
विप्र प्रोहितनु सांमिल होय, तुम तैं तौ यह राषी गोय।
कियो जग्य होमैं मुनि घनैं, तातैं तुम्हैं दोष नहि वनैं ॥७१९॥
तव नृप कही अहो रिषराय, दोष मिटै सौ कहौ उपाय।
औरनि तैं यह मिटै न पाप, तुमही मेटौ जग सताप ॥७२०॥

---

७०९ : १ सिषि।
७१० : १ मध्य।
७११ : १ जिनसेनि।
७१२ : १ A रक्ष्या।
७१७ : १ जबैं।

आचारिज बोले नृप अहो, श्री जिनधर्म मर्म तुम गहो।
और सबै त्यागौ मत जाल, तौ बचाव ह्वै है ततकाल ॥७२१॥
भूपति हाथ जोरि सिर नाय, सबै कवूली मन वच काय।
तबतैं चौकी दै ईश्वरी, व्याधि सबै पुरजन की हरी ॥७२२॥
पिरजा सुषी भई सब जांनि, भूपति हरष अधिक मन मांनि।
बोले तुमहि धन्य मुनि नाथ, जग बूड़त राख्यौ गहि हाथ ॥७२३॥
अबजो आग्या ह्वै सो करैं, तुम प्रसाद हम भव दधि तरैं।
मुनि भाषी करिऐ नृप सार, श्रावग के वृत अंगीकार ॥७२४॥
जगत मांहि हैं जन बहु रूप, तिनमैं होहु महाजन भूप।
और ग्रांम हूं तैं नर-नारि, आऐ तिन्हैं बुलाय विचारि ॥७२५॥
सबकी षांप सु षंडेलवाल, ठैहराई समेति भूपाल।
ऐसैं मुनि इष्ट कै जोरि, सबकौं श्रावग किये वहोरि ॥७२६॥

दोहा : जे आऐ जिह गांम तैं, ताही नांम सुगोत।
ठैहराऐ फुनि वंस कुल, पूरव किए उदोत ॥७२७॥
नांम वंस के जो हुते, आगैं ही प्राचीन।
सोम-हरी इष्वाक कुरु, फुनि सो रई प्रवीन ॥७२८॥
तामैं सोम सु वंस मैं, गोत तीन चालीस।
भये रहे कुल आदिके, देवी नई थपीस ॥७२९॥
प्रथमहि भाई भूप जुत, चौदह जांनि सुबुद्ध।
ते जिनसेनि समोधि कैं, कीन्हें श्रावग सुद्ध ॥७३०॥
वंस सोम चौहांन कुल, गोत गांम कै नांम।
जहां जहां जो वसत हौ, सो दीन्हौं अभिराम ॥७३१॥
कुलदेवी चक्रेस्वरी, तिनकी दई सथापि।
सो पूरै मन कांमनां, विघन न होय कदापि ॥७३२॥

छंद छप्पै[1] : गोतसाह किय भूप षंडेला के जो नायक।
गांव भावसा तणें भावसा गोत सु लायक॥
जल वांणी भूलणां पापड़ीवाल वताये।
दरड़ौध्या अरडक्या गांम कैं नाम कहाऐ॥

---

७३३ : १ ^A छप्पै only ।

पीतल्या पहाड्या सांभरचा नरपति हेला पांडिया।
इम राजभद्र अरु छावड़ा चौदह गोत सुमांडिया ॥७३३॥

सोरठा : तिनमैं वारह मांहि, वंसदेव्य कुल ऐक ही।
भेद भाव कछु नांहि, कहि आयो सो जानियौं ॥७३४॥

अरिल : गोत दोय की वात भई असैं नई,
देव्य सावड़ां तणें वहुरि औरिल भई।
कुल देवी संभराय सांभरचा पूजंही।
वरष कितेक वदी तें इम पूजै सही ॥७३५॥

दोहा : या विधि तीयालीस मैं, चौदह कुल चौहांन।
भये सु भाई भूप जुत, फुनि यह सुनी सुजांन ॥७३६॥
थापे हैं जिनसेनि तौ, चौंदह ही कुल गोत।
वहुरि और मुनिवर नु मिलि, थापे गोत सुपोत ॥७ ७॥
षट कुल पांमेचा किये, देवी औरिल मांनि।
रारा रावत रांउंका, मोघचा मौंठ्या जांनि ॥७३८॥
गोत विलाला दोय विधि, इक कहि आयो सोय।
दूजे सोनिल कौंन मैं, कुल नंदिचा होय ॥७३९॥

सोरठा : कुल जादव मैं पांच, गोत नीकसे हैं ललित।
तामैं मांनहुं सांच, डेरुचल पूजैं वैद तौ ॥७४०॥
वनमाला फुनि वंव, भडसाली अरु नरपत्या।
करत न तनक विलंव, पूजत देवी रोहणी ॥७४१॥

अरिल : कुल मोहिल मैं गोत च्यारि ही जांनिकैं[1],
टौंग्या पूजत देवी चांवंड आनिकै।
वहुरि वाकलीवाल कासिलीवाल हैं,
हलद्या पूजं देवी जीणि विसाल हैं ॥७४२॥

दोहा : कुल गैंहलौत[1] सुगोत त्रय, पूजत गणपति चौथि।
है विनायक्या विंवला, वहुरि पोटल्या कोथि ॥७४३॥

---

७४२ : १ जांनकैं।
७४३ : १ गैंहलोत।

अरिल : पंच जु कुल पडिहार गोत देवी सुनैं,
खेत्र मालिया दोसी चांवड कौं मनैं।
पीगोल्या कडवा गिर नांदिल मांनिऐं,
वड़साली पांडचा सरसलि के जानिऐं ॥७४४॥
कुलहु जील तूवर फुनि सोढा सांषला,
इन च्यारचौं कुल मांहि गोत कहिऐ भला।
दगड़ा अर पाटणी गिनोड़चा सांषुर[ए]या,
याही क्रम तै देव्य नांम लषिऐ भएया ॥७४५॥
सरसलि आंमणि सकरणि अरु संभराय कैं,
पूजन जात सु च्याह्यौं गोत सुभाय कैं।
राजहंस अहंकारचा गोत सु दोय है,
सरसलि सरस्वतिन मैं सुकुल नहि होय है ॥७४६॥

दोहा : कुल इन दोन्यौं गोत कै, लिष्यौ न देख्यौ कोय।
तातैं वरनन नहि कयौ, दोस ना दीज्यौ लोय ॥७४७॥
सोमवंस के वरनिऐं, गोत तीन चालीस।
अव कुरुवंसी जे भये, तिनकी सुनहु कहीस ॥७४८॥

चौपई : कुर-वंस मैं अठारा गोत, तिनके कुल फुनि देवी होत।
नांम गांम कै गोत प्रमांन, सो सुनि लीजे सकल सुजान ॥७४९॥
कुल नांदेचा गोत सु तीन, देवी सोनिल पूजहि दीन।
छाहड़ कोकराज जुग-राज, ऐ तीनौं तिनमैं अति लाज ॥७५०॥
कुल मोहिल ह्वै गोत विसाल, सिरी मूलराज लटिवाल।
इक कुन्न के जानौं गैहलोत[1], तिनकौ वीरषंडिया गोत ॥७५१॥
ऐ तीनौं श्री देव्य पुजांहि, फुनि कुलदेवड़ानि ह्वै मांहि।
कुल भाएयांरु निगोत्या जेह, देवी हेमां पूजत तेह ॥७५२॥

दोहा : फुनि को कारण पाय कैं, गोत निगोत्या जांनि।
कुलदेवी चांवंड की, तिनकै है अति मांनि ॥७५३॥

चौपई : कुल चंदेल गोत द्वै सार, मूलसरचा फुनि चांदूवार।
देवी मातणि पूजत गुणी, तामैं भेद कहूं सो सुणी ॥७५४॥

---

७५१ : १ गहलोत।

चांडूवाड़ भेद द्वै मेल, इक कुरुवंसी कुल चंदेल।
इक सोमवंस कुल चावड़ा, दोऊ सातरिण पूजै षड़ा ॥७५५॥
तीन गोत कुल गौड़ उजेरा, गोधा सरवाड़चा अजमेरा।
देवी नांदरिण पूज कराहीं, फुनि गोधा जिन सांति पुजाहीं ॥७५६॥

दोहा : देवी तजि जिन सांति कौ, पूजन लागे जेम।
वीतें वरष कितेक सो, भवि सुरिण कारण तेम ॥७५७॥
नांदरिण की मूरति हुति, रूपा तणी मनोग्य।
ताहि भांजि सुवरण तणी, करि पूजी-अति जोग्य ॥७५८॥
जव नांदरिण करि क्रोध कछु, कीन्हौं तिनकौं दोस।
तवतें पूजे सांति जिन, हरयो देवी कौ रोस ॥७५९॥
वारहसै अठताल कै, सालि भई यह रीति।
तवतें गोधा सांति जिन, पूजत हैं करि प्रीति ॥७६०॥

चौपई : तीन जांनियौं कुल गैहलोत, पूजैं पद्मावति ऐ गोत।
पाटोधी चौधरी सु सार, सेठी जांनि दोय परकार[1] ॥७६१॥
इकतौ कहि आयो सु सहीजे, दुतिय वंस इष्वाक कहीजे।
सेठी गोत लोह-सिल देवी, पूजत है इह भांति सुरणेवी ॥७६२॥
इक कुल कोटेचा सुरिण-वांरिण, कांन्हड देवी गोत सौगांणी[1]।
इक कुल ठीमर देवी लांहरिण, कालागोत न हांकै वांहरिण ॥७६३॥
कुरवंसी ऐ गोत अठारा, अव इष्वाक वंस मैं ग्यारा।
गोत भऐ कुल देव्य सुणीजे, भेदभाव तामैं न करीजे ॥७६४॥
है कुल मेरठि लुह–सिल पूजैं, गोत लुहाड़चा लावट गूंजैं।
त्रय कुल कूरम गोत कटारचा, औ गंगवाल झांझरी भारचा ॥७६५॥
ऐ तीनों पूजत जमवाय[1], इक कुल नांदेचा सुभ पाय।
गोत नौपडा कहै अनूप, पूजत मस्ता देव्य स्वरूप ॥७६६॥
कुल वड़गूजर गोत सु तीन, विरल्या अर वावसा कुलीन।
ए द्वै मांनत देवी सिरी, नमैं वौहरा सौ तिल सुरी ॥७६७॥

---

७६१ : १ प्रकार।
७६३ : १ सोगांणी।
७६६ : १ जमवाइ।

दुतिय वौहरा कुल गैहलोत, और सफल जांनौ वह पोत।
कुल झाला सु गोत चरकनां, नांदिल पूजत हैं सुभ मनां ॥७६८॥
ए सव ग्यारह गोत सुभये, वंस इप्वाक मांहि वरनये।
अव सुनि कुल सो रई प्रसिद्ध, गोत नीसरे दस ता-मद्धि ॥७६९॥
कुल सोलंषी आंमिणि देव्य, गोत आठ मैं है अति सेव्य।
सोनी लौंहग्या फुनि सोहनी, भूंछ पांपल्या गदह्या भनी ॥७७०॥
सूपत्या सहित भये हैं सात, वहुरि पावड़्या है द्वै भांत[1]।
इक पांवड़्या नमैं मोहनी, दुतिय नमैं आंमिणि[2] कौं गुनी ॥७७१॥
कुल सुनार द्वै आंमिणि नमैं, वज्रहथा फुनि वज-गोत मैं।
ए दस वंस सोरई कहे, द्वै हरि-वंस माझि हू गहे ॥७७२॥
नरपौंल्या[1] निरगंधा गोत, कुल है दहरचा और नहि होत।
देवी नांदवि[2] नमण करांहि, सुषी होत तव या जग मांहि ॥७७३॥
ऐ सव भये गोत चौरासी, देवी यनकी सकल प्रकासी।
तव तैं पूजन लगे दिहारी, सव श्रावगनि प्रतंग्या धारी ॥७७४॥

चौपई[1] : लिषी सुणी जैसी प्रति भासी, लषि विधिवत मति कीज्यौ हांसी।
इन श्रावग कै आपस मांहि, सगपण है फुनि पांति जिमांही ॥७७५॥

दोहा : या विधि मुनि सवकौ हरचौ, रोग दोष दुष कष्ट।
श्रावग ठेहराये[1] विमल, सवै महाजन सिष्ट ॥७७६॥
तव श्रावकनि करी अरज, अहो महा मुनिराय।
क्रिया धर्म श्रावग तणौं, मग हम देहु वताय ॥७७७॥
वोले मुनि वूझी भलैं, सव सुनिए मन लाय।
जिनमत कै अनुसारि सव, दैहौं तुम्हैं सुनाय ॥७७८॥
प्रथम कहौं किरिया कछू, जो सधि आवै सार।
तामैं कमी न कीजियो[1], करिकैं परम विचार ॥७७९॥
दोय घड़ी कै प्रात उठि, मन मैं जपि नवकार।
वहुरि करौ[1] किरिया सकल, जिह प्रकार आचार ॥७८०॥

---

७७१ : १ भांति। २ आमणि।
७७३ : १ नरपोल्या। २ नांदलि।
७७५ : १ चौपई।
७७६ : १ ठहराए।
७७९ : १ कीजियौ।
७८० : १ कहौं।

क्रिया वर्नन

निसि ऊंन्हौं अथवा छएयौ, जलतैं पात्र भराय।
वहर[1] भूमि के फिरन कौं, प्रासुक भुव मैं जाय ॥७८१॥
तामैं ग्रैसी[1] जायगा, बरजी सुनिएं साहु।
वहर भूमि कौं भूलिहू, एती ठौर न जाहु ॥७८२॥

चौपई : जहां जु[1] कोई देषत जांणौं, फुनि ह्वै प्रेतनि[2] तणौं ठिकांणौं।
परवत मस्तगि अरु जल मांहि, लषि कैं कवहू फिरिये नांही ॥७८३॥
फुनि वंवई देवल परहरिये, हलकी लीक मांहि नहि फिरिऐ।
फूलनि के वृषिनु कै नीचैं, डाभ वगन[1] की ठौहर वीचैं ॥७८४॥
हरी भूमि फुनि भूमि चिता की, गाय आदि पसु वैठक ताकी।
अगनि तणौं ह्वै कहूं[1] ठिकांणो, इन ठौहर मल मूत्र न ठांणौं ॥७८५॥
तलाव तैं दस हाथ परै ही, करै मूत्र यह वात वतैं ही।
इक सत हाथ परैं मल मोचै, नंदी तैं चौगुणौं न सोचै ॥७८६॥
जलत अगनिस्वर सूरिज चंदा, होय मुनिस्वर ग्यान अमंदा।
कवहू इनकौं देषत जाई, मल फुनि मूत्र न मोचौ भाई ॥७८७॥
वांवैं हाथि[1] सऊच करीजे, जल कौ पात्र दांहिनैं लीजे।
जौ लगि हाथनि धोवै नांहीं, तौ लगि वस्त्रनि नांहि छुवांहीं ॥७८८॥

दोहा : अथवा वाहरि फिरन के, वस्त्र जिते जो होय।
तिन्हैं जुदे ही राषिए, छींवो करै न कोय ॥७८९॥
नंदी और तलाव मैं, सीचौ लेहु न मित।
प्रथम निवांण मलीन ह्वै, अण छांणेयौं जल हुंत ॥७९०॥
छांणे जलतैं धोइए, मांटी ले निज हाथ।
तामैं ग्रैसी होय सी, मांटी तजौ अकाथ ॥७९१॥

---

७८१ : १ बहरि।
७८२ : १ एति।
७८३ : १ ज। २ प्रेतन।
७८४ : १ उगन।
७८५ : १ कहौं।
७८८ : १ हस्त।

सोरठा : वृषि तलैं की होय, फुनि ह्वै नंदी कूप की।
ह्वै तलाव की कोय, ह्वै मल-मूत्र समीपि[1] की ॥७९२॥
सो मांटी मति लेहु, धोवन कौं निज हाथ तुम।
हिंसा होत अछेहु[1], यातैं वरजी है तुम्हैं ॥७९३॥
वांम हाथ वर तीन, प्रासुक मांटी तैं धुपै।
फुनि मांटी जल लीन, दोऊ धोवैं तीन वर ॥७९४॥

दोहा : दांतिण सूको कीजिये, जो सूको न मिलाय।
तौ पांचा परवी विनां, और कीजिये चाय ॥७९५॥
जो कदाचि दांतिण तणौं, मिलै नही संजोग।
तौ द्वादस कुरला करै, मुष सुध होय मनोग ॥७९६॥
अव सनांन के करण की, विधि भाषत हौं तोहि।
जीवजंत लषि दूरि करि, फुनि आसुक भुव जोहि ॥७९७॥
प्रथम लगावो[1] तेल कौं, फुनि जल गरम मंगाय।
पहलैं पग कटि धोय फुनि, मस्तगि जल नषवाय ॥७९८॥
करैं मूत्र धोवैं करनि, मइथुन अंति[1] संनान।
फिरि मल मोचै तौ करै, अर्ध सनांन प्रमांन ॥७९९॥
करि सनांन तैं अंग सुचि, फिरि सामायक ठांनि।
नांम प्रभू कौ लेहु भवि, विरियांतनैं निदांनि ॥८००॥
वहुरि प्रभू की कीजिऐ, पूजा अष्ट प्रकारि।
धरि प्रतिमां ह्वै तौ घरां, कै देहुरा मझारि ॥८०१॥
प्रभु कै सनमुषि[1] प्रथम ही, ठाढ़ो ह्वै कर जोरि[2]।
दरसन करि विनती करहु, विधिवत सीस निहोरि ॥८०२॥

'विनती'[1]

छप्पै : तुम दरसन तैं देव सफल मो मनिष जनम-हुव।
तुम दरसन तैं देव सकल अघ कष्ट टरि-गयव ॥

७९२ : १ समीप।
७९३ : १ अछेव।
७९८ : १ लगावैं।
७९९ : १ अंत।
८०२ : १ सनमुख। २ करि जोरि।
८०३ : १ B missing ।

तुम दरसन तैं देव दोष दुष दालिद टलिहैं।
तुम दरसन तैं देव अमित मनवंछित फलिहै॥
करुनांनिधांन तारनतरन अव मैं तुम दरसन करिव।
वर तीन प्रथम जय निस्सही कहि-कहि कर्मनकौं हरिव॥८०३॥

दोहा : नमसकार अष्टांग करि, दे प्रदक्षिणां[1] तीन।
जिन गुन पढि दरसन करहु, ह्वै प्रभु पद तल्लीन॥८०४॥

अरिल : प्रतिमा[1] ग्यारह आंगुल लौं ह्वै धात की,
ताहि[2] पूजि डावै धरि यह सुभ वात की।
होय जुदी जायगा तहां डव्वा रहै,
घर मैं कवहु न राषिवि राजी गुर कहै॥८०५॥

दोहा : अव पूजा की विधि सुनहु[1], भविजन अति मन लाय।
जैसें भाषी है गुरनि, तैसें[2] कहौं वनाय॥८०६॥

चौपई : वेदी[1] तै[2] लषि दिसि ईसांन, मेर[3] काठकी[4] थापि सुजांन।
तापरि[5] जल वटि धारिए चाहि, पांडुसिला की नकल सुताहि॥८०७॥
वेदी तैं जिन प्रतिमां लेय, ता जलवटि परि आय धरेय।
वहुरि दसौं दिगपालनि जांन[1], जिनकौ विधिवत करि आह्वांन॥८०८॥
पूजि करो तिनकौ सनमांन, जथा जोग्य गुर-वचन प्रमांन।
फुनि ह्वै अर्घ प्रभू मुष पासि, विधि भिषेक प्रभु[1] करहु हुलासि॥८०९॥
कलस पंच भरि कैं सुनि सीष, क्रमतैं जल फुनि रस लै ईष।
घ्रत अरु दूध-दही सुभल्पाय, वहुरो सर्व वोषधी[1] वनाय॥८१०॥
जुदे-जुदे सनांन करवाय, अधिक-अधिक वाजित्र वजाय।
फुनि अंगोछि प्रतिमां सुभ काय, थापि ठौर निज श्री जिनराय॥८११॥

---

८०४ : १ प्रदक्षण।
८०५ : १ प्रतमां। २ ताही।
८०६ : १ सुनौं। २ सो कछु।
८०७ : १ एक। २ वोर। ३ मेरु। ४ काष्ट। ५ तिनपरि।
८०८ : १ जांनि।
८०९ : १ जिन।
८१० : १ वोषदी।

प्रथम हि षेत्रपाल कौं पूजौ, तेल सिंदूर धूप लै दूजौ।
वटुक दीप फल गुड लै भूरि[1], पढ़िकै मंत्र पूजि भरपूरि[2] ॥८१२॥
फुनि प्रभु कौं करिकै आह्वांन, पुस्पनितें पढि मंत्र सुजांन।
आहवांन के पुस्प[1] जु होय, प्रभु के चरननि परि[2] मेल्हौ लोय ॥८१३॥

मंत्र. आ. स्वामिन संवौ, इत्यादिकां त्रिपदि मंत्र .पढे।
ऊं ह्लीं अर्हं श्री पर्म व्रंह्म अतरो वुतरावुतर संवौं षट् आह्वाननं ॥
अत्र तिष्ट तिष्ट ठः ठः स्थापना अत्र मम सनेहतौ भव भव वषट् सन्निधापनं ॥†

दोहा : मन वच तन करि सुद्ध सव, मुषतें मंत्र उचारि।
दर्व्य चढावो आठ भवि, प्रभु की ओर निहारि ॥८१४॥
जल गंगादि सुगंध करि, धार चरन प्रभु देहु।
सो [लुटि] के तीनौं जगत, करत पवित्र सु ऐहु ॥८१५॥[1]

ऊं ह्लीं अर्हं श्री परम व्रंह्मणे अनंतानंत ज्ञांन सक्तये ॥इदं मंत्र ॥

दोहा : दर्व्य दर्व्य परि मंत्र यह, पढौ भवि सु मन लाय।
और पढत सो जोग्य नहि, नूंतन धरे वनाय ॥८१६॥[1]
गरभ[1] जनम[2] तप ग्यांन अरु, पंचम पद निरवांन।
यह मुषतै उच्चारिकैं, दर्व्य चढाय महांन ॥८१७॥
चंदन अरु कपूर लै, केसरि मद्धि घसाय।
चरचहु श्री प्रभु के चरन, भव अताप मिटि जाय ॥
अषित सुगंधित ऊजले, कुंद पुस्प सम आंनि।
पांच पुंज प्रभु अग्र धरि, मनु पुनि पुंज समान[1] ॥८१८॥
कुंद कंज मंदार[1] अरु, पहुप मालती जाय।
भ्रमर गुंज तिन परि करत, सो जिन चरन चढाय ॥८१९॥

---

८१२ : १ A भूरी। २ A पूरी।
८१३ : १ पहुप। २ missing।
८१५ : १ गंगादिक जल ल्याय कैं, सउगंधित करि लेहु।
अंध्रि पीठ जिन बिंब कै, जल धारा कौं देहु ॥८१६॥
८१६ : १ Not at all in B.
८१७ : १ गर्भ। २ जन्म।
८१८ : १ समांनि।
८१९ : १ संदारु।

---

†The entire mantra not given in B.

नांना विंजन दधि घिरत, दूग्ध[1] भात पकवांन।
प्रभु के मुष आगैं धरौ, कनक थाल भरि आंनि ॥८२०॥
पंच-दीप की आरती, जोय फेरि प्रभु पास।
जीति मोहवा जे भयो, पंचम ज्ञान[1] प्रकास ॥८२१॥
अगुर सांम[1] अंवर अवर, बावन चंदन लेय।
फुनि करि धूप दसांग भवि[2], प्रभु मुष आगैं षेय ॥८२२॥
श्रीफलाम्र दाड़िम कपिथ, नारिंग पुंग विजोर।
इन दै आदि चढाय प्रभु, पद ढिगि सरस किसोर ॥८२३॥
करहु अष्ट द्रव्य ऐकठे, अरु नंद्यावृत ठांनि।
दोव साथिया सहित भवि, धरो अर्घ सुषदांनि ॥८२४॥
अैसें पूजा अष्ट विधि, करहु भाव करि सुद्ध।
वहुरचौं पढि जयमाल कौं, अर्घ चढाय सुवुद्ध ॥८२५॥
फुनि पढि सांति जु सुमन तैं, पढों विसर्जन-मंत्र।
ता पीछैं दै आसिषा, विघन-हरन जग जंत्र ॥८२६॥

आह्वांन[1] (नैव जांनांमि इत्यादि मंत्र)[2]

अह्वांन के पुष्प[3] की, देहु आसिषा लोय।
और ठौर के पुष्प तौ, विघन हरन नहि होय ॥८२७॥
वहुरि सास्त्रनि श्रवण करि, करै गुरनि की भक्ति।
दया भाव राषै सदा, दांन देय विधि जुक्ति ॥८२८॥
अव क्रिया[1] सुनि श्राविका, तणी[2] कछुक हित ठांनि।
उठि प्रभाति नवकार मनि, जपै दया उर आंनि ॥८२९॥
वहर भूमि दांतिण तणी, किरिया जिसै प्रकारि।
कहि आयो जो पुरिष कौं, सोही करै विचारि ॥८३०॥

चौपई : पैं निति तिरिया अर्ध सनांन, करै[1] सुभाषी यहै प्रमांन।
प्रासुक भुव लषिकैं जिय जंत, मस्तगि परि जल नहि नाषंत ॥८३१॥

---

८२० : १ दुगध।
८२१ : १ A ध्यांन।
८२२ : १ स्यांम। २ दशांग।
८२७ : १ आहवान। २ not in B। ३ पुष्प।
८२९ : १ A किरिया। २ तनी।
८३१ : १ करहु।

दोहा : सूरज[1] कौ परकास ह्वै, तवैं वुहारी देहु।
कै तौ कूटी मूंज की, कै अति कोमल लेहु ॥८३२॥
जीव जंत कौं वस्त्र तैं, पहलैं दीजे टालि।
वहुरि वुहारी दीजिये, निज नेत्रनितैं निहालि ॥८३३॥
चूल्हा की वांनी सवै, काढै लषि कैं जीव।
फुनि पांडू पीली तणी[1], चौकौ देत सदीव ॥८३४॥
चौका यातैं दीजिये, मृतक जीव जो कोय।
लेय[1] विलाई आदि जिय, वामग निकसे होय ॥८३५॥
नई भूमि जो होय तौ, जलतैं छिड़का देहु।
जो चूनां की होय तौ, धोय सुद्ध करि लेहु ॥८३६॥
लकड़ी अथवा ऊपले, सूके चूल्है वालि।
वीधे ह्वै जालनि सहित, तिनकौं दीजे[1] टालि ॥८३७॥
निज वा उत्तिम[1] जाति तैं, जल मंगाइऐ सुद्ध।
नीच जाति कौं भूलिहूं, छुवन न देहु सुवुद्ध ॥८३८॥
पांणी छांणौं जुगति सौं, कपड़ा[1] गाढो[2] ल्याय।
हाथ अढाई दोवरा, इक नांतिणौं कराय ॥८३९॥
ले करवा तल ढांकणौं, टपका परन न देय।
करै जिवांण्यां[3] जुगति सौं, फुनि वा जलकौं लेय[2] ॥८४०॥
होय जहां कौ जल जहां, भेजि देहु भविराय।
वामैं आछी जुगति सौं, दीजे ताहि मिलाय ॥८४१॥
चंदवा चूल्है परहडै, ऊपरि इक-इक राषि।
जाले जिय षोटी वसत, पड़ै नही यह साषि ॥८४२॥
नाज मंगावो देषि कैं, वीध्यौ घुण्यौं न होय।
ताहू कौं अति सोधिकैं, षोटै पीसै जोय ॥८४३॥

---

८३२ : १ A सूरिज।
८३४ : १ A तणौं।
८३५ : १ A लेई।
८३७ : १ दीज्ये।
८३८ : १ उत्तम।
८३९ : १ कपरा। २ गाडौं।
८४० : १ तलि। २ देहु। ३ जिवाण्यौं।

चाकी ऊंषल पोति कैं, पीसै षोटै नाज।
नीच जाति के हाथ तैं, ऐ न करावै काज ॥८४४॥
वहुरि चालणी छाजले, चमड़ा विन[1] जे[2] होय।
तिनतैं छांणै फटकिये, नाज सु दोष न कोय ॥८४५॥

सोरठा : विन सोध्यौ ह्वै नाज, तरकारो धोयें विनां।
रसोईन[1] मैं साज, ए आवा दीजे नही ॥८४६॥
ऊन हाड़ चमड़ा ज, फुनि षोटी जो वस्त ह्वै।
रसोईन मैं साज, कवहु न आवा दीजिये ॥८४७॥
जे घर मांहि होय, तौला हांडी फुनि चरी।
तिन्हैं उघाड़ी कोय, राषि न कवहूं रांधतां ॥८४८॥
घिरत तेल जल कोय, चमड़ै परस्यौ हू जु ह्वै।
ताहि न षावो कोय, वहुरि हींग कौ आदि दै ॥८४९॥
या विधि तिय सुचि ठांनि, पहरै उत्तम[1] वस्त्र कौं।
दया भाव उर आंनि, करै रसोई जुक्ति सौं ॥८५०॥

दोहा : वहुरि पुरिष जीमण करै, रसोईन[1] मैं पैठि।
तौ सनांन करि कैं करै, ऊजल धोवति वेठि ॥८५१॥
जो सनांन परभाति कौ, करि फिरि फिरवा[1] जाय।
तौ कटि[2] तक न्हाऐं विनां, सुद्ध न ह्वै निज काय ॥८५२॥
प्रभू पूजि आवै घरां, जवैं तयारी होय।
सवैं रसोई की सुचित, तव यम[1] करिये लोय ॥८५३॥
करै ग्रहस्थी षट करम, जिन विन[1] सरै न कोय।
तिनकौ दोष जु आवसिक, जतन कियें हूं होय ॥८५४॥
ताकौ दोष मिटै सु यम, सिघ सवकी कढवाय।
चढ़वावै भगवंत कौं, जिन-देवल मैं जाय ॥८५५॥

---

८४५ : १ विनि। २ जो।
८४६ : १ रसोईनि।
८५० : १ A उत्तिम।
८५१ : १ रसोइन।
८५२ : १ A फिरिवा। २ तकि।
८५३ : १ इम।
८५४ : १ विनि।

फुनि द्वारा पेषरण करै, जो मुनि आवै कोय।
ताकौं लै पडगाहि दै, सुद्ध अहार जु सोय ॥८५६॥
पैंऐ कवहु न दीजिये, मुनि कौं भोजन दांन।
विन जल दधि घ्रत और जो, वास्यौ भोजन जांन ॥८५७॥
वांदे वांदी पांहुने[1], मंत्र जंत्र अरु देव।
इनकै निमित कियो जु ह्वै, सो मुनि दै न तजेव ॥८५८॥
वीध्यौ भूठो[1] वरण-च्युत, रोग वधांवन वार।
सूको जीरण[2] चलित रस, रिति विरूद्ध दुषकार ॥८५९॥
आयो ह्वै परगांव सौं, चमड़ै दुरजन कोय।
परस्यौ विल्ली तुरक कौ, निंदनीक जो होय ॥८६०॥
फुनि परस्यौ ह्वै रजसुला, तिय घर की का आंन।
ए सव दूषरण टालिकैं, दैं मुनि भोजन दांन ॥८६१॥

रजस्वला[1] वर्नन

रजसुलानि तिय कौ वरन, कछु यक कहौं सुभाय।
ग्रंथनि कौ मत पाय कैं, सो सुनिऐं चित लाय ॥८६२॥
होत रितवती जो त्रिया[1], जाके हैं द्वै भेद।
ऐक प्रक्रत इक विक्रत है, विधि सुनि वहुरि निषेद ॥८६३॥
ह्वै जोवन मद रोग तैं, विक्रत सु होय अकाल।
सो सुध ऐक सनांन तैं, त्रय दिन गनैं न लाल ॥८६४॥
होत मास कै मास जो, ताहिं प्रक्रत[1] तू जांनि।
निसि आधी वीतै जु ह्वै, तवतैं त्रय दिन मांनि ॥८६५॥

छंद पद्धरी : इन तीनौं दिन कै मांझि जोय,
एकांत विषै तौ रहै सोय।

---

८५८ : १ पांहुनें। २ A निमति।
८५९ : १ भूठ्यौ। २ जीरन।
८६२ : १ A रजसुला।
८६३ : १ तिया।
८६४ : १ गिनैं।
८६५ : १ A विक्रत।

चित राषै सुस्थ[1] जु धारि मौंन,
परसै न काहि नहि करै गौंन ॥८६६॥
चरचा न करै गुर देव धर्म,
षसवोई सूंघत नांहि पर्म।
दिन तीन जु नीकैं सील पालि,
भोजन इक वेर करै सम्हालि ॥८६७॥
गोरस न षाय काजल करै न,
गंध लेप न माला उर[1] धरै न।
मुष निज गुर नृप कुल देव--देव,
नहि लषैं आरसी नहि लषेव ॥८६८॥
फुनि अपनौं भी जो पीव होय,
तिह साथि वोलिऐ हू न कोय।
वृष[1] तलि फुनि सोवत षाट नांहि,
जप मंत्र हृदै हू नहि करांहि ॥८६९॥
जीमैं विन कांसी और पात्र,
पातलि अंजुली मधि षुध्या[1] मात्र।
तीनौं दिन तौ करिकै सनांन,
घर काज करै कोउ न आंन ॥८७०॥
चौथै दिन घटिका छह प्रमांन,
दिन चढै तवैं करिकैं[1] सनांन।
भीटै सव कौं भोजन करेय,
पंचम दिन गुर फुनि देव सेव[2] ॥८७१॥
निज मंदिर मैं करिये सनांन,
नदी तलाव मति जाहु आंन।
वहुरचौं अव सुनिये और वैंन,
नर नारि वहुरि ऐती करैं न ॥८७२॥

---

८६६ : १ सुसद्द।
८६८ : १ उ।
८६९ : १ वृिष।
८७० : १ क्षुधा।
८७१ : १ करि सुष। २ सेय।

दोहा : तिय रतिवती जु जांनि कैं, वतलावो मति कोय।
ऐक वास तैं सुध ह्वै, वतलायें तैं लोय ॥८७३॥
सपरस कीतौ कांचली, वस्त्रनि तैं इक[1] हाथ।
रहिये दूरि सु तीन दिन, अवर सुनौं इक गाथ ॥८७४॥
वैठी सूती ह्वै जहां, फुनि भोजन जहां[1] कीन।
सो भुव लीपै सुद्ध ह्वै, नाही रहै मलीन ॥८७५॥
वालक पीवै जो सतन, छांटे तैं सुध होय।
वड़े[1] वाल परसै जु को, न्हायें सुचि ह्वै सोय ॥८७६॥
रितिवती[1] जु जिह पात्र मैं, भोजन कीन्हौं[2] चाहि।
तामैं भोजन जो करै, दोष लगै अति ताहि ॥८७७॥
वस्त्र-जुक्त न्हावै वहुरि, दोय करै उपवास[1]।
तव ताकौ दूषन मिटै[2], इम गुर करैं प्रकास ॥८७८॥
पात्र वस्त्र रहवा[1] तणी, ठौहर परसै कोय।
न्हावै अपराजित जपै, सतव सु तव सुध होय ॥८७९॥
सुकवि कहांलौं वरनवै, रतिवति दोष निहारि।
लोक-विरुध जो औरहू, टरै सु दीजे[1] टारि ॥८८०॥
असी रितिवति जांनियें, जो नारी घर मांहि।
तौ मुनि भोजन देहु मति, अति ही दोष लगांहि ॥८८१॥
वरनन ताके दोष कौ, करै[1] सुकवि अस कौंन।
द्वारा पेषण हूं न करि, ता दिनि[2] रहु[3] गहि मौंन ॥८८२॥
जो घर मैं ह्वै सुद्धता, तौ मुनि कौं पडगाहि।
विधिवत नवधा भक्ति करि, भोजन दीजे ताहि ॥८८३॥
जव अहार कौं ले चुकै, तव वन[1] मुनि कौं जाय।
निज श्रावक निज द्वारलौं, आवहु भवि पहुचाय[2] ॥८८४॥

---

८७४ : १ A यक।
८७५ : १ जहं।
८७६ : १ वडो।
८७७ : १ रतिवती। १ कीनौं।
८७८ : १ A व पवास। २ टरै।
८७९ : १ A रैहवा।
८८० : १ दीज्ये।
८८२ : १ A missing। २ दिन। ३ रहि।
८८४ : १ उन। २ A पौंहचाय।

जो मुनि हूं नांहीं मिलै, श्रावक हू नहि होय।
तौ भूषे कौं दीजिऐ, दया भाव करि लोय ॥८८५॥

दांन वर्नन

जिनमत मांहीं दांन ऐ, गुरनि वताये च्यारि।
सो सवही कौ देहु भवि, मनमैं हरष विचारि ॥८८६॥
लषिकैं जांनि सुपात्र कौं, दीजे दांन अहार।
औरनि कौं षुध्या निमति, देहु दया उर धारि ॥८८७॥
वोषदि[1] जोग्य वणाय करि, जथा-जोग्य तुम देहु।
रोग मिटै रोगीनु कौ, तुम भव भव सुष लेहु ॥८८८॥
ग्रंथ जिते जिनमत तणें, तिन्हैं लिषाय स्वरूप।
कमडल पोछी वस्तिका, दीजे गुरनि अनूप ॥८८९॥
जीव जंत प्रांणी सकल, ताकौं मारत कोय।
ताहि वचाय उपाय करि, अभय दांन यह जोय ॥८९०॥
ऐही च्यारचौ दांन हैं, महा जगत मैं सार।
या भव वारापार तैं, ले पौंहचावैं पार ॥८९१॥
वहुरि श्रावकनि कौं कहे, दक्षि करन ए च्यारि।
पात्र सकल अरु सम दया, तेहू देहु विचारि ॥८९२॥
पात्र मुनिश्वर फुनि कहे, श्रावक समकितवान।
भोजन दे फुनि वस्तिका, कमड़ल पीछी दांन ॥८९३॥
सकल दक्षि यह जांनि तू, परिग्रह कौ करि त्याग।
धांम कुटंव धन आदिसौं, तजैं सर्व अनुराग ॥८९४॥
सुत दै आदि वुलाय सव, सौंपै घर कौ भार।
आप निरापेषी रहै, पालै तप-व्रत सार ॥८९५॥
समदति याकौं कहत हैं, साध धर्मी ह्वै कोय।
अथवा वहण सु भांणिजी, होत जवांई सोय ॥८९६॥
हय गय रथ धन धांन्य धर, वस्त्र आभरण कोय।
इन दैं आदि जु दीजिए, जथा-जोग्य जिह होय ॥८९७॥

---

८८८ : १ औषधि।

दया दक्षि प्रांणी सकल, भूषे रोगी जांनि।
वालक वूढा तरुण कौं, जथा-जोग्य[1] दै दांन ॥८९८॥
ए च्यारचौं ही दक्षि हू, कहे जिनागम मांहि।
करि विचार अरु दीजिए, यामैं दूषन नाहि ॥८९९॥
दत्ति समै लषि दीजिए, दांन सु निति प्रति देहु।
यथा-सक्ति तव आप निज, भोजन सुद्ध करिहु ॥९००॥
जिनमत के अनुसार तैं, कहें दांन अरु दत्ति।
भाव सुद्ध करि दीजिऐ, सुभ फल पंहै[1] सत्ति ॥९०१॥
यथा-सक्ति दै दांन फुनि, निज जीमत ह्वै सुद्ध।
ऊजल धोवति वेठि करि, साध मौंन[1] सुवुद्ध ॥९०२॥

मौंनि वर्नन

भौंहा रेखे[1] पै नही, अंगुरी तै न वतांहि।
नांहि हलै न षंषारिये, सोही मौंन कहांहि ॥९०३॥
वहुरि जीमतां पालि भवि, अंतराय ये सात।
मांस मृतक मद रुधिर फुनि, हाड़ चाम छह वात ॥९०४॥
ए तौ नांहीं देषिऐ, फुनि जाको ह्वै नेम।
थाली मैं आवै तऊ, मुष मैं देहु न केम ॥९०५॥
जिनमत मैं तजिवो कहे, ऐ वाईस अभष्य।
तिनकौं लेहु विचारि भवि, षावो तजौ प्रतष्य[1] ॥९०६॥

कवित कंद मूल वोला निसी भोजन तुषार विस,
मि.उ.: संधांणैं सु-घोल[1] वडा कवहू न षाइऐ।
मधुमद मांषन चलितरस मांटी मांस,
वहु-वीजा वैंगण अजांण फल गाइऐ ॥

८९८ : १ A जोगि।
९०१ : १ ह्वं है।
९०२ : १ मौंनि।
९०३ : १ A राषे।
९०६ : १ A षतक्ष।
९०७ : १ औघोल।

तुछ फल पीलू षणां ऊंवरा कठूंवरा[2],
सु वड़वाला पीपला ऐ तनक न ल्याइऐ[3]।
श्रावग कौं यनकौ सरव त्याग कह्यौ,
ऐही वाईस अभष्य जिंनमत मैं वताइऐ ॥६०७॥

दोहा : जो सधि आवै तौ भलैं, मौंनि और अंतराय।
पैं ओ सकल हरीनु की, मरजादा करि षाय ॥६०८॥
धात-पात्र मैं जीमिवो, भाष्यौ[1] है उत्तकिष्ट।
जो न मिलै तौ जीमणौं, पातलि हू मैं सिष्ट ॥६०६॥
ता पातलि के भेद ह्वै, सूकी दीजे[1] त्यागि।
तामैं जीव पड़ै घनें, जाला रहै जु लागि ॥६१०॥
व्यौपारी जो होय सो, करै भलौ व्यौपार।
चाकर करि सुभ चाकरी, दर्व्य उपावो चार[1] ॥६११॥
पैसा षरे पसेव कौं, लाय रसोई मांहि।
और तरह कौ होय सो, यामैं खरचौ नांहि ॥६१२॥
तजहु अथांणौ तेल कौ, फुनि वजार कौ चून।
छाछि पहर सोला पछैं, षांण तणी करि मूंन ॥६१३॥
भुरडी कहैं जवारि की, छोला दैंहगी होय।
आदि वाजरे के सिरा, होला करहु न कोय ॥६१४॥
दोय ढालि ह्वै नाज की, ता संगि दही न षाय।
यातैं वरजी है गुरनि, गलै जीव पड़ि जाय ॥६१५॥
होय चलित-रस जो वसत, फल दें आदि अहार।
वहुरि मिठाई हूं चलित, षावो तजौ प्रकार ॥६१६॥
तजौ ऊंट का दूध की, षीर षांण भविराय।
यामैं दोष लगै अधिक, हिंसादिक कौ आय ॥६१७॥

---

६०७ : २ कठुवरा। ३ लाइए।
६०६ : १ A लाभ्यौ।
६१० : १ दीज्ये।
६११ : १ A चारु।

दोय पहर दिन जब चढै, मद्धि घड़ी घटि दोय।
तब तैं सांमायक करै, च्यारि घड़ी लौ लोय ॥९१८॥[1]
वहुरि उतावलि होय को, तौ लषि व्यौंत विचारि।
नाम लेहु प्रभु कौ भलैं, घड़ी ऐक ह्वै च्यारि ॥९१९॥
या विधि ही संध्या तणौं, सांमायक तू ठांनि।
घड़ी दोय दिन वहुरि निसि, घड़ी दोय लै मांनि ॥९२०॥
निसि वीतै यक पहर जब, तब गृहस्थ जो होय।
निज तिय रिति सेवन करै, पहलैं करहु न कोय ॥९२१॥
तामैं तैं परवी दिवस, चौदसि आठैं जांनि।
त्यागै निज पर सब तिया, ते जग मैं गुनषानि ॥९२२॥
पर-तिय कौ तौ जांनि कैं, करै सर्वथा त्याग।
परवी दिन फुनि दिवस कौं, निज तिय तजि वड-भाग ॥९२३॥
यह तौ विधि तुमकौं कही, फुनि सुनिऐं भविराय।
घर मैं धन वहु होय तौ, जिन-मंदिर चुनवाय ॥९२४॥
फुनि पूजा के उपकरण, नऐ नऐ करवाय।
झारी प्याला आरती, कलस जलौटि वनाय ॥९२५॥
ठौंणां अर धूपायणां, झांझि झालरी थार।
चंदवा आदि वनाय करि, धरि देहुरा मझार ॥९२६॥

---

९१८ : १ A includes the following additional lines between (917-918) without disturbing the verse order.

तापरि साषि धर्मोमृत क्रतेन छप्पै

विरल मूंग उड़दादि धान्य दो दालि तणे जे।
काचे दधि तक्र मैं मेलि नहि षांण भणे जे॥
प्रात गले कै मद्धि जीव वहु उपजि मरैं हैं।
धर्म्मामृत श्रावकाचार मैं वरन करै हैं॥
मेवादि तणी दो दालि ह्वै तिनकौ विदल नहीं धरयौ।
भनि वषतराम अैसैं सुगुर गृंथनि मैं वरनन करयौ ॥१॥

दोय दालि कौ धांन्य फुनि, दुग्ध मिलाय न षाहु।
पत्र जाति जे हरित हैं, चत्रमांस तजि साहु ॥२॥

नए वनाओ विंव प्रभु, फुनि प्रतिष्टा कराय।
चव विधि संघ जिमाय भवि, तीर्थनि संग चलाय ॥६२७॥
धन पाये कौ फल यहैं, दांन पुन्य जिन-धर्म।
इनमैं धन वहु षरचि हौं, तौ पैहौ सुष मर्म ॥६२८॥

अथ सूवा सूतिग वर्नन

दोहा[1] : सूवा सूतिग हू तणी, कछु यक सुणियें वात।
मरजादा माफिक करै, मिटै तास उतपात ॥६२९॥
सूवा की यह विधि तिया, करै चतुर्थ सनांन।
तव तैं मांस जु तीसरै, जात जु गर्भाधांन ॥६३०॥
स्राव नाम ताकौ कहै, इक सनांन ह्वै सुद्ध।
मांस पंच[1] मैं षष्ट मैं, जात सु सुनहु सुवुद्ध ॥६३१॥
नांम पात ताकौ कहै, सूवो दिन छह पांच।
गिनिऐ न्हांऐ सुद्ध[2] ह्वै, यहै मांनि तुव सांच ॥६३२॥
होय सातवैं आठवैं, नवैं सु कहि परसूति।
ताकौ सूवो दस दिनां, फुनि न्हाऐं सुध भूति ॥६३३॥

सूतिग वर्नन

दोहा[1] : वालक मूवो होय तौ, सूतिग गिणि दिन एक।
जौ बालक पौढौ षिरै, तौ त्रय दिनां गिणेक ॥६३४॥
वड़ो पुरिष[1] कोई षिरै, तै ताकौ सूतिग ऐहु।
दिन द्वादस औरै क्रिया, लोक प्रसिद्ध करेहु ॥६३५॥
यातैं यह वरनन कियौ, मुनि कौं भोजन दांन।
सूवा सूतिग मांहि तुम, भूलि न देहु सुजांन ॥६३६॥
ऐ तौ श्रावग के कहे, किरिया फुनि आचार।
तामैं तैं आवे जु सधि, सो सव साधहु सार ॥६३७॥
अव सुनिऐ श्रावग-धरम, कछु यक कहौं वनाय।
तातैं अघ नसि स्वर्ग लहि, फुनि सिवगति कौं जाय ॥६३८॥

---

६२९ : १ missing।
६३१ : १ पांच।
६३२ : १ शुद्ध।
६३४ : १ A missing.
६३५ : १ पुरष।

अथ श्रावग-धर्म वर्नन

दोहा : अनहिंसा रु अचौर्य फुनि, (अ)सति[1] ब्रंह्मचर्य पालि।
परिगृह करि परमांण ऐ[2], अणुव्रत पंच सम्हालि ॥६३९॥
हिंसादिक कौं त्यागि हौ, सप्त विसन कै साथ।
पलिहै जिनमत तोहि तव, जपिहै जिन-गुन-गाथ ॥६४०॥
सुनहु अहिंसा कौ कथन, भविजन अति मन लाय।
जीव जंत प्रांणी सकल, तिनतैं रहु समभाय ॥६४१॥
जीव-वध[1] मति कीजियो, कवहू मन वच काय।
दुष-हू काहू जीव कौं, वस लागत मति ध्याय[2] ॥६४२॥
पुंन्य न पर-उपगार सम, जो ह्वै करवा जोग्य।
पर-पीड़न सम पाप नहि, है यह धर्म मनोग्य ॥६४३॥
भोजन निसि कौं करन तजि, रांधै भी मति कोय।
जीव पड़ै जामैं अधिक, मरै सु हिंसा होय ॥६४४॥
फुनि हिंसा के करन के, तजिए सकल उपाय।
निज मन वच तन तैं वहुरि, और सुनौं भविराय ॥६४५॥
हिंसा करवो त्यागि फुनि, त्यागि देन उपदेस।
वृथा लगै उपदेस तैं, अनरथ दंड विसेस ॥६४६॥
सो यह अनरथ दंड कौ, वरनन कहौं वनाय।
ग्रंथनि के अनुसार तैं, सोहू तजौ सुभाय ॥६४७॥

छंद भुजंग प्रयात : कहै एक आछी हवैली वनावो,
कुवा वाग बाड़ी तलाई षुदावो[1]।
परचौ मेह कीजे अवैं क्यौ न षेती,
पलैगो कडूवा सवै नाज सेती ॥६४८॥
भए कापड़ा मैल मैं सो धुपावो,
अवैं कातरचा क्यौं न वेगे करावो।
पड़े षाट मैं जीव धूपैं नषावो,
परी सीस औ वस्त्र मैं जूं कढावो ॥६४९॥

---

६३९ : १ (अ) injured. २ यह।
६४२ : १ वद्ध। २ द्याय।
६४८ : १ A षनावो।

कहै व्याह वेटा[1] तणौ वेगि कीजे,
सुता के अवैं हाथ पीला करीजे।
तिहारो जु वैरी अवैं पासि आयो,
लड़ौ याहि मारो चहौ चैन पायो ॥६५०॥
वड़ो वृछ[1] है याहि वेगे कटावो,
भले षाट चौकी किवाड़ैं वनावो।
पड़चौ[2] है कजोड़ा[3] वुहारी न दीजे,
भली वावड़ी ऐक आछी न कीजे[4] ॥६५१॥
तिया कौं कहै सीस गुंथाय लीजे,
इन्हैं[1] आदि ए सीष काहू न दीजे।
कहौ तौ कहौ दांन पूजा करावो,
करौ वास औ देहुरा कौं वनावो ॥६५२॥

दोहा : मांगे हू दीजे नही, जातैं हिंसा होय।
तिनहूं के कछु नांम ये, सुनियें लज्जा षोय ॥६५३॥

छंद भुजंग प्रयात : मगे दैंन कौं राछ आछे वनावैं,
करावैं प्रसंसा भलै चैंन पावैं।
हला मूसला ऊंषला देत मांगे,
कटारी छुरी षेट वंदूक सागैं ॥६५४॥
कमांणौं कृपांणौं कडाही[1] गंडासी,
कुसी चावका जेवड़ा मूंज फासी।
भले अंकुसा नांथ आछी नकेलैं,
नई पोटली चांम की ले सकेलैं ॥६५५॥
षुरल्ला[1] षुरप्पा विसोले सु नाड़ी,
तई सांकलै डांग घोटा कुहाड़ी।
चकी फाहुड़ा आर औ दांतला जे,
वली आगि औ लाकड़ी ऊपला दे ॥६५६॥

---

६५० : १ वेटी।
६५१ : १ वृछि। २ परचौ। ३ कजोरा। ४ करीजे।
६५२ : १ इन।
६५५ : १ कढाई।
६५६ : १ षरल्ला।

खिलावै जुंवां भांगि आफू तमाषू,
मगो दे मुकररै तियाकें भिलाषू।
इनें आदि संसार मैं वस्त हिंसा,
दिऐं दोष लागै कहो का प्रसंसा ॥६५७॥

दोहा : कहियतु ए षोटे विणज, जिनतैं उपजै पाप।
तो काहे कौं कीजिये, गहि श्रावग की छाप ॥६५८॥

छंद पद्धरी : दारु सावण मद लोह जाति,
तिल लूंण सिघाड़ा चलित कांति।
वीधौ अन सहत[1] सु कंद मूल,
गुड़ तेल नीलि आफू समूल ॥६५६॥
इन आदि सवै हिंसा प्रकार,
व्यौपार तजौ भवि करि विचार।
लूण्यो घटिका द्वै राषि मीत,
पीछैं तवाय[1] लीजे नचीत ॥६६०॥
निज कारिज रौंष हरचौ न काटि,
षेती मति करि मति तोलि घाटि।
उच्चाटन औ वसिकरन मंत्र,
इन आदि और औषधि[1] रु तंत्र ॥६६१॥
जिनमैं हिंसा कौ लगै दोष,
सो न करि रहौ[1] गहि[2] कैं संतोष।
पर जीवन कौं दुष कष्ट जांनि,
दे मति तजि आरति रौद्र ध्यांनि ॥६६२॥
हिंसक जीवनि पालिऐ नांहि,
कुत्ता विल्ली वुगवो सतांहि।
तूती मैंनां सिकरा[1] सिचांण,
जलकुही वाज चंडूल वांण ॥६६३॥

---

६५६ : १ सहैत।
६६० : १ तवाइ।
६६१ : १ A वोषधि।
६६२ : १ गहौ। २ रहि।
६६३ : १ सिकरे।

इन आदि जु हिंसक जाति जीव,
तिनकौ पालण तजिये सदीव।
मैंना सूवादिक जीव कोय,
मत्ति राषहु पिंजरा मांहि गोय ॥९६४॥
वांध्यौ न राषि जिय करौ पोष,
वंदीषांनें कौ लगै दोष।
पसु और पषेरु नर सम्हालि,
वेचे मति कवहू पालि-पालि ॥९६५॥
पसु आदि सवारी कौं रहै सु,
तिनतैं हिंसा हो वो तजै सु।
गाड़ी षर ऊंट सु वैल आदि,
मरजाद सिवांय न वोऊ लादि ॥९६६॥
भूषे गरमी तैं थकै कोय,
मारिए नहीं चिंडाल होय।
धरती न षोदिये विनां कांम,
जल नाहक नांषहु मति भिरांम ॥९६७॥
विन काजि आगि वालिये नांहि,
विन गरम वीजनां क्यौं हलांहि।
जे वनसपती है दोव आदि,
विन काजि चूंटवो[1] करि न वादि ॥९६८॥
तरकारी फल अरु पत्र जाति,
विन सोधी षाहु न निसि प्रभाति।
फूलन की तरकारी जु होय,
मति षाहु[1] हरी कवहू न कोय ॥९६९॥
डोडा रु सुपारीफल[1] सु आदि,
सारे न षाइऐ कवहु वादि।

---

९६८ : १ चूंटिबो।
९६९ : १ षाय।
९७० : १ सुपरीफल।

फिरवो फिरवावो विनां काजि,
करिये न, लगत है दोष साजि ॥६७०॥
जल माड गरम भुव मति नषाय,
सीतल[1] तैं अगनि न दै बुझाय।
ऊन्हौ सीलौ जल मति मिलाहु,
सारे सांठे कौं मति चषाहु[2] ॥६७१॥
वहु जीव गांठिया की मझारि,
करि चूंषि गंडेरी वहु प्रकारि।
वदरीफल कवहू षाय मत्ति,
बंदारै[1] तौ लट कटै सत्ति ॥६७२॥
सारो मुष मैं दे लट सु जाय,
थिचि जैहै लट जो थेचि षाय।
यातैं याकौं तजि देहु जांन,
फुनि और सर्व करिये प्रमांन ॥६७३॥

सोरठा : जीमिन कवहू पांति, तू विन जाणयां नर तणी[1]।
मांस दोष इह भांति, लागत है सव नरनि कौं ॥६७४॥
घिरत निमत्ति हू कोय, गाय[1] भैंसि नहि राषिये।
हिंसा अति ही होय, अलप नफौ टोटौ अधिक ॥६७५॥
षेती निज घरि संत, करिये नांहीं सर्वथा।
लागै दोष अनंत, ताकौं कवि वरणि न सकै ॥६७६॥

दोहा : जीव जाति के भेद द्वै, इक थावर त्रस ऐक।
तामैं हिंसा त्रसनु[1] की, करहु न गहिकैं टेक ॥६७७॥
थावर कौ तौ आवसिक, लागत है निति पाप।
सोहू हिंसा-भाव तजि, टलै सु टालि अताप ॥६७८॥

---

६७१ : १ सीला। २ A चुषाहु।
६७२ : १ A बंदारय।
६७४ : १ A निर तणी।
६७५ : १ गाइ।
६७७ : १ त्रिसन।

अथ तियनु कौं उपदेस वर्नन†

दोहा : श्रावग-कुल मैं आय कैं, मारि लीष हु न जोय।
अस्ति ऊंन भोजन तणी, ठौर न ल्यावो कोय ॥९७९॥
लीष अस्ति अरु ऊंनकी, जो न मांनिहौ सीष।
तौ भव-भव मैं वोझ ह्वै, भलैं मागिहौ भीष ॥९८०॥
श्रावग के घर मैं वहुरि, घर चिंडाल के मांहि।
यन वातनि कौ भेद है, सो सठ मांनत नांहि ॥९८१॥
अस्ति रसोई ल्यांन कौ, तजिवो मांनैं षेद।
श्रावग अरु चिंडाल घर, तौ कछु रह्यौ न भेद ॥९८२॥
वरत करै त्यागैं अधिक, हरित काय दै आदि।
लीषहु तन जो नां तजैं, तौ सव किरिया वादि ॥९८३॥

अथ असत्ति वर्नन

असत्ति वृति[1] है दूसरो, झूठ न वोलहु मित।
वचैं जीव झूठी कहें, तौ वोलिये[2] निचिंत[3] ॥९८४॥

अचोर्य व्रत वर्नन[1]

तीजौ व्रत चोरी तजण, चोरी करहु न कोय।
भोलौ लेषा मैं न करि, पडी वस्त्र तजि लोय ॥९८५॥
धरोहरि धरि मरि गयो, तिंह धन घरहि न राषि।
अनाचार लागै सु अव, तिनकी है वहु साषि ॥९८६॥
चोरी की ल्याई वसत, लेहु न थौडै मोलि।
राज मनाई सों तजौ, घाटि न कवहू तोलि ॥९८७॥
भांति अधिक चोरी तणी, कौ लौं कहिये वात।
हक्क हिसावी वाजिवी, लीजे दीजे[1] भ्रात[2] ॥९८८॥

---

९८४ : १ A विरति। २ तू बोलि। ३ A नचिंत।
९८५ : १ अचोरी बर्नन।
९८८ : १ ● दीज्ये। २ A भात।

---

†(976-983) does not occur in B.

व्रंह्मचर्य वर्नन

व्रंह्मचर्य पर्वी विनां, निज तिय करि अनुराग।
पर[1] तिय कौ सव भांत्ति तुम, करहु सर्वथा त्याग ॥६८९॥
परणी तिय पर-कंन्यका, विधवा सधवा जांनि।
तिनतें षोटी चेसटा, कवहु न करि मन आंनि ॥६९०॥
हस्तकर्म[1] वहुरचौ पसू, दासी[2] आदि तजेहु।
तीव्र[3] भाव अति कांम के, कवहू[4] नांहि करेहु ॥६९१॥

परिगृह वर्नन

परिगृह कौ परमांरण यह, षेत्र जु भूंमि कहाय।
मंदिर सुवरण धन अधिक, धांन्य नाज कहवाय ॥६९२॥
दासी दास रु अस्व गज, लोह किरांणौं कोय।
सेज साज-जुत ढोलनी, चौकी पाटा होय ॥६९३॥
इन दस विधि कौ कीजिये, यथासक्ति परमांरण।
ताहि उलंघि[1]न सोचिये[2], निज घर मांहि सुजांरण ॥६९४॥
पंच अणुवृत य कहो, तिनकौं निजहू पालि।
औरनि कौ उपदेस हू, दीजे[1] सुभ जिय न्हालि ॥६९५॥
बहुरि कहे हैं वर्त सुभ, सोलह कारण मांनि।
दस लक्षरण रतन त्रये, कहो करन असटांनि[1] ॥६९१॥†
इन दै आदि कहे गुरनि, ग्रंथनि[1] मांझि अनेक।
तिनकौं करिये सक्ति जुत, विधिवत धारि विवेक ॥६९२॥†

अथ[1] सप्त विसन वर्नन

सप्त विसन ये जांनियौं, जूंवां अर परनारि।
चोरी मांस सिकार मद, वेस्यां लेहु विचारि ॥६९३॥†

६८९ : १ परि।
६९० : १ A मांनि।
६९१ : १ हस्तकरम। २ इन दै। ३ A तीवृ। ४ सोभी।
६९४ : वलंघि। २ सांचिए।
६९५ : १ दीज्ये।
६९१† : अष्टन्हि।
६९२† : १ ग्रंथन।
६९३† : १ missing।

†Obviously wrong numbering.

जूवां कवहु न षेलिऐ, चौपरि आदि अनेक।
ज्वाष्यौ होड़[1] इजारड़ा, ऐहू तजौ कितेक ॥९९४॥†
वेस्यां चोरी नारि पर, ए अणुवृत कै मांहि।
तजवी भाषी सो तजौ, सीषहु दीजे नांहि ॥९९५॥†
मद दारू मन वचन तन, याकौं तजि तैंहू तीक।
मादिक वस्त न षाइऐ, निज पर परै न ठीक ॥९९६॥
मांस षांन तौ त्यागि फुनि, देषौ छुवो न काहु।
कंद हरी वीधो जु अन, इन दैं आदि न षाहु ॥९९७॥
करि सिकार जिय मति हनै, काहू भांति न कोय।
चाकर चौडै प्रीति करि, छांनैं रोकि न लोय ॥९९८॥
आप धरोहरि जो धरै, ताकौ मरण न चिंति।
यह सिकार ही जांनियौं[1], व्यौपारी तजि मिंत[2] ॥९९९॥
अैसैं सातौं विसन ये, निज साधन तौ त्यागी।
दीजिऐ न उपदेस हू, भवि जिनमत अनुरागि ॥१०००॥
पंच अणुवृत पालि कैं, सप्त विसन तजि देहु।
स्वर गति लहि अनुक्रमि लहौ, सिवगति नहि संदेहु ॥१००१॥
संयम[1] जप तप वृत नियम, जो जिनमत अनुसार।
सुनि श्री गुरमुष तै सदा, सधै सु साधि अपार ॥१००२॥
पुंन्य धर्म वहु विधि करहु, धरि हिय मांझि हुलास।
जातै साता ह्वै उदै, होय असाता नास ॥१००३॥

कवित दीर्घ[1] मात्रा :
साता ही के आयें दौरे आवै सारे नांती गोती,
पैरी पाऊं लागैं घेरै तौहू नांहि जाते हैं।
रंभासी ह्वै नारी धारैं हीरा मोती सोनां सो तौ,
हासी कै-कैं हीऐ लागैं वोढैं पीले राते हैं॥

९९४† : १ औंर।
९९९ : १ जांनिकौ। २ मिंति।
१००२ : १ A संजम।
१००४ : १ दीरघ।

---

†Obviously wrong numbering.

सोवा काजै चौवारे हैं चेरे दासी सिंगारे हैं,
हाथी ग्रावै दंतारे हैं घोरे काछी ताते हैं।
तातैं साता ही कौं कीयो ह्वै है कोऊ काहू मांनौं,
भारी वातैं काढैं तेतौ सारे झूठी गाते हैं॥१००४॥

दोहा : होणहार ही होत है, यहै कहत[1] सव कोय।
पैं करि पुन्यं सुधर्म भवि, होणहार सुभ होय॥१००५॥
मंत्र जंत्र ग्रोषदि[1] सु विधि, हैं कितेक जग सार।
पैं सरवोपरि है सु यह, जपौ मंत्र नवकार[2]॥१००६॥
यामैं प्रभु ग्ररु साधु[1] की, सकल वंदनां जांनि।
इँह भव पर-भव के सकल, दुष मेटन सुषदांनि॥१००७॥
प्रात सांझ तौ कीजिये, नित्ति नेम प्रभु ध्यांन।
पैं कारिज हू करत मन, राषहु श्री भगवांन॥१००८॥
जे गृहस्थ कौ कहत हैं, ग्रातम चितवन सार।
सो कवहू मति मांनियौं, झूठी कहत लवार॥१००९॥
यह तौ मुनि ही कौं कहैं, ग्रातम चितवन जोग्य।
पूजा दांन दया धरम, करहु गृहस्थ मनोग्य॥१०१०॥
केई मतवारे कहत, नांम जपो जग सार।
कोरो जोग्य ग्रतीत कौं, नहि गृहस्थ सुषकार[1]॥१०११॥
पाय दर्व्य कारिज धरम, करै नही जो कोय।
ता कोरे ही नांमतैं, सुभ फल नांहीं होय॥१०१२॥
होय गृही कै धन ग्रधिक, सो षरचै न लगार।
कोरे भावत भाव सुभ, कैसैं पावत पार॥१०१३॥
धन षरचै जो धर्म मैं, वहुरि लेत प्रभु नांम।
दया धरैं तिनके सदा, सरैं सकल सुभ कांम॥१०१४॥

छंद झूलनां : गृही होय ग्रध्यातमी ग्रातमां कौ,
करौ ध्यांन यौं वातैं वतावते हैं।

१००५ : १ A कहैत।
१००६ : १ A वोषदि। २ A नौंकार।
१००७ : १ A साध।
१०११ : १ सुमकार।

सो तौ जोग्य सागार कौं नांहि यारो,
मुन्यौं जोग्य है नीकैं जतावते हैं।
करो दांन पूजा गृही सुद्ध दिल सौं,
जपौ अर्हंतौं कौं भले भावते है।
कहैं और की और कौं सीष सो तौ,
भलेमांनसौं कौं वे[1] डुवावते हैं ॥१०१५॥

दोहा : यातैं अध्यातम वहुरि, करबो आतमध्यांन।
वरज्यौ गुरनि गृहस्थ कौं, जोग्य दयादि रु दांन ॥१०१६॥

अथ सप्त नरकनि तैं निकसि जीव जो गति पावै सो वर्नन पार्श्वनाथ पुराणोक्त

छप्पै : सप्तम तैं पसु[1] होय देस संजम न संभालय।
छठे नरक तैं मनुषि होय मुनि-वृत नहि पालय ॥
पंचम तैं वृत धरय मोषि गति कौं नहि साधय।
चतुरथ तैं सिव जाय नांहि तीरथ पद लाधय ॥
सव सुभ्रवास तैं आय करि[2] वासदेव[3] भवनहि लहय[4]।
प्रति वासदेव वलिदेव फुनि चक्रवर्त्तिन हि अवतरय ॥१०१७॥

दोहा : जों जीह भवसौं आय करि, गति लेस्या पावंत।
पुनि या भवतैं भव लहै, सो कछु वरनत संत ॥१०१८॥

छंद पद्धरी : माया-चारी जे जीव दुष्ट,
परकौं ठगिवे कौं चतुर श्रिष्ट।
लिषि झूठ वहुरि चुगली जु षांहि,
भरि झूठी साषि सु डरत नांहि ॥१०१९॥
उद्यौत मोह पालै न सील,
लेस्या जिनकै जांनिऐं नील।
आरति ध्यांनी अरु धर्म-हींन,
ते पसु परजाय लहै सु दीन ॥१०२०॥

१०१५ : १ ते।
१०१७ : १ पश्रु। २ कैं। ३ वासुदेव। ४ धरय।

आरति नहि रुद्र न रहित राग,
जुत धर्म सुकल ध्यांनी सभाग।
जिन सेवक पालै वर्त्तसील,
कसिकैं जु करन मद-मत्त पील ॥१०२१॥

दोहा : सुकल ध्यांन श्रेणी मडै, उपसम षिपक सु दोय।
उपसम वाले फिरि भ्रमैं[1], षिपकहि सिव-गति होय ॥१०२२॥

छंद पं० : जिन प्रतिमां जिन मंदिर ठवैं सु,
उत्तिम[1] धन सुभ-षेतनि वुवैं सु।
मुनि सदाचार श्रावक मनोग्य,
सुर--लोक लहहि ते जथा--जोग्य ॥१०२३॥
परणांमी सरल सहैज जीव,
सुभ भद्र भाव राषै[1] सदीव।
ह्वै मोहमंद जिनकै सुछंद,
दीषत है प्रकृति कषाय मंद ॥१०२४॥
आरंभ अलप धन अलप चाहि,
तिनकै--कपोत लेस्या सु आहि।
वरतै जहां पुन्य रु[1] पाप दोय,
ते मिश्र--भाव धर मनुषि होय ॥१०२५॥
परदोष सुनन मैं मन लगात,
विकथा वांनी अति ही सुहात।
कुट कविहि कावि सुनि हरष होय,
पर--भव बहरे[1] उपजैं सुलोय ॥१०२६॥
पढ़हि सुछंद जे विनि विवेक,
करि मृषा पाठ विकथा विसेष।
पर--निंदा भाषैं वहु वनाय,
निज करै प्रसंसा अति वढाय ॥१०२७॥

१०२२ : १ A भ्रमं।
१०२३ : १ उत्तम।
१०२४ : १ धारैं।
१०२५ : १ सु।
१०२६ : १ A वंहरे।

भोजन फुनि मल मूत्रहि करंत,
तजि मौंनि वोल वाचाल हुंत।
वहु झूठी कहि कहि सकत नांहि,
ते गूंगे जनमैं जगत मांहि ॥१०२८॥
पर--तिय मुष देषैं करि सनेह,
निरषैं सठ जौ नादिक रु देह।
वंध वंधन जोवै धरि सुराग,
ते मरि श्रांधे होहैं अभाग ॥१०२९॥
जे करत कुतीरथ कौं जु गौन,
वहु लादत वोझ जु धरहि मौंन।
फुनि करत विहार विनां प्रसंग,
तिंह पातिग फल तैं हौंहि पंग ॥१०३०॥
करि नीति विरणज तैं लछ्छि लेत,
अधिकी न लेत वोछी न देत।
वित्त अलपहु दांनादिक करैं सु,
ते नर धन-धारी अवतरैं सु ॥१०३१॥
धन पाय धरै अभिमांन कोय,
समरथ ह्वै दांन न देत लोय।
छल छिद्र करैं धन कारणैं सु,
अति वढत परिग्रह नहि धपैं सु ॥१०३२॥
धनवांन होय ह्वै क्रपन जेह,
परभव हि दलिद्री होत तेह।
ह्वै मंद कषाई सरल भांव,
अहि निसि वर तैं पूजा स्वभाव[1] ॥१०३३॥
निज वनिता संतोषी सदा सु,
दीषत मंदरागी सर्वदा सु।
सव दुराचार जिन कै निषेद,
परभव पावहि ते पुरिष वेद ॥१०३४॥

१०३३ : १ सुभाव।

अति कांमी कुटिल जु ह्वै अतीव,
ह्वै सरागी[1] सु मोहंत जीव।
पर-वनिता रत संजुक्त सोग,
परभव कांमिनि ह्वै या संजोग ॥१०३५॥
जे राग अंध अति जगत मांहि,
ह्वै कांम भोग सौं त्रपति नांहि।
वेस्या[1] दासी रत ह्वै कुसील,
परभव हि नपुंसक लहहि डील ॥१०३६॥
मन वचन काय ह्वै निरदई सु,
वध[1] वंधन ठांनैं अघमई सु।
पर कौं पीड़ा वहु विधि करंत,
ते अलप आयु[2] धरि कैं मरंत ॥१०३७॥
ह्वै क्रपावंत कोमल प्रनांम,
वहु सोचि विचारि सु करय कांम।
ततपर ह्वै जीव दया मझार,
पर कौं पीड़ा दे नहि लगार ॥१०३८॥
सवही जीवनि सौं हेत भाव,
ते पुरष लहत हैं दीर्घ आव।
जिन जग्य-परांयरण चित सुजांन,
धर सील हौंहि रत पात्र दांन ॥१०३९॥
इंद्री जीतहि धारहि सतोष,
ते लहै भोग नर वरत पोष।
पूजा रु दांन तैं विमुष जेह,
मद लीन सु इंद्री-लुब्ध तेह ॥१०४०॥
दुरध्यांनी अर गुन दया-हीन,
दुरचारी भोग न लहै हीन।

१०३५ : १ सुरागी।
१०३६ : १ A वेसां।
१०३७ : १ missing। २ A आय।

जिन गृंथ पढैं समयो विचारि,
पर कौं सुभ पंथ पढात सार ॥१०४१॥
हित सौं देसति धर्मोपदेस,
परभव पंडित पद लहै वेस।
हिरदै मधि धरि जे ग्यांन गर्व,
दूषत हैं जिन सिद्धांत सर्व ॥१०४२॥
इछ्छाचारी जु पढै असुद्ध,
तजि ग्यान विनय जड़-वुद्धि[1] मुद्ध[2]।
पढने कै जोग्य[3] पढात नांहि,
असै मरि मूरिष ऊपजांहि ॥१०४३॥
आरंभी ह्वै रत अनाचार,
पर कौ पीड़त न करैं अंवार।
नहि गहैं धर्म रत पाप कर्म,
परभव ते रोगी होय[1] पर्म ॥१०४४॥
हरषैं अति वर[1] पर दुषहि देषि,
पर-वनिता पर-धन हरै लेषि।
नर-पसु कौ करत विछोह सोय,
पुत्रादि विवोगी वहै होय ॥१०४५॥
रत नीच कर्म करनां विहीन,
कर पद छेदत छिनमैं प्रवीन।
फुनि पर कौं उपजावंत पीर,
ते विकल लहत षल नर सरीर ॥१०४६॥
जे मिथ्या मत मदिरा पिवंत,
हिय पाप सूत्र सरधा धरंत।
करि निमति धर्म कै जीव वद्ध[1],
धरि कैं कषाय कलुषंत क्रुद्ध ॥१०४७॥

१०४३ : १ मुद्ध। २ बुद्ध। ३ A जोगि।
१०४४ : १ होत।
१०४५ : १ उर।
१०४७ : १ वध।

मत नासतीक पगि रहैं पाप,
ते अनंत संसारी हौहि आप।
रतन-त्रय धर मुनिराज पर्म,
आतम ध्यांनी सु जिहाज धर्म ॥१०४८॥
इच्छा विनि तप घोर जु करंत,
करि नास कर्म भव जल तिरंत।
तिन साधन के निरमल सुपाय,
पूजत उत्तिम नर देव आय ॥१०४९॥
साधर्मी वत्छल गुण सुप्रीत,
ते वांधत उत्तिम गोत्र मीत।
जिन मती जिनागम जांन जेह,
तिनु नमैं न करि अभिमांन तेह ॥१०५०॥
मांनत जु नीच गुरदेव धर्म,
पावत जे[1] गोत्र जु नीच पर्म।
वैराग्य[2] जिके हिय मैं धरंत,
त्रिसनां तजि जिन-मत तपत पंत ॥१०५१॥
अति निर्मल चारित धन भंडार,
धरि ग्यान ध्यांन सुचि विन विकार।
नहि चाहत पूजा लाभ ख्याति,
ते संपति स्वर-अहिंमिंद्रपांति ॥१०५२॥
वैरी वसि आनैं पंच कर्न,
चारित पालैं अति अमल वर्न।
दुद्धर तप करि सोषैं जु काय,
ते स्वर[1] ह्वै चक्री हौंहि राय ॥१०५३॥
जे[1] संम्यक[2] द्रष्टि मुनि गृही जु,
सोलह कारण भावैं सही जु।

१०५१ : १ ते। २ A वैंराग।
१०५३ : १ सुर।
१०५४ : १ A जि। २ A संमियक।

ह्वै तीर्थंकर त्रिभवन[3] धनी सु,
तिहु लोकनि के चूड़ामनी सु ॥१०५४॥

दोहा : भाषा पार्श्व पुरांन की, मधि चरचा यह देषि।
मै यामैं वरनन करी, भवि समझि हैं विसेषि ॥१०५५॥

छंद गीता : गणधर स्वयंभू पार्श्वजिन सौं किये प्रश्न सम्हारि कैं।
आछे बुरे जन कौंन विधि उपजैं सु कहहु विचारि कैं॥
उत्तर दियो जिन सो कछुक मैं धरचो ग्रंथ मझारियो।
कलपित[1] न मैं यामैं कह्यौ भवि जन सवै उर धारियो ॥१०५६॥

अथ तीर्थंकर पिता माता चिन्ह जनम नगरी वर्नन

दोहा : तीर्थंकर चौवीस नमि, पिता-मात के नांम।
जनम पुरी फुनि चिन्ह सव, वर्नं[1] सुनौं अभिराम ॥१०५७॥

चौपई : रिषभ सुवर्ण वर्ण है काय, पिता नाभि मरु देवी माय।
पुरी अजोध्या जनम कल्यांन, नमिऐं वृषभ चिन्ह पैहचांनि ॥१०५८॥
अजित वर्ण तन कनक विभात, जितसत्रु पिता सु विजया मात।
लीन्हौं जनम अजोध्यापुरी, हस्ती चिन्ह नमत स्वर-स्वरी ॥१०५९॥
संभव चंपक वर्ण सुगात, द्रढरथ पिता सुषेणां मात।
श्रावस्ती मैं उपजे धीर, चिन्ह तुरंग नमौं वरवीर ॥१०६०॥
अभिनंदन चांमीकर वर्न, पिता स्वयंवर असरन-सर्न।
सिद्धारथा मात कपि अंक, पुरी अजोध्या वये[1] ससंक ॥१०६१॥
सुमति सुहाटक वर्न सरीर, पिता मेघरथ वहु गुणधीर।
मात मंगला लक्षण कोक, जन्म अजोध्या वंदत लोक ॥१०६२॥
पद्म[1] वर्ण तन रक्त वषांनि, धरण पिता सु महागुण षांनि।
मात सुसीमां चिन्ह सरोज, भये अजोध्या हरचो मनोज ॥१०६३॥

१०५४ : ३ त्रिभुवन।
१०५६ : १ A कलिपित।
१०५७ : १ अब बरनौं।
१०६१ : १ उये।
१०६३ : १ पदम।

सुपार्श्व वर्ण हरित उतकिष्ट, पिता भये तिनके सुप्रतिष्ट।
मात पृथ्वीषेणा अति लसी, स्वस्तिक चिन्ह भये वांणारसी ॥१०६४॥
चंद्रप्रभ[1] तन वर्ण सु स्वेत, महासेन पितु दया निकेत।
मात लषिमणा लक्षण चंद, चंद्रपुरी उपजे सुष-कंद ॥१०६५॥
पहुप-दंत[1] तन वरण सफेद, पितु सुग्रीव लहै वहु भेद।
माता जयरामां निरमये, मकर चिन्ह का कदावये[2] ॥१०६६॥
श्री सीतल तन सुवरन वर्न, द्रिढरथ पिता सु असरन-सर्न।
श्रीवृष चिन्ह सुनंदा माय, उपजे राज भद्रपुर पाय ॥१०६७॥
श्री श्रेयांस[1] कनक सम अंग, गैंडा चिन्ह सु दम्यौं अनंग।
पिता विश्नु[2] नंदा है मात, भये सिंहपुर मैं जग-तात ॥१०६८॥
वासपूज्य तन वरन सुरक्त, पिता नमूं वसुपूज्य सुभक्त।
माता जयावती गुण भरी, महिष चिन्ह भये चंपापुरी ॥१०६९॥
विमलनाथ चांमीकर वर्न, पितु कृतवर्मा जग-अघ हर्न।
सूर चिन्ह जयस्यामां मात, जनमें जिन कंपिला विष्यात ॥१०७०॥
अनंत सुवर्ण वर्ण है गात, पिता सिंघसेन फुनि मात।
सूर्ज्या देवी चिन्ह सु सेह, पुरी अजोध्या जनमें तेह ॥१०७१॥
धर्म सुवर्ण वर्ण है काय, पिता भांनु सुवृता माय।
वज्र चिन्ह तिनकै सोभंत, जनम रतनपुर लियो महंत ॥१०७२॥
सांति कनक कै वर्न सरीर, पिता विस्वसैन गंभीर।
अईरा मात चिन्ह मृग जांन, हस्तनापुर[1] जन्म कल्यांन ॥१०७३॥
कुंथ सातकुंभ सो देह, पिता सूर्यराज गुन-गेह।
छाग चिन्ह माता श्रीमती, हथनांपुर जनमें जगपती ॥१०७४॥
अर प्रभु तन मनु कनक नवीन, पिता सुदर्सन चिन्ह सु मीन।
हस्तनागपुर जन्मसथांन, मित्रा नांम मात भगवांन ॥१०७५॥
मल्लि देह चांमीकर रंग, पिता नमूं[1] श्री कुंभ अभंग।
कुंभ चिन्ह सरस्वती माय, मिथला[2] नगरी जनमैं राय ॥१०७६॥

१०६५ : १ चंद्रप्रभू।
१०६६ : १ पुष्पदत। २ कंदाउये।
१०६८ : १ A श्रीयांस। २ A विश्न।
१०७३ : १ हस्तनागपुर।
१०७६ : १ नमौं। २ A थिला।

मुनिसुवृत तन सोभित स्यांम, पिता भये सुभमित्र भिराम।
कच्छछव चिन्ह सु पदमां मात, राजगृही मैं जनमें तात ॥१०७७॥
नंम्मिकाय सोंना सम वनी, विजय पिता विमात सुजनी।
उतपल चिन्ह अधिक सोभंत, मिथला[1] मैं जनमें भगवंत ॥१०७८॥
नेम प्रभू तन स्यांम कहंत, समदविजय जू पिता महंत।
संष चिन्ह सिव देवी माय, पुरी द्वारिका जनमें जाय ॥१०७६॥
पार्श्वनाथ तन हरित वषांनि, आसासेन पिता तसु जांनि।
वांमां मात चिन्ह है नाग, जनमें वाणारसी सभाग ॥१०८०॥
वर्द्धमान तन कनक समांन, पिता सिधारथ दुति सम भांन।
सिंह चिन्ह त्रिसला उर धरे, कुंडलपुर कै मध्य[1] अवतरे ॥१०८१॥
अैसैं ये जयवंते रहैं, फुनि कैसे हैं सो कवि कहैं।
जग अघ हरि तारत विन कांम, वषतरांम किय तिन्है प्रनांम ॥१०८२॥

अथ सप्त प्रकार माला जपिवा को कथन

दोहा : मोती मूंगा रतन फल, रूपा सूत सुवर्ण।
सप्तमाल जिनमत कही, जपि जिन असरण-सर्ण ॥१०८३॥

अथ प्रथमांनुजोग आदि च्यारि वेदनिरनय कथन

चौपई : आदीसुर यम व्रंह्या भये, वेद च्यारि जिन जो निरमये।
नांम भेद मत भेदहि आंनि, लरत लोग अव भगरो ठांनि ॥१०८५॥†
जुक्ति एक मुनि भवि हिय धरि हैं,सरवारथ सिधि स्वरगन[1] परि है।
तहां देव ऐका भवतारी, वसत सकल जांनौं व्रह्मचारी[2] ॥१०८६॥
या विधि सरवारथ-सिधि नांम, व्रह्म-लोक भाष्यौ अभिराम।
पूरव भव प्रभु लीन्हौं वास, चय किय मद्धि लोक परकास ॥१०८७॥
नाभि पिता कुलकर चउदहें, मरुदेवी माता गुन गहें।
तिनकैं रिषभदेव अवतरे, मति श्रुति अवधि ग्यान करि भरे ॥१०८८॥

१०७८ : १ मिथुला।
१०८१ : १ A मधि।
१०८६ : १ स्वर्गनि। २ व्रंमचारी।

---

† 1084 ।

अैसै व्रह्मलोक तैं आयो, जानि नाम व्रह्मा ठैंहरायो।
सव देवनि परिनाम कहावै, व्रह्मा आदिस्वर जग गावै ॥१०८९॥

छप्पै : व्रह्मलोकतैं चये भये श्री रिषभ तिथंकर[1]।
करमभूमि कौ चलन सिषाय[2] व सकल नारि नर ॥
फुनि गहि[3] केवल-ग्यान प्रभू कमलासन ठांनैं।
भऐ चतुर्मुष तवैं च्यारिहौं वेद वषांनैं ॥
तिनके हैं नांम अनंत तसु पार कौन कविवर लहैं।
भनि वषतराम या विधि इन्हैं सकल आदि-व्रह्मा कहैं ॥१०९०॥

सोरठा : सोही रिषभ जिनंद, च्यारि वेद मुषतैं कहे।
दिव्य ध्वनि[1] मद्धि[2] अमंद, तसु वरनन गनधर कियो ॥१०९१॥

कवित : प्रथमहि कह्यौ प्रथमांनुजोग वेद तामैं,
त्रेसठि सलाका पुरषौं की कथा वरनी।
दूजो करनांनुजोग वेद तांकै मद्धि भाषी,
लोका-लोक सिथिति सुनत सुभ करनी ॥
तीजों चरणंनुजोग वेद तामैं मोषि पंथ,
साधि करि वरै वह मुक्ति रूपी तरनी।
चौथौ वेद दव्यंनि[1] जोग तामैं भाषी कथा,
षट-दर विनु की करम थित हरनी ॥१०९२॥

अथ भिंन भिंन वेद निरनय

चौपई : तोथंकर फुनि माता पिता, कांमदेव हू जांनौ यता[1]।
सवकौं गिनौं छिंनवैं भये, चक्रवर्ति द्वादस[2] वरनयं ॥१०९३॥
नव नव नारद हरि घति[1] हरि, नव वलि ग्यारह सिव सुभकरा।
चौदह कुलकर सवकी कथा, प्रथम वेद मैं वरनी यथा[2] ॥१०९४॥

१०९० : १ तिथंकर। २ दिषाय। ३ लहि।
१०९१ : १ धुनि। २ मदय।
१०९२ : १ दर्व्यानु।
१०९३ : १ इता। २ द्वावश।
१०९४ : १ प्रति। २ A ज्यथा।

दुतिय[1] वेद भाख्यौ अरिहंत, प्रथम अलोका कास अनंत।
तामैं लोक प्रदेस अपार, ताकौ त्र कहै यह विसतार ॥१०९५॥
ऊर्ध्व अर्धै फुनि है मधि लोक, ताकै मध्य[1] वनें वहु थोक।
उदधि दीप मंडल आकार, है ध्रुव सदा असंषि मझार ॥१०९६॥
दीप अढाई तिन कै मद्धि, पंच मेरु[1] तिन मांहि प्रसिद्धि।
स्वर विद्याधर रमैं अनेक, सोलह स्वर्ग सु नव ग्रीवेक ॥१०९७॥
नव नव तरा पिचोतर पांच, तापैं सिद्धसिला भनि सांच।
ऊपरि सिद्ध-षेत्र है जहां, तिष्ठत[1] सिद्ध अनंते तहां ॥१०९८॥
अधो लोक कहियत पाताल, नरक निगोदि तहां अघ जाल।
वात वलय कै है आधार, दूजे मैं वर्नन यह सार ॥१०९९॥
तीजे मद्धि कथा यह धरी, गुन-थांनक चरचा गुन-भरी।
संम्यक दर्सनग्यान चरित्र, ग्यारह गुंन श्रावक सु पवित्र ॥११००॥
परमादी मुनि की वहु क्रिया, बहुरि प्रमाद हरन विधि भिया।
चारित करन त्रिधा विधि सही, श्रेणी द्वै दुष सुषमय कही ॥११०१॥
उपसम षिपक वहुरि चारित्र, कह्यौ जथावत परम पवित्र।
क्रत कारित अनमोदन जेह, द्वि विधि त्रिविधि पंच विधि तेह ॥११०२॥

दोहा : संष्या वरन असंषि[1] विधि, भेद अनंते तास।
सदाचार यह कथन किय, तीजे मांझि प्रकास ॥११०३॥

चौपई : चौथे मैं वरनन यह जांनौं, जीव सु पुदगल[1] धर्म वषांनौं।
अधरम काल अकास जु कहिये, ऐ ही छहौं दर्व्य जग लहिये ॥११०४॥
ऐक ऐक मैं गुन पर जाय, है सक्ति हू अनंत सुभाय।
कोय न जनमैं मरै न कोय, निश्चै नय विवहार जु सोय ॥११०५॥
कर्म भेद इन आदि अनेक, जिनवर कथन कियो प्रत्येक।
च्यारिनु मधि वरने ए भेद, तासौं जोग सु ही है वेद ॥११०६॥

१०९५ : १ A दुतिव।
१०९६ : १ A मद्धि।
१०९७ : १ A मेर।
१०९८ : १ A तिसटत।
११०३ : १ असंष।
११०४ : १ A पदगल।

दोहा : या विधि व्रह्मा वृषभ जिन, वरनैं वेद अनूप।
वषतरांम वंदै चरन, वहु विधि अद्‌भुत रूप ॥११०७॥

अथ च्यारचौं गति सौं आय[1] नर-भव पावै तथा नर-भव तै च्यारचौ गतिनु मैं जाय तिनके लछिण[2]-वर्नन

छप्पै : देवनि की परजाय त्यागि ह्वै मनिष जास कें।
साता सुभ ह्वै उदै ह्वै न उदवेग तास कें॥
घट मैं सु परविवेक सत्ति-परतीति होत अति।
दांन सुपात्र हि देत चतुर ह्वै मधुर-वचन गति॥
संम्यकसुभाव करुणां धरैं, देवपूज्य सतगुर नमत।
गुंन होत इते नरमैं सु वह, स्वर-भवतें आयो रमत ॥११०८॥
अजस मूल नहि लोभ विनय गुनजुत वच भाषै।
दांन देत फुनि दया सर्व जीवनि परि राषै॥
रुचि सुभ रचनां मांझि रहतु सुभ धर्महि[1] जांनत।
सबही कौं लषि सुषी अधिक आनंद उर आंनत॥
मुष रहै सदा अति ही प्रसन, कवहु न व्यापै सोकभर।
लछिन इतेक यम जाँनि यह, नर-भव तजि फुनि भयव नर ॥११०९॥
भोजन करै अघाय रोग तें डरै न षलमति।
ज्यौं-ज्यौं धन वहु वधै-वधै त्रिसनां[1] त्यौं-त्यौं अति॥
मोह-नीद मैं मगन त्रपतिता तनक न आवै।
झूठ वहुरि अग्यांन उदिम सौं वुद्धि गमावैं॥
आलसी नांम प्रभु लैंन मैं, चरचा पाप कियो करय।
आयो जु यहै तिरजंच तैं जो नर ए लछिन धरय ॥१११०॥
करि कषाय तैं कुमति हितू फुनि बंध विरोधहि।
रोग-व्याधि करि गृस्त[1] रहै निसि[2]-दिनि तजि वोधहि॥
मूरिष महा मिथ्या तिनु संगि सुजनम जात नसि।
क्रोध-अगंनि मैं प्रजरि[3] उठै जिम वांस जरत घसि॥

११०८ : १ A missing। २ लक्षिन।
११०९ : १ A धर्मही।
१११० : १ A त्रसना।
११११ : १ प्रसत। २ निस। ३ प्रजुरि।

अति मरम-छेद के वचन कहि, गांस राषि षोटी करैं।
नर आयो नरक-निगोदि तैं, कुगति कुमारग कौं धरैं ॥१११२॥
नरक निगोदिनु जांहि त्यागि नर-भव कौ जे नर।
तिनकौ दुष्ट सुभाव अभष भाषत है बर-बर॥
मेरो वैरी ताहि वांधि दिढ वहुत मारि हौं।
वल प्रचंड तैं षंड, षंड-करि पुर प्रजारि हौं॥
जेतीक भूमि याकी सवै, वसि करि लूटहुँ घर नगर।
धारै जु ध्यांन अतिरुद्र वह, नरक निगोदिनु लहत घर ॥१११२॥
नृपपद पांऊं तौव होय मनवंछित मेरे।
चंद्रमुषी सजि सेज भोगिहौं सांँझ सवेरे॥
नग-भूषन तन वसन पहरि वहु सुगंध लायकैं।
चढ़ि रथ गज सुष-पाल अस्व सांहन वनायकैं॥
विचरौं सुछंद ह्वै अवनि परि, आरति ध्यांन धरयौ करै।
नर-भव कौं त्यागि तिके मनिष, तिरजंचनि की गति धरै ॥१११३॥
घट मैं रहै विचार-भेद आगम कौ निज पर।
महावृतनि धरि दमैं इँद्रियनु रमैं वोध-वर॥
दयाभाव धरि गहि समकित चारित्र हि पालय।
वंध-मोष्य-कारण विचार सव नित्ति सम्हालय॥
तजि कुमति विलास अकर्थ सव, धर्म-ध्यांन मैं रत रहै।
पैहै सु देवगति नर यहै, वषतरांम इम गुर कहै ॥१११४॥
वरन गंध रस[1] सवद रहै इन तैं समभावन।
इँद्री[2] तजै[3] विकार नहि गाढगहि धर्म जु पांवन॥
संकलप-विकलय तजय[4] सुपनहूं मैं विकार नहि।
राग-दोष कौं त्यागि लगै आतम-अनुभव महि॥
ए कहे सवै लछिन जिते जे नर मन-वच तन गहय।
निश्चै प्रकार यौं जांनि वह नर-भव तैं नर-भव लहय ॥१११५॥

इती॥

१११५ : १ मांधरस। २ इंद्रिय। ३ A तजय। ४ तजहि।

अथ ग्रहादिक-पूजन-कथन-छंद[1] छप्पै

पदमपभं कौं सूर्य चंद्रप्रभ कौं ससि पूजय।
वासपूज्य कौं भोम सांति नमि वुद्ध करै जय॥
मल्लि-गुरू फुनि पुष्पदंत कौं शुक्र जु मांनहि।
मुनि सूवृत सनि प्रभु सु पाश्र्व कौं राह वषांनहि॥
नमैं[2] केत पाश्र्व-प्रभु कौं सु इम, अधिष्टदाता जांनिऐ।
जिनविंव अग्नि-ग्रह[3] थापि करि, पूजनि मत परि ठांनिऐं॥१११६॥

चौपई : मंत्र जंत्र ओषधि[1] ग्रहसाधन, तंत्र चतुरई देव-अराधन।
कारिज परि इनहूं कौं मांनहु, प्रभू-भाव इन पैं मति ठांनहु॥१११७॥

सोरठा : सांमायक न्हावंत, मइथुन मल-मोचन ववन[1]।
भोजन जिन पूजंत, मौंनि सप्त ठौहर कही॥१११८॥

प्रथ्वी-नांम

अरिल : नरक-भवन-वासी फुनि विंतर जोतिगी,
कहैं कलपवासिनु की प्रथ्वी कौतिगी।
नवग्रीवेक वहुरि सरवारथसिद्धि है,
जांनि मोषि लौं प्रथ्वी आठ प्रसिद्धि है॥१११९॥

अथ ऐक सौ गुणहतरि मुक्तिगांमी जीवन के नांम

दोहा : तीर्थंकर माता-पिता, सवै वहैतरि होय।
सो तौ कहि आयो वहुरि, अव सुनिए भवि-लोय॥११२०॥

कुलकर नांम

छप्पै : प्रतिश्रुति सनमति वहुरि भये षेमंकर नांमी।
फुनि क्षेमंधर सीमंकर सीमंधर स्वांमी॥
भये विमलवांहन सु कहत चक्षुष मांनवे।
यस्सस्वी अभिचंद्र वहुरि चंद्राभ जांनिवै॥
मरुदेव वहुरि प्रसेनजीत[1], नाभिराय लौं गिनहु सव।
चवदह जु भये तिनकौं नमत, वषतरांम तजिकैं गरव॥११२१॥

१११६ : १ A missing। २ नमि। ३ अग्र-गृह।
१११७ : १ A वोषदि।
१११८ : १ वचन।
११२१ : १ A प्रासेनजित।

कांमदेव-नांम

कवित : वाहुवलि　भय[1]　अमित[2] तेज　श्रीधर,
दसानुभद्र　औ　प्रसेनचंद्र　प्रभुचंद्र　है।
अग्निमुक्त सनतकुमार वत्सराज औ कनक-
प्रभ　सांति　कुंथ　अर　गुणवृंद　है॥
विजय　श्रीचंदन[3]　लहनु　वलि　वसुदेव,
सुदर्सन　प्रद्युमनि　नागकुमरिंद　है।
नाग　नांम　दूजो　है　सथूलभद्र　श्रीकुमार,
जंवूजुत　कांमदेव　चौवीसौ　अमंद　है॥११२२॥

चक्रवर्त्ति-नांम

अरिल :　भरथ सगर मघवा अरु सनतकुमार हैं,
सांति कुंथ अर नाथ सु भोम सुचार है।
पद्म वहुरि हरिषेंणि जांनि जयसेन[1] ऐ,
व्रंह्मदत्त लौं चक्रवर्ति द्वादस भये॥११२३॥

वलिभद्र के नाम

विजय-अचल फुनि कहे सुधर्म सुछंद[1] हैं,
सुप्रभु वहुरि सुदर्शन फुनि आनंद हैं।
नंदिमित्र अरु रांमचंद्र फुनि पद्म जू,
ऐ नव है वलिभद्र न तिनकै छद्म जू॥११२४॥

नारांयण-नांम

अरिल :　त्रिपिष्ट वहुरि दुपिष्ट स्वयंभू फुनि सुनौ,
पुरषोतम नरस्यंघ पुंडरीक हि गनौं।
दत्त सु लक्षमण कृष्ण[1] भये नव सर्व ऐ,
नारांयण अति धरैं राज कौ गर्व ऐ॥११२५॥

११२२ : १ भयव। २ अमृत। ३ श्रीचन्द्रन।
११२३ : १ जयसेनि।
११२४ : १ सुचंद।
११२५ : १ A क्रष्ण।

प्रति-नारायण-नांम

अस्वग्रीव तारक फुनि मेर[1] जु सोभिता,
हैं निसुंभ कैटभ मधुसूदन वलिहता[2]।
रांवण जरासिंध लौं नव ए जांनिऐ,
प्रति-नारायण इनके नांम वषांनिऐ ॥११२६॥

नव नारद-नांम

छप्पै : प्रथम भीम अरु महाभीम फुनि रुद्र कहावहि।
महारुद्र औ काल महाकाल जु जग गावहि॥
दुरमुष है इक नाम नरकमुष कहै एक कौं।
एक अधोमुष नांम रहै[1] अति गहैं टेक कौ॥
नव भये सकल नारदमुनी, तिनकौं कलह सुहात अति।
भव पाय[2] अनेक सु जांहिंगे, ऐहू जिय पंचम सुगति ॥११२७॥

ग्यारह रुद्र-नांम

भीम सुवलि जितसत्रु वहुरि विस्वानल भाषिव।
सुप्रतिष्ट अरु अचल पुंडरीक हि अभिलाषिव॥
अजितंधर जितनाभ नांम यक[1] पीठ वतांवहि।
वहुरि सात्वकीपुत्र रुद्र ग्यारह जग गांवहि॥
सव भये ऐक सौ साठि नव, जोव मुक्तिगांमी प्रवल।
सिव गये जांहिगे अनुकरमि, वषतरांम वंदत सकल ॥११२८॥

दोहा : तिनमैं सांति कुंथ अर, पदई पाई तीन।
तीर्थंकर चक्री वहुरि, कांमदेव गुन लीन ॥११२९॥

अथ सोलह सती-नांम

दोहा : सोलह सती कहात हैं, तिन हूं के जो नांम।
कहे जिनागम मांहि सो, सुनि लीजे अभिराम ॥११३०॥

११२६ : १ मेरु। २ बलिहंता।
११२७ : १ रहत। २ पाइ।
११२८ : १ इक।

कवित्त : ब्रांह्मी औ सुंदरी दो वालिका कहावै ऐही,
भगवती राजीमती द्रोपदी वतात हैं।
कोसल्या[1] मृगावती रु सुलसां जू सीतारांनी,
सुभद्रा सिवा सु कुंती सीलवती गात हैं॥
दमयंती ताकौ नलदयता धर्‌यौ है नांम,
पद्मावती चंदना सु मरुदेवी मात हैं।
एही सव सोलह सती कहैं जिनागम मैं,
जयवंती रहौ सदा जग मैं विष्यात हैं॥११३१॥

अथ तीर्थंकर जिह आसन तैं मुक्ति गये सो वर्नन

छंद पद्धरी : पद्मासन तैं जिन रिषभ देव।
प्रभु वासपूज्य फुनि नेम ऐव॥
रहि सेस सवै कायोतसर्ग।
धरि ध्यांन लह्यौ सुष मोषि-वर्ग॥११३२॥

अथ तीर्थंकर कंवारे मुक्ति गऐ तिनके नाम[1]

प्रिभु[2] पांच कुमारे गये मुक्ति।
जिन वासपूज्य मलि नेमजुक्ति॥
श्रीपार्श्व जिनेस्वर[3] वर्द्धमान।
औरनि तिय तजि सिव किय पयांन॥११३३॥

अथ श्रावक के सप्तदश नित्ति-नेम-वर्नन

सोरठा : नित्ति करै मरजाद, नित्ति नेम ताकौ[1] कहै।
श्रावक धरि अहलाद, करि न करै वोछी अधिक॥११३४॥

छंद : भोजन जे नित्ति करांही, कैसौ फुनि कै विरयांही।
षटरस मैं जो रस लेणां, सो लेहु और तजि देणां॥११३५॥
पय-पांनी आदि जु पीवो, कुंकमादि-विलेपन कीवो।
फूलन की गंध जु लै हैं, तांवूलादिक हू षैहैं॥११३६॥

११३१ : १ A कोसल्लया।
११३३ : १ तीर्थंकर कंवारे मुक्ति गए सो बर्नन छंद पद्धरी। २ जिन। ३ जिनेसुर।
११३४ : १ जाकौं।

गीतन कौ सुनन सुगांवन[1], निति नृत्ति सुनांवत करांवन।
फुनि ब्रंह्मचर्य कौं पालय,[2] मरजाद करै सु न टालय[3] ॥११३७॥
नित्ति करन सनांन जितीवर, पहरण आभूषण वसतर।
वांहन गज हय रथ राजै, सेज्या सोवन कौ साजैं ॥११३८॥
आसन जु विछांवन गादी, पाटा चौकी दै आदी।
फुनि सचित मद्धि जो त्यागै, चित्त गमन करन अनुरागै ॥११३९॥
ऐ विधि सत्रह जो भाषैं, करि कैं मरजाद सु राषैं।
नित्ति-नेम करै ता मांही, मन-वच-तन नांहि चिगांहीं ॥११४०॥

दोहा : गुरु गणधर ऐ विधि कही, श्रावग कौं उतकिष्ट।
सत्रह सव पालै जु निति, जे जगमांही श्रिष्ट ॥११४१॥

अथ जींह द्वारै होय जीव नीकसै, अर जो गति पावै, वा जींह द्वारै होय आवै, वा कुण तरह उपजै, वा वधै सो वर्नन ग्यांन सूर्योदय नाटिकेन उक्त श्लोक

ऊर्धद्वारेण मोक्षत्वं चक्षुर्भ्यां देवयोनिका।
मुख-मर्त्य-जन्म[1] स्यात् नासाभ्यां व्यंतरो भवेत् ॥११४२॥
करणाभ्यां असुरत्वं च ल्यंगद्वारे निषादका[1]।
गुह्येन नारकाश्चैव दसै[2] द्वाराणि निर्गम ॥११४३॥
जीवस्यागमनं चैव मुखमेव प्रकीर्त्तिता ॥११४४॥
पितुशुक्राच्च मातुश्च शोणिताद्गर्भ-संभव।
सुकर्म-परिणामेन जीवस्यो:पत्तिरिष्यते[1] ॥११४५॥
श्रुक्रस्याधिक्यतो बाल कन्या शोणित-गौरवात्।
श्रुक्रशोणितयो साम्य[1] षंडत्वं तस्य जायते ॥११४६॥
नृदेहे यदि सूर्यः स्यान्नार्या सीतकरो यदि।
विंदो संजायते पुत्रो वैपरीत्ये तु पुत्रिका ॥११४७॥

११३७ : १ A सुगांवन। २ पालैं। ३ टालैं।
११४२ : १ मृत्यचजन्म।
११४३ : १ निषादिका। २ दश।
११४५ : १ जीवेस्योत्पत्तिरिष्यते।
११४६ : १ स्याम।

सूर्य-द्वये वीज-नास षंढ ससि-युगे भवेत् ।
ऋतौ समैः दिनः पुत्रो विषमैः पुत्रिका मता ॥११४८॥
कलवलं चैक रात्रेण पंचरात्रेण वुद्वुदः ।
पक्षकेणांडकं चैव मासेनां च शिरोंकुर ॥११४६॥
उरो मासद्वयं यावत् त्रिभिश्चैव तथोदरं ।
साखा चतुर्थमासेन अंगुली नष पंचमे ॥११५०॥
रोम द्रष्टिश्च षष्टे च सर्वावयव सप्तमे ।
नवमे दशमे वापि वायुना सो वहिर्भवेत् ॥११५१॥

ताकी भाषा

दोहा : निकसै जीव सरीर तैं, जिह जिह द्वारै जोय ।
जे जे गति पावै सु यह, वरनन सुनि भवि-लोय ॥११५२॥

छप्पै : ऊर्धद्वार नीकसै मौषिपद पावत जे हैं ।
नेत्र द्वारि ह्वै निकसि देवगति पावत ते हैं ॥
मुष ह्वैं निकषत मनुषि नांक ह्वै वित्तर होई ।
कांननि तैं ह्वै पसू असुर लिंगि पसु राक्षस सोई ॥
अपद्वार होय निकसै जु को, सो पावत है नरक-गति ।
इह भांति ग्यांन-सूर्योदये, नाटिक मैं वरनी विगति ॥११५३॥

अथ जीव का आगम कौ वर्नन

सोरठा : आगम मुष की राह, होत जीव कौ सकल कै ।
और राह नहि थाह, असैं मुनि वर्नन कियव ॥११५४॥

अथ जीव उतपति वर्नन

अरिल [छंद]: पिता तणौं ह्वै सुक्र रुधिर ह्वै मात कौं,
मिलै जवैं रतिसमै समै उपजात को ।
जीव आय तिह ठौहर[1] दुहूं कौं षैंचही,
तव ही उतपति होत वात असैं कही ॥११५५॥
शुक्र अधिक ह्वै तौ उपजत है वाल जू,
रुधिर अधिक तैं कन्या होत विसाल जू ।

११५५ : १ ठौरहु ।

दोउ सम जो होय, नपुंसक[1] उपजहीं,
उपजन की यह रीति, सकल जांनौं सही ॥११५६॥

सुरोदये मतेन वर्नन

अरिल : सूरिजस्वर[1] ह्वै पुरिष[2] नारि ह्वै चंद्रस्वर,
करत जु रिति तिह समै होत है पुत्रवर।
दोऊ ह्वै विपरीति पुत्रिका जांनियौं,
यहै स्वरोदय युक्ति कही सो मांनियौं ॥११५७॥

दोहा : नरनारि ह्वै सूर्यस्वर, तौ ह्वै वीरज[1]-नास।
होय नपुंसक दुहु तणौ, ह्वै स्वर चंद्र-प्रकास ॥११५८॥
रिति के दिन तैं दिन गनैं, धरै गर्भ जो कोय।
सम दिन ह्वै तौ पुत्र ह्वै, विषम पुत्रिका होय ॥११५९॥

अथ गर्भनांम-संग्या-वर्नन

अरिल : प्रथम रात्रि ही गर्भ धरत है वांम जो,
कलवल कहिऐ तास गर्भ कौ नांम जो।
पंच रात्रि के गये वुदवुदा कहत हैं,
पक्ष एक कै गएें अंड ह्वै रहत हैं ॥११६०॥
मास गये निकसत अंकूरा सिर तनैं,
उर उपजत है मास दोय वीतैं भनैं।
तीन मास जव जांहि उदर जव होत है,
मास चतुर्थम साषा धरत उदोत है ॥११६१॥
अंगुरी नष पंच मैं नीकसै अंग मैं,
रोम द्रिष्टि षष्ट मैं प्रगट ह्वै संग मैं।
सव ही आंगोपांग सप्त मैं सुद्ध ह्वै,
वंधन तणो उतपति सरद हैं सुवुद्ध ह्वै ॥११६२॥
नवमैं दसमैं मांसि पवन कै साथि जू,
निकसि उदर तैं वाहरि वालक आत जू।

११५६ : १ A निपुंसक।
११५७ : १ सूर। २ पुरष।
११५८ : १ वीरिज।

जवही तें जंजाल जगत कौं लागहीं,
कोई विरले सुभ गति तप करि पांगहीं ॥११६३॥
रस फुनि रुधिर सु मांस मेद अरु अस्थि है,
मज्जा शुक्र धात ए सात समस्त है।
ह्वै सरीर इन मई ताहि तू मांनि कैं,
तजि अधर्म गहि धर्म जिनेस्वर जांनि कैं ॥११६४॥

दोहा : यह वरनन यातैं कियो, अैसो असुचि सरीर।
ताहि पाय करि धर्म तप, ज्यौं पावैं भवतीर ॥११६५॥

अथ पंच-परमेष्टी के नांम आगैं कहे तिन के गुन विधिवत वर्नन

दोहा : पंचपरमईष्टीन के, गुन भाषे भगवंत।
सो विधिवत वरनन कछुक, सुनिऐं सकल महंत ॥११६६॥
प्रथम तिर्थंकर जगत-गुरु, जे अरिहंत कहात।
तिन के षट-चालीस गुंन, सव जग मांहि विष्यात ॥११६७॥
ग्यांन तीन मति श्रुति अवुधि, जिन कैं जनमत होय।
तिन सिवाय दसगुन जु ह्वै, सो सुनिए भवि-लोय ॥११६८॥

छप्पै : विनय-सेव निर्मल सुगंध[1] अति ह्वै स्वरूप तन।
वज्र वृषभ नाराच प्रथम तिन कौ जु संहनन ॥
समचतुरश्र संस्थांन रुधिर ह्वै स्वेत दुग्धसम।
विन प्रमाण प्राकर्म-वचन भाषै प्रिय-हित यम[2] ॥
लक्षिण विंजन जु सरीर मैं, इक सहश्र ह्वै अष्टपरि।
तिन मद्धि अठोतरसै लषिण, नवसै विंजन गिनहु धरि ॥११६९॥

सोरठा : उपजै केवल ग्यांन, तव ये अतिसय होत दस।
चतुरथ[1] ग्यांन कल्यांन, ताकी महिमां को कहै ॥११७०॥

कवित्त : होत च्यारचौं दिसि सौ सौ-जोजन सुभ षिकुनि,
च्यारि मुष होय करै गमन अकास मैं।

११६९ : १ A स्वगंध। २ जिम।
११७० : १ पंचम।

तिनके सरीर तै न होत वध प्राणी कोऊ,
भोजन न करै उपसर्ग ह्वै न जा समैं ॥
नेत्र-टिमकार मिटै छाया तैं रहित होय,
विद्या सव के ह्वै स्वामी दूजो नांहि ता समैं ।
नष केस वधै नांहि एई दस अतिसय,
उपजत घाति या करमनि के नास मैं ॥११७१॥

दोहा : देवतानि करि होत हैं, चौदह अतिसय आय ।
तीर्थंकर ही कै तिन्हैं, सुनिएं भवि मन लाय ॥११७२॥

छंद गी० : इक सर्वार्धं मागधी भाषा, फुनि ह्वै सव सौं मैत्रीभाव ।
तरु फूलैं रु फलैं छहुं रिति के, सव कै ह्वै आनंद-सुभाव ॥
भूमि रतनमय होत काचसम, त्रिविधि समीर चलत तिह ठौर ।
सीतल मंद सुगंध भविनु के, मेटत सकल खेद झकझोर ॥११७३॥
गंधोदिक की वृष्टि होत तंह, निरमल होत दिसा आकास ।
दोयसै रु पच्चीस कनक के, कमलनि के भूमिका सु तास ॥
ऊपरि अंतरीछि प्रभु चालत, ह्वै षेत्रनि मैं धान्य अनंत ।
देव वुलावत हैं देवनि कौं धर्म-चक्र मुख-अग्नि चलंत ॥११७४॥

सोरठा : मंगल-दर्व्यं जु आठ, ए चवदह अतिसय भये ।
यहै पुन्य कौ ठाठ, तीर्थंकर कै होत है ॥११७५॥

चौदह अतिसय मैं आठ मंगल-दर्व्य कौ वर्नंन

दोहा : झारी पिडघा[1] आरसा, ताल ध्वजा[2] अरु छत्र ।
कलस चवर ए अष्ट हैं, मंगल-दर्व्य पवित्र ॥११७६॥

सोरठा : ये अतिसय चौतीस, प्रातहार्य फुनि आठ ह्वै ।
जे भाषे जगदीस, सोहू सुनि भवि लाय मन ॥११७७॥

चौपई : प्रथम असोक वृषि इक होय, वरिषा करैं पहुप स्वर[1]-लोय ।
दिव्य-ध्वनि भगवत-मुषि षिरै, सुनि-सुनि कैं भविजन वहु-तिरैं ॥११७८॥

११७६ : १ पडिघा । २ धुजा ।
११७८ : १ सुर ।

चहु दिसि चौसठि चवर[1] ढालंत[2], सिंघासन[3] परि प्रभु राजंत।
भा-मंडल-दुति अति दमकंत, तीन छत्र सिर परि सोभंत ॥११७९॥
वहुविधि के वाजित्र जु लाय,[1] धारि विमांननि मैं सुर[2] आय।
दुंदभि सवद करत गंभीर, ए वसु प्रातहार्य हुव वीर ॥११८०॥

दोहा : च्यारि अनंत चतुष्टये, दर्सन वीर्य सु ग्यांन।
फुनि सुष ए सव गुन भये, षंट-चालीस प्रमांन ॥११८१॥

अथ सिद्धां का गुन-वर्नन आठ

अरिल : है संम्यक्त सु प्रथम ग्यांन फुनि जांनियें,
दर्सन वीर्य अनंत सूक्ष्मता मांनिऐं।
अवगांहन सु अगुर लघु अव्यावाध हैं,
ए आठौं गुण सिद्धनु तणे अगाध हैं ॥११८२॥

अथ आचार्य-गुन छतीस वर्नन

दोहा : आचारिज-गुर के सकल, गुण भाषे छत्तीस।
वंदौं मन-वच तन[1] तिन्हैं, हाथ जोरि नमि सीस ॥११८३॥
तप वारह परकारं कौ, षट आभ्यंतर अंन।
षट-प्रकार है वाभ्य कौ, ऐ वारह विधि वंन ॥११८४॥

चौपई : षट-प्रकार तप वाह्य वतावैं, अनसन उपवासादि कहावैं।
आंमोदर्य सु अलप अहारा, सुनि वृत[1] परि संष्यांन विचारा ॥११८५॥
करै निदांन आप मन मांहीं, पुर मैं मुनि अहार कौं जांहीं।
वैल सींग गुड़ भेली धारैं, जो न मिलै तौ लैं न अहारैं ॥११८६॥

वरवै : इन दै आदि निदांन[1] जू मुनी[2] करांहीं।
माफिक किये मिलै तौ भोजन षांहि ॥११८७॥

११७९ : १ चमर। २ ढलंत। ३ स्यंहासन।
११८० : १ ल्याय। २ A स्वर।
११८१ : १ A वीर्ज्य।
११८३ : १ A missing।
११८५ : १ A व्रित।
११८७ : १ मुनिस। २ निदांन।

चौपई : सोही वृति परि है संष्यानौ, रस-परत्याग चतुर्थम जांनौं।
षट-रस मांहीं जो रस त्यागै, तिह दिन तासौं नहि अनुरागैं ॥११८८॥
सज्या आसन करै इकंत, सो विवक्त सज्यासन संत।
वहुविधि काय-कलेस करंत, ए षट तप है वाह्य महंत ॥११८९॥
षट-प्रकार आभ्यंतर कहिये, दोष लगें कौ प्राछित चहिए।
विनय करत गुरु लघु ह्वै जैसौ, वयावरत करि गुर ह्वै तैसौ ॥११९०॥
स्वाध्याय जु है पढन पढांवन, व्युतसर्ग जु अति कहिए पांवन।
ठाढें वैठें वंदन करहीं, षष्टम ध्यांन आतमिक धरहीं ॥११९१॥

दोहा : ये वारह विधि तप तणी, कही कछुक या मांहि।
अव जो षट है आवसिक, सुनि भवि मन हरषांहिं ॥११९२॥

चौपई : षट आवसिक धारियह मनां, सांमायक सतवन वंदनां।
पडिकमणां[1] अर प्रत्याख्यांन, वहुरि करै व्युतसर्ग-प्रमांन ॥११९३॥
अव सुनिऐ भवि पंचाचार, दरसण ग्यांन चरित तप-सार।
पंचम वीर्याचार कहाय, सो मुनि पालै मन-वच-काय ॥११९४॥
फुनि पालै दसलक्षण-धर्म, उत्तम[1] षिमां मारदव पर्म।
वहुरि आरजव सत्तिस ऊच्च, संजम तप अरु त्याग समुच्च ॥११९५॥
आवयंचन-गुण नवमौ कहैं, व्रंह्मचर्य ए दस गुण गहै।
मन-वच-काय गुप्ति-त्रय पालि, गुण छतीस ए लेहु सम्हालि ॥११९६॥

अथ उपाध्याय-गुन-वर्नन

दोहा : उपाध्याय के होत गुण, अंग रु पूर्व पचीस।
पढत पढावत है सकल, इम भाष्यो मुनि-ईस ॥११९७॥

अरिल : प्रथम अंग आचार सु वरनन जासमैं,
है जतीसुरनि कौ आचार सु तासमैं।
ताके पद सव सहस अठारा जांनिऐं,
श्रीगुर गणधर कथे तास उर आंनिऐं ॥११९८॥
सूत्रकृतांग दुतिय तामै वरनन भिया,
ग्यांन विनय छेदोपसथापन है क्रिया।

११९३ : १ पडिकमणौं।
११९५ : १ A उत्तिम।

पद छत्तीस हजार तास के तुम गिनौं,
फुनि तीजौ जु सथांन अंग ताकी सुनौं ॥११९९॥
वरनन जामैं षट-दर्व्यंनु कौ सव कियौ,
वहुरि ऐक दै आदि उतर सव ही दियो।
पद-सथांनक तीयालीस हजार हैं,
चतुरथ है समवाय-अंग अव विधि कहैं ॥१२००॥

छंद गीता : है धर्म वहुरि अधर्म लोकाकास फुनि यक जीव है।
गिनि नर्क सप्त सुदीप जंवू सिद्धि सरवारथ कहै॥
भव भाव फुनि है वापिका जे दीप नंदीसुर तणी।
पद तास के इक लक्षि[1] चौसठि सहस भाषे मुनि गुणी ॥१२०१॥
व्याक्ष्या प्रगिप्ति सु अंग पंचम वरन सुनि भवि धरि हिये।
इह जीव है कि नही इत्यादिक प्रश्न गणधर नैं किये॥
सव साठि सहस सु तास के उत्तर सवै जिनवर दऐ।
पद दोय लषि अठवीस-सहस सु सुनत भवि हरषित[1] हिये ॥१२०२॥

अरिल : ग्यात्रिकथांग षष्टमौं यह जांनौं जथा,
मद्धि तीर्थंकर गणधरांनि की है कथा।
पद ताके लक्ष[1] पांच सु छपन हजार हैं,
सोही वरनन जग मैं अवहू सार हैं ॥१२०३॥
सप्तम अंग सु हौ[1] उपासकाधैंन जो,
वरनन है श्रावकाचार कौ अैंन जो।
पद ताके ग्यारह लषि सत्तरि सहस है,
सो ग्रहस्थ-जन तणे कांम के है यहै ॥१२०४॥

छंद गीता : अंतक्रतदस-अंग अष्टम तास मधि है वरनये।
इक एक तीर्थंकरनि कै वारै मुनी दस-दस भये॥
सव अंतक्रत केवली तिनकौ कथन यामैं जानिऐं।
पद लक्ष है तेईस फुनि अठवीस-सहस वषांनिऐं ॥१२०५॥

१२०१ : १ लक्ष।
१२०२ : १ A हरषत।
१२०३ : १ लषि।
१२०४ : १ है।

अनुतरदसांग सु नवम मैं इक इक इक[1] तिर्थंकर कैं भये।
वारैं मुनी दस-दस सवै उपसर्ग सहि स्वरगनि[2] गये॥
अनुतर विमांननि मांझि ते पहुंचे अमर-पदई लही।
पद वांणवै लषि सहस चव चालीस भवि जांनहु सही॥१२०६॥

अरिल : प्रश्नव्याकरण-अंग दसम वरनन यहै,
नष्ट-मुष्टि इत्यादि प्रश्न-उत्तर कहै।
पद वांणवै सु लक्षि सहस सोलह भनैं,
ताही कै अनुसारि जगत फैले घनैं॥१२०७॥
है विपाक-सूत्रांग ग्यारमौं जानि तू,
कर्मनु तणी उदै उदीरणां मानि तू।
फुनि है सत्ता-कथन तास पद कोटि ऐ,
तापैं लषि नव असी लेहु भवि जोटिए॥१२०८॥

दोहा : यह तौ ग्यारह अंग कौ, कीन्हौं कछुक वषांन।
अव चौदह पूरव तणौं, वरनन सुनहु सुजांन॥१२०९॥

छंद गी० : उतपाद पूरव प्रथमंही ता मद्धि कथन अनादि का।
सव ही पदारथ का कियो उतपाद व्यय ध्रुव आदि का॥
पद कोटि इक[1] ताके कहैं फुनि दुतिय है अग्रांयणी।
तामैं कथन अंगनि तणां है अग्रभूति यहै सुणी॥१२१०॥
पद लाष छिनवै जांनि ताके वहुरि पूरव तीसरा।
वीर्यांन-वाद सु जांनि तामैं यह[1] कथन[2] सव नीसरा॥
वलिदेव तीर्थंकर सु चक्री आदि कौ 'वल वरनयो[3]'।
पद लक्ष सत्तरि भये ताके रहहु सो जग मैं जयो॥१२११॥
अस्ति-नास्ति-प्रवाद मैं जीवादि वस्त अनंत हैं।
ते है कि नांही यह चतुर्थम मैं कही भगवंत हैं॥
पद साठि लक्ष सु कहे फुनि पंचमौ ग्यांन प्रवाद है।
वसु-ग्यांन कौ तामैं कथन कींनौं धरैं मरजाद है॥१२१२॥

१२०६ : १ इक only। २ सुरगनि।
१२१० : १ A यक।
१२११ : १ कथन। २ यह। ३ 'बरनन वयौं'।

उतपति सु जिम कारण वहुरि वसु-ग्यांन-धारी मुनि भये।
कीनौं सकल तिनकौ कथन पद कोटियक घटियक-ठये॥
षष्टमां सत्य प्रवाद मैं अक्षर सथांनक आठ हैं।
वे-इँद्रियादिक जीव की जो वचन-गुप्ति सु पाठ हैं॥१२१३॥

दोहा : संसकार तिनकौ कह्यौ, पद ताके सव होय।
ऐक कोटि फुनि लाष षट, वरनें हैं मुनि लोय॥१२१४॥
सप्तम आत्म-प्रवाद मैं, वरन्यौं आत्म-स्वरूप।
पद है कोटि छवीस तसु, वरनन अधिक अनूप॥१२१५॥

छंद गी० : अष्टम सु कर्म प्रवाद मैं सव कथन कर्मनि कौ कहैं।
उपसम उदैं सु उदीरणां फुनि निर्जरा अरु वंध हैं॥
पद कोटि यक परि लाष अस्सी जांनिऐ सव तिह तनैं।
फुनि पूर्व-प्रत्याष्यांन नवमैं कथन गुर अैसैं भनैं॥१२१६॥

दोहा : रूप-दर्व्य-परजाय कौ, प्रत्याष्यांन सुभाष।
वरन्यौ तिनकौ निश्चलन, पद चौरासी लाष॥१२१७॥

छंद गी० : विद्यान-वाद सु जांनिऐं, दसमैं सु मद्धि वषांनिऐं।
विद्या वड़ी सत पंच है, सप्त सै छोटी संच है॥१२१८॥
अष्टांगनि-मत जु ग्यान है, पद कोटि ग्यारह मांन है।
अव सुनहु पूरव ग्यारऊं, कल्यांन-वाद सु वरनऊं॥१२१९॥
चौवीस जो तीर्थेस है, चक्री जु वारह वेस है।
वलि वासदेव जु गाईऐ, प्रति वासदेव वताइऐ॥१२२०॥
नव नव कहे तिनकी कथा, सौधर्म इँद्र तनी यथा।
तिनु पुन्य की महिमां कही, पद कोटि छब्बीसहि सही॥१२२१॥
वारमां प्रांणावाद मधि, अष्टांगवैद-विद्या प्रसिधि।
गारुडी विद्या और है, फुनि जंत्र-मंत्रन वोर है॥१२२२॥
पद कोटि यक अव जांनिऐं, परि तीस लाष वषांनिऐं।
फुनि वाद-क्रिया विसाल है, तेरमौं पूरव भाल है॥१२२३॥
ता मद्धि वरनन छंद कौं, है अलंकार अमंद कौ।
व्याकर्ण आदि सु जांनिऐं, पद कोटि नव सव मांनिऐं॥१२२४॥

फुनि चौदातो[1] वरनन[2] यहै, गुर नांम तांकौ यह कहै।
भनि लोक विंदु जु सार है, मधि कथन अति विसतार है ॥१२२५॥
निरवांण के सुष कौ सवै पद कोटि वारह परि जवै।
पञ्चास लाष जु धारिये, दोऊ मिलाय विचारिये ॥१२२६॥

दोहा : उपाध्याय के गुननि[1] कौ, वरनन यह अभिराम।
अंग रु पूर्व पचीस सव, भिन-भिन तस नांम ॥१२२७॥

अथ साधु[1] गुन वर्नन

अठाईस गुण साध के, सोही मूल कहात।
तिनके नांम प्रत्येक[2] अव, सुणि लीजे हे भ्रात[3] ॥१२२८॥

सोरठा : प्रथम महाव्रत पांच, जांनि अहिंसा फुनि अनृति[1]।
है सतेय-वृत सांच, व्रंह्मचर्य आकिंचनौं ॥१२२९॥
सुमति पंच परकार, ईर्या भाषा एषणां।
प्रतिष्ठापनां सार, पंचम आदान्य षेपणां ॥१२३०॥
इँद्री पंच वरोधि, लोच करै केसनि तणी।
षट आवसिक सु सोधि, कहि आयो जैसैं करै ॥१२३१॥
वस्त्र रहित तन पेषि, वहुरि सनांन करै नही।
भुव परि सोवै देषि, दंत धवन नांहि करै ॥१२३२॥
भोजन षड़े करंत, एक वार निश्चै यहै।
तप करि कर्म हणंत, अठाईस गुण साधिऐ ॥१२३३॥

कुंडलिया : अरहत सिध आचार्य गुर, उपाध्याय अरु साध।
तिनकी सेवा करत भवि, पदई लहत अवाध ॥
पदई लहत अवाध, भये तिनके गुण सव ही।
इक-सत-त्रय-चालीस, विसरिए तिनहि न कव ही ॥

१२२५ : १ चौंदमों। २ पूरब।
१२२७ : १ गुननु।
१२२८ : १ साधके। २ प्रतेक। ३ भ्राति।
१२२९ : १ अनृत्य।

जिनके वंदत चरन, स्वर्ग सिव सुष-लहि हरिषत।
सोही वषता कहै, कर्म वसु मेरे अरिहंत ॥१२३४॥

दोहा : इक उतसरपणि काल मैं, तीर्थंकर चौंवीस।
तिनकै वारै यह कथन, कीन्हौं है गण ईस ॥१२३५॥
पंच[1] परमइष्टीन[2] कै, गुन वरने जग सार।
वषतरांम विधिवत तिन्हैं, नमि नमि वारंवार ॥१२३६॥
रे भवि इनके गुननु कौ, पार न पावत कोय।
पैं कछु यक गणधर कहे, ता माफिक ऐ जोय ॥१२३७॥

अथ श्रुत भेद[1] ग्यान द्वादसांग बांनी वर्नन

दोहा : भेद दोय श्रुत-ग्यांन के, इक तौ अंग प्रविष्ट।
अंग वाह्य दूजौ कहैं, श्रीगुर गुणधर सिष्ट[2] ॥१२३८॥

छंद : तामै अंग प्रविष्ट कहावत द्वादसांग जो वाणी।
ताके पद हैं अड़ब ऐक फुनि वारा कोडि वषांणी॥
तापैं लाष तियासी वहुरचौं सहस अंठावन कहिये।
ऊपरि पांच और यह संष्या ग्रंथन कै मति लहिऐ ॥१२३९॥
कहि आयो ग्यारह अंग ताके पद असैं गुर गावैं।
च्यारि कोडि[1] पंद्रह लषि ऊपरि दोय सहश्र बतावै॥
ऐक अंग के भेद अधिक हैं ताके पद सुनि[2] सांचैं।
इक सत आठ कोडि अठसठि लषि छपन सहस परि पांचै ॥१२४०॥

दोहा : ऐक अंग के भेद सुनि, पूरव और प्रगिप्ति।
सूत्र जोग प्रथमान फुनि, कही चूलिका सत्ति ॥१२४१॥
तामैं चौदह पूर्व जो, कहि आयो सो वांच।
तसु पद कोटि पिच्याणवै, लषि पचास परि पांच ॥१२४२॥
वहुरचौं पांच प्रगिप्ति है, तिनके पद इक कोटि।
लाष पिच्यासी[1] ऊपरैं, पांच सहस लैं जोटि ॥१२४३॥

१२३६ : १ पंचम। २ परमइष्टीनि।
१२३८ : १ भेद। २ श्रिष्ट।
१२४० : १ A कोटि। २ है।
१२४३ : १ इक्यासी।

छंद गीता : तामैं चंद्रप्रगिप्ति तणे पद लाष छतीस कहावै।
ऊपरि पांच सहस तसु वरनन ससि की आय वतावै॥
वहुरयौं गति फुनि विभव तासकौ ताकै मद्धि वषान्यौं।
दूजी सूर्यप्रगिप्ति[1] सु वरनन आय विभव गति जांन्यौं॥१२४४॥
पद लषि पांच तास कै ऊपरि तीन सहश्र वताऐ।
त्रितिय प्रगिति दीप सागर मैं दीप वदधि[1] वरनाऐ॥
ताके पद वांवन लषि ऊपरि सहस छतीस सुजांणौं।
चौथी जंवू दीप प्रगिप्ति सु जंवू-दीप वषांणौं॥१२४५॥
पद ताके हैं लाष तीन परि सहस पचीस विराजै।
है जु[1] विपाक प्रगिप्ति पंचमी ताके सुनि साव[2] साजै॥
तामैं रूपी आदि अरूपी षटदर्व्यंनु की गाथा।
पद है लष[3] चौरासी ऊपर सहस छतीस विष्याता॥१२४६॥

अथ सूत्र वर्नन

दोहा : सूत्र एक ताके कहैं, पद अठयासी लक्षि।
जिय करता जिय भोगता, वरनन यहै प्रतक्षि॥१२४७॥

अथ प्रथमांन[1] जोग वर्नन

है प्रथमांन सु जोग पद, पांच सहश्र पवित्र।
त्रस्ठि[2] सलाषा पुरिष[3] कौ, तामैं वरन चरित्र॥१२४८॥

चौपई : वहुरि चूलिका पांच वताई, ताके पद सव सुणिऐ भाई।
है दस कोटि लाष गुणचासैं, सहस छियासी[1] आठ प्रकासैं॥१२४९॥

दोहा : पद इक इक के जांनियौं, दोय कोटि नव लक्षि।
सहस निवासी दोय सै, सो गिनि कैं मन रक्षि॥१२५०॥
पांच कहि जो चूलिका, तामैं वरनन जांनि।
जल गति मैं जल वर्षणौं, मंत्र तंत्र फुनि मांनि॥१२५१॥

१२४४ : १ सूर्यगिप्ति।
१२४५ : १ उदधि।
१२४६ : १ जु not there। २ सव। ३ लक्षि।
१२४८ : १ प्रमांनु। २ त्रष्टि। २ पुरष।
१२४९ : १ छियाली।

थल गति मैं असैं कही, थोड़े काल मझार[1]।
वहु जोजन चालै वहुरि, मंत्र तंत्र उपचार ॥१२५२॥
इंद्रजाल गति मैं कह्यौ, इंद्र-जाल को भेद।
मंत्र जंत्र विद्या भगल, सो लषिऐ तजि षेद ॥१२५३॥
कही रूप गति चूलिका, मैं नर स्वर[1] स्यंघादि[2]।
धारन-हारे रूपके, मंत्र जंत्र तंत्रादि ॥१२५४॥
है अकास गति चूलिका, तामैं वरनन होय।
गगन गमन के मंत्र कौ, यहै पंचमी सोय[1] ॥१२५५॥
यह तौ अंग प्रविष्ट कौं, कीन्हौं कथन वनाय।
वषतरांम ताकौं नमैं, मन वच तन सिर नाय ॥१२५६॥
अंग वाह्य जो गुर कह्यौ, सुरत ग्यांन कौ भेद।
है प्रकीर्ण चौदह तणे, अक्षर सुणि तजि षेद ॥१२५७॥
आठ कोडि इक लाष है, आठ सहस सत ऐक।
धरहु पिचेहतरि ऊपरैं, गिणि करि अंक विवेक ॥१२५८॥
कहौं प्रकीर्णक चौदहौं, तिनके भेद कछूक।
सोहू भवि सुनि लेहु अव, तिनकौ सवै सलूक ॥१२५९॥
प्रथम प्रकीर्णक नांम है, सांमायक अतिसार।
तामैं सव वरनन कियो, सांमायक विसतार ॥१२६०॥
दूजो सतवन नाम है, ताकै मद्धि सतूति।
तीर्थंकर चौवीस की, वरनी महा अभूति ॥१२६१॥
वंदन कहिऐ तीसरो, तामैं सतूति जांनि।
इक तीर्थंकर की करी, सो लीजे पहिचांनि[1] ॥१२६२॥
चतु प्रतिकर्मण में कियो, दोष करण सव दूरि।
ताकौ है व्याष्यांन सव, अव सुनि पंचम भूरि ॥१२६३॥
नयक नांम वरनन सुनहु, दरसन ग्यांन चरित्र।
तप ऐ च्यारि प्रकार कौ, भाष्यौ विनय पवित्र ॥१२६४॥

१२५२ : १ मझारि।
१२५४ : १ सुर। २ सिंहादि।
१२५५ : १ जोय।
१२६२ : १ A पैंहचांनि।

छठौ है अति कर्म मैं, दीष्या सीष्या कर्म।
सप्तम दसवैकालिका, नांम तास सुनि भर्म ॥१२६५॥
वृक्ष कहे कुसमादि वहु, देस भेद सहु जांनि।
फुनि आचारज तीनु कौ, वरन्यौ है गुन-षांनि ॥१२६६॥
उत्तराध्ययन सु आठमौं, जति नु तर्णौं उपसर्ग।
सहि जो फल पावै कह्यौ, स्वर्ग वहुरि अपवर्ग ॥१२६७॥
नवां कल्प विवहार मैं, जति उपसर्ग सहै सु।
जोग्य वस्तु[1] कौं आचरं, सोही कथन कहै सु ॥१२६८॥
जो अजोग्य सेवै वसत, तौ प्राछित कौं लेय।
फुनि दसमो[1] कौ नांम यह, कल्पाकल्प कहेय ॥१२६९॥
जामैं जति श्रावक सवै, काल पाय आचर्ण।
जोग्य अजोग्य करै सु यह, कीन्हौं है सव वर्ण ॥१२७०॥

चौपई : महा कल्प ग्यारमौं वषांनौ, ता मधि वरनन[1] भवि[2] यह जांनौं।
दीक्ष्या सीष्या जती सुर्रनि[3] की, भांवना तमक यहै कथन की ॥१२७१॥
संसकार उत्तिम अरु अर्थ, गर्ण पोषर्ण दै आदि समस्थ।
वरन्यौं है सव ही अभिरांम, पुंडरीक द्वादसमौं नांम ॥१२७२॥

दोहा : जिह कारण अरु पुन्यतै, सुरपद[1] प्रापत[2] होय।
सो वरनन यामैं कियो, वहुरि तेरमौं जोय ॥१२७३॥
नांम महापुंडरीक है, वरनन तामैं ऐह।
कारण पुंनि[1] देवांगनां, पद प्रापत्ति कौ जेह ॥१२७४॥
कहि असीतिका चवदमौं, तामैं प्राछित वर्ण।
कियो तिन्है वहु विधि नमैं, वषता लषि तिनु चर्ण ॥१२७५॥
अंग वाक्य अक्षर कहे, जे तिनुकै अनुसार।
अव मुनिजन वरनन करैं, गृंथनि मांझि अपार ॥१२७६॥

१२६८ : १ A वस्त्र।
१२६९ : १ दशमां।
१२७१ : १ बरन। २ भविक। ३ A सुरन।
१२७३ : १ स्वरपद। २ प्रापति।
१२७४ : १ पुंन्य।

अथ ऐक पद का श्लोक की संष्या वर्नन

सोरठा : इक पद सिलोक होय, कोटि इक्यांवन आठ लष ।
सहस चौरासी[1] जोय, छहसं साढा वीस इक ॥१२७७॥
'अक्षर वतीस हजार[1],' लिषवा मैं स्याही लगै ।
पांच टांक अतिसार, भई पईसा ऐक भर[2] ॥१२७८॥

दोहा : इक पद की मण तीन सै, ऊपरि धरि उगणीस ।
वारा सेर सु टंक गिणि, आध पाव[1] तेईस ॥१२७९॥
कहैं तोल चालीस कै, पके पईसा जांनि ।
तिह अनुसारि सुजांनि यह, तोल सवै उर मांनि ॥१२८०॥
द्वादसांग वांणी सकल, अंग प्रविष्ट रु वाह्य ।
ताकौं स्याही जो लगं, सो सुणि भवि करि ग्राह्य ॥१२८१॥

कवित : पैंतीस हजार नौ सै पिच्यांणवै[1] कोटि तापैं,
लाष धरि तीन तीस वहुरचौ कहत है ।
ऐकसौ कै ऊपरि धरहु साढा अठाईस,
ऐते मण तापं टांक ड्योढ़ जो चहत हैं ।
द्वादसांग[2] वाणी कौं लगत ऐती स्याही तोल,
चालीस कै ताकौ परमांण यौं लहत[3] हैं ।
श्री जिनेंद्र मुष तै षिरी जो गणधर गूंथी,
सोही वांणी जयवंती जग मैं रहत हैं ॥१२८२॥

कुंडलिया : श्री जिनवर मुष तें षिरी, वांणी अगम अपार ।
ताकै भागि असंषिवैं, झेली गणधर सार ॥
झेली गनधर ताहि, आप कहि सक्यौ नही सव ।
कही जु संष्या रूप, धरी श्रुत-ग्यान मद्धि तव ॥
ताही कै अनुसारि, कियो वरनन सव मुनिवर ।
वषतरांम नमि जगत, कहैं भाषित श्री जिनवर ॥१२८३॥

१२७७ : १ चुरासी ।
१२७८ : १ 'एक हजार ।' २ भरि ।
१२७९ : १ A अष्टमांस ।
१२८२ : १ अठयाणवै । २ द्वादशांग । ३ कहत ।

दोहा : द्वादसांग वांणी रहौ, जयवंती जग सिद्धि।
वषतरांम कौ दीजिए, भव भव मांझि सुबुद्धि ॥१२८४॥

अथ श्रावग क्रिया वर्नन†

अरिल : क्रिया एक सौ आठ जु गरभाधान तैं,
मुक्ति पहूंचै तब लौं कही प्रमांन तैं।
विधि पूजा जिन मंत्र सु करि सरधांन मैं,
कीज्यौ विधिपूर्बक लषि आदि पुरान मैं ॥१२८८॥†

दोहा : श्रावग कुल मैं गर्भ तैं, उत्सव आदि कितेक।
ग्रंथ बधै तातैं क्रिया, बरनी नहीं प्रतेक ॥१२८९॥†
पंथ बड़े मधि ग्रंथ अति, लहौं[1] कौंन विधि पार।
कछु यक[2] यह संछेप[3] सौ, वरन्यौं वरनन सार ॥१२८५॥

अथ चौदह विद्या वा चौदह रतन कविता मैं प्रसस्त धरैं तिनके नांम वर्नन

दोहा : वरनत कवि विद्या रतन, कविता मैं अभिरांम।
चौदह चौदह आदि द्विज, तिनके सुनिएैं नांम ॥१२८६॥
सर तिर अक्षिर[1] वैद्य[2] सुर, तंत्री नट कवि गांन।
तंत्र रसांयन[3] अश्व धन, तनसुध विद्या जांन[4] ॥१२८७॥
लक्ष्मी रंभा वैद्य[1] विष, सुरा सुधा द्रुम वाज।
संष धनुष चौदह रतन, गो मनि गज इँदराज ॥१२८८॥

अथ कलिकाल दोष करि उपद्रव वर्नन

चौपई : 'संवत अठ्ठारह सै गये[1]', ऊपरि जकैं अठारह[2] भये।
तव इक भयो तिवाडी स्यांम, डिंभी अति[3] पाषंड कौ धांम ॥१२८९॥

१२८५ : १ लहै। २ कछु। ३ संक्षेप।
१२८७ : १ अक्षर। २ A वैंद। ३ रसायनि। ४ जांनि।
१२८८ : १ A वैंद।
१२८९ : १ 'संबत जबै अठारह भए'। २ अठारहसै। ३ महावुष्ट।

---

†In B only as 1288 and 1289.

त्वछ अधिक[1] द्विज सब तैं घाटि, दौरत[2] हौ साहनकी[3] हाटि।
करि प्रयोग राजा[4] वसि कियौ, माधवेस[5] नृप गुर पद दियौ ॥१२६०॥
गलता वालानंद दै आदि, 'रहे झांकते बैठे वादि'[1]।
सब कौ ताहि सिरोमनि कियौ, फुनि[2] वैसनू[3] राज पद दियौ ॥१२६१॥
लियौ आचमन पाव पषार[1], सौंप्यौ ताहि राज सब भार।
दिन कितेक वीते हैं जबैं, महा उपद्रव कीनौं तबैं ॥१२६२॥
हुकम भूप कौ लैकै चाहि, निसि जिमाय देवल दिय ढाहि।
'अमल राज कौ जैंनी जहां, नांव न ले जिनमत कौ तहां'[1] ॥१२६३॥

सोरठा : अंबावति मैं ऐक, स्यांम[1] प्रभूकै[2] देहुरै।
रही धर्म की टेक, वच्यौ सुं जान्यौं चमतक्रत ॥१२६४॥

चौपई : कोऊं आधो कोऊ सारो, वच्यौ जहां छत्री रषवारो।
काहूमैं सिवमूरति धरि दी, अैसैं मची स्यांम की गिरदी ॥१२६५॥

चौपई : और देव देवी रषिपाल[1], भट्टारक जतिवर सु विसाल।
तेरहपंथी ढूंढ्या अवैं, फुनि सहु भेष ग्रहस्थ हू सबै ॥१२६६॥
स्वेतांवर पंडित है[1] आदि, 'होणहार वसि ह्वै कै वादि'[2]।
काहू तैं न इतीहू करी[3], फटकारे तैं 'षल मति हरी[4]' ॥१२६७॥
निज मत भिष्ट करै जो कोय, ताहि विगारें अघ नहि होय।
काहू देवन धारी भेष, ताकौ[1] फल कछु दियो विसेष ॥१२६८॥
अकसमात कोप्यौ नृप भारो,[1] दियो दुपहरां देस निकारो।
दुपटा धोति धरैं द्विज निकस्यौ, तिय जुत पाय न लषि जग विगस्यौ ॥१२६९॥

१२६० : १ हुतौ। २ दौडि षात। ३ चौठी। ४ राज। ५ A माधवंस।
१२६१ : १ 'सबै भ्रष्ट करिडारे वादि'। २ फुनि not there। ३ बईसनूं।
१२६२ : १ पषरि।
१२६३ : १ 'जहां अमल राजा कौ चेत। तहां जैनि कोऊं नांव न लेत' ॥१२६८॥
१२६४ : १ सांव। २ लातणौं।
१२६६ : १ रक्षपाल।
